दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 226 जयपुर | शुक्रवार, 20 जून, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष नवमी संवत्-2082 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# जयपुर में तेज बारिश से सड़कों पर बहने लगी नदी

## 9 शहरों में झमाझम, पुलिस थाना-हॉस्पिटल में पानी भरा; कल 28 जिलों में बरसात का अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** राजस्थान में मानसून की एंट्री के साथ ही तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। जयपुर, कोटा, बांसवाड़ा, जालोर, बूंदी, झालावाड़, टोंक, भीलवाड़ा, पाली सहित कई जिलों में गुरुवार को तेज बारिश हुई। जयपुर में सड़कों पर नदी की तरह पानी बहने लगा। चौमूं पुलिस थाने में करीब एक फीट तक पानी भर गया।

बूंदी के सरकारी हॉस्पिटल और भीलवाड़ा में शाहपुरा पुलिस चौकी में पानी भर गया। बांसवाड़ा में ट्रैक्टर सहित ड्राइवर नदी में बह गया। उसकी तलाश जारी है। झालावाड़ में सुबह 11 बजे मानसून की पहली तेज बारिश हुई। इससे सडकें लबालब हो गईं।

जालोर में गुरुवार सुबह 6 बजे के आसपास 20 मिनट तक रुक-रुककर अच्छी बारिश हुई। जालोर जिले में पिछले 24 घंटों में औसत 6.7 एमएम बारिश हुई है।

पिछले 24 घंटे के दौरान जयपुर के फुलेरा में 113एमएम(4 इंच से ज्यादा) बारिश हुई। प्रतापगढ़, बूंदी, भीलवाड़ा समेत कई जगहों पर 2 से लेकर 4 इंच तक पानी बरसा। तेज बारिश से इन शहरों में बरसाती नालों और नदियों में भी पानी बहने लगा। दूसरी तरफ जैसलमेर में



गुरुवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने शुक्रवार को 28 जिलों में हल्की से मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

### जयपुर में जमकर बरसा पानी

जयपुर में गुरुवार दोपहर से ही बारिश का दौर शुरू हो गया। सांगानेर, फागी, माधोराजपुरा, चाकसू समेत कई जगह बारिश हुई। चौमूं में 45, जोबनेर-मोजमाबाद में 20-20, जालसू में 12, सांभर में 46, फुलेरा में 113 और जमवारामगढ़ में 30एमएम बारिश दर्ज हुई। जयपुर शहर में भी कई इलाकों में तेज बारिश से स?कों पर पानी भर गया, जिससे ट्रैफिक संचालन प्रभावित रहा। पिछले 24 घंटे के दौरान झालावाड़, कोटा, बारां, बूंदी, उदयपुर, भीलवाड़ा, टोंक, जयपुर, अजमेर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा समेत अन्य कई जिलों में अच्छी बारिश हुई।

### पश्चिमी जिलों में तेज गर्मी

जैसलमेर, फलोदी, बीकानेर और श्रीगंगानगर में तेज गर्मी रही। यहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। गुरुवार को सबसे ज्यादा गर्मी जैसलमेर में रही। यहां अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 42.3, बीकानेर-फलोदी में 42.2, बा?मेर में 39.8 और चूरू में 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

---

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी मिली

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चिकित्सकों ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''उन्हें पेट में संक्रमण के कारण भर्ती कराया गया था, जिसे दवाओं से नियंत्रित कर लिया गया है। उनकी हालत में सुधार हुआ है और अस्पताल



बाहर रहते हुए उनकी सेहत पर निगरानी रखी जाएगी।कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के उपचार के बाद बृहस्पतिवार को सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने यह जानकारी दी।बीते 15 जून को 78 वर्षीय सोनिया गांधी को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है। उन्होंने कहा, ''उन्हें छुट्टी दे दी गई है और अस्पताल से बाहर रहते हुए उनका उपचार जारी रहेगा।'' डॉ. एस नंदी और डॉ. अमिताभ यादव सहित सोनिया का उपचार करने वाले वरिष्ठ चिकित्सकों ने कहा कि उन पर इलाज का अच्छा असर हुआ है। चिकित्सकों ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''उन्हें पेट में संक्रमण के कारण भर्ती कराया गया था, जिसे दवाओं से नियंत्रित कर लिया गया है। उनकी हालत में सुधार हुआ है और अस्पताल बाहर रहते हुए उनकी सेहत पर निगरानी रखी जाएगी।'' उन्हें पिछले रविवार को अस्पताल के उदर एवं आंत्रशोध विभाग विभाग में भर्ती कराया गया था।

### थरूर बोले- कांग्रेस लीडरशिप के कुछ लोगों से मतभेद

बढ़ता राजस्थान

**तिरुवनंतपुरम ( एजेंसी )।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर गुरुवार को तिरुवनंतपुरम पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से बात की।कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि पार्टी के कुछ नेताओं के साथ उनके मतभेद हैं।



थरूर गुरुवार को तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वे लोग कौन हैं, जिनके बारे में मैं बात कर रहा हूं। उन्हें आप (मीडिया वाले) अच्छे से जानते हैं क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक डोमेन में हैं।थरूर ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके सिद्वांत उन्हें पसंद हैं। 16 साल तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वे उन्हें अपना करीबी दोस्त और भाई मानते हैं।हालांकि थरूर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनके मतभेद नेशनल स्तर के नेताओं के साथ हैं या राज्य स्तर के। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने संकेत दिया कि उपचुनाव के नतीजों के बाद वह इन मतभेदों के बारे में बात कर सकते हैं। केरल की नीलांबुर विधानसभा सीट पर गुरुवार को उपचुनाव हो रहे हैं। इन चुनावों के लिए प्रियंका गांधी भी प्रचार के लिए गई थीं। जब थरूर से पूछा गया कि, वे चुनाव अभियान में शामिल क्यों नहीं हुए, तो उन्होंने जवाब दिया कि उन्हें इसके लिए इनवाइट नहीं किया गया था।

---

# परकोटे को छोड़ पूरे जयपुर में ई-रिक्शा बैन

## अब नए मार्गों पर चलेंगे टैंपो, रामबाग चौराहे के तर्ज पर शहरभर में लगेंगे इलूमिनेशन पोल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जयपुर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए गुरुवार को जेडीसी आनंदी की अध्यक्षता में ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्रिवेणी नगर आरओबी से गोपालपुरा बाईपास तक एलिवेटेड रोड निर्माण को मंजूरी दी गई है। शहर में 8-10 सीटर टेम्पो और चौपहिया वाहनों के नए रूट शुरू किए जाएंगे। वहीं परकोटे को छोड़ कई पुलियाओं और ओवरब्रिज पर ई-रिक्शा और ई-कार्ट के संचालन पर रोक लगाई गई है।

### ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में हुए अहम फैसले

त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर



की थ?ी के पास गोपालपुरा बाईपास पर एलिवेटेड रोड निर्माण की जीएडी का अनुमोदन टीसीबी द्वारा भी किया गया।बीलवा चौराहे से खोले के हनुमान जी मंदिर तक टेम्पो 8-10 सीटर चौपहिया वाहनों के लिए नए मार्ग खोले जाने और स्कोप निर्धारण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।महापुरा से जीवन रेखा अस्पताल और सरना डूंगरी औद्योगिक क्षेत्र से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन तक तक 8-10 सीटर टेम्पो चौपहिया वाहनों के नए मार्ग खोले जाने के स्कोप निर्धारण का प्रस्ताव मंजूरी किया गया।अजमेर रोड पर पुरानी चुंगी नाका से प्रस्तावित हीरापुरा बस टर्मिनल तक, आगरा रोड घाट की घूणी से 52 फीट हनुमान जी तक, दिल्ली रोड रामगढ़ मोड से आमेर घाटी दिल्ली रोड पर, मैट्रो स्टेशन मानसरोवर से 200 फीट बाई पास अजमेर रोड पर और जयपुर शहर के ओवर ब्रिज भारत जोड़ों सेतु, अजमेर पुलिया, टोंक रोड पुलिया, गोपालपुरा पुलिया, दुर्गापुरा पुलिया, सांगानेर पुलिया पर जयपुर शहर के ई-रिक्शा - ई-कार्ट संचालन को प्रतिबंधित किए जाने का अनुमोदन किया गया।

---

# आने वाले समय में अंग्रेजी बोलने में शर्म आएगी

## भाषा विवाद के बीच गृहमंत्री अमित शाह ने ऐसा क्यों कहा?

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश का कालखंड घनघोर अंधेरी रात्रि जैसा था, तब भी भक्ति साहित्य ने हमारे धर्म, स्वतंत्रता और संस्कृति के दीयों को जलाकर रखा था... साहित्य एक प्रकार से हमारे समाज की आत्मा है... आज हम सभी को देश में परिवर्तन दिख रहा है... मुझे विश्वास है कि 2047 तक यह यात्रा निश्चित रूप से हमारे सभी प्रकार के खोए हुए गौरव और समाज को वापस दिलाने का काम करेगी।

भाषा विवाद के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक और मोर्चा खोलते हुए कहा कि देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में बोलते हुए गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देशी भाषाएं भारत की पहचान के लिए केंद्रीय हैं और उन्हें विदेशी भाषाओं पर वरीयता मिलनी चाहिए। शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आने लगेगी - ऐसे समाज का निर्माण अब दूर नहीं है। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं रह सकते।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश का कालखंड घनघोर अंधेरी रात्रि जैसा था, तब भी भक्ति साहित्य ने हमारे धर्म, स्वतंत्रता और संस्कृति के दीयों को जलाकर रखा था... साहित्य एक प्रकार से हमारे समाज की आत्मा है... आज हम सभी को देश में परिवर्तन दिख रहा है... मुझे विश्वास है कि 2047 तक यह यात्रा निश्चित रूप से हमारे सभी प्रकार के खोए हुए गौरव और समाज को वापस दिलाने का काम करेगी।

---

# राजस्थान में नए शैक्षणिक-सत्र तक टीचर्स के ट्रांसफर नहीं होंगे

## शिक्षामंत्री बोले- डिजायर के आधार पर ट्रांसफर की बात फर्जी, उचित समय पर देंगे जवाब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में ट्रांसफर का इंतजार कर रहे टीचर्स का इंतजार थोड़ा और बढ़ गया है। नए शैक्षणिक सत्र से पहले प्रदेश में टीचर्स का ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही राजस्थान में विधायकों से टीचर्स के ट्रांसफर को लेकर किसी तरह की डिजायर नहीं मांगी गई है। इस तरह के सभी मामले फर्जी है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को शिक्षा संकुल में मीडिया से



बातचीत के दौरान यह दावा किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- राजस्थान में फिलहाल टीचर्स के ट्रांसफर को लेकर कोई तैयारी नहीं है। विधायकों से टीचर्स के ट्रांसफर को लेकर कोई डिजायर नहीं ली गई है। यह सभी फर्जी मामले हैं। हमारे पास ट्रांसफर को लेकर लगातार आवेदन आते रहते हैं। हम उचित समय पर उसका निस्तारण करेंगे। इस दौरान जब शिक्षा मंत्री से पूछा गया कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने में महज कुछ दिनों का ही वक्त बचा है।

---

# नेतन्याहू बोले- ईरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई भी महफूज नहीं

## जंग में 639 ईरानी, 24 इजराइलियों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**तेहरान/तेल अवी ( एजेंसी )।** ईरान और इजराइल के बीच जंग सातवें दिन में पहुंच गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि ईरान में अब सुप्रीम लीडर खामेनेई सहित कोई भी अब महफूज नहीं है। इससे पहले दिन में उन्होंने कहा था कि हम ईरान से इजराइल पर हमले की पूरी कीमत वसूलेंगे।इससे पहले इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि खामेनेई मॉडर्न हिटलर हैं। काट्ज ने कहा, खामेनेई जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिए इजराइल को खत्म करना चाहा है। नेतन्याहू और रक्षा मंत्री काट्ज का यह बयान आज सुबह इजराइल के चार शहरों- तेल अवीव, बीर्शेबा, रमत गण और होलोन पर ईरान के मिसाइल हमले के बाद आया है। ईरान ने 30 मिसाइलें दागीं, जिनमें 7 मिसाइल तेल



अवीव स्थित इजराइली स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, बीर्शेबा में एक अस्पताल सहित कई जगहों पर गिरीं।इन हमलों में 176 लोग घायल हुए हैं। 6 लोगों की हालत गंभीर है। इजराइली डिफेंस सिस्टम ने बाकी मिसाइलों को गिरने से रोक दिया। इजराइली क्क्रू बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हम ईरान से इजराइली नागरिकों और अस्पतालों पर हमले की पूरी कीमत वसूलेंगे।अब तक इजराइल के 24 लोग मारे गए हैं। वहीं, वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 639 हो चुका है और 1329 लोग घायल हुए हैं।






सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर ( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि[illegible]बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# मानसून की पहली बारिश में शाहपुरा जलमग्न

## बस स्टैंड, दुकानों और पुलिस चौकी में भरा पानी

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा में गुरुवार को मानसून की पहली भारी बारिश ने शाहपुरा शहर को तरबतर कर दिया। दो घंटे की लगातार मूसलधार बारिश से शहर के मुख्य बस स्टैंड, आसपास की दुकानें और पुलिस चौकी जलमग्न हो गई। अचानक हुई तेज बारिश से नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा, जिससे आमजन को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रामद्वारा के बाहर दुकानों में बाजार क्षेत्र की कई दुकानों में पानी घुस गया, जिससे व्यापारियों को नुकसान हुआ।

पुलिस चौकी में भी पानी भरने से कुलर पलंग पानी में तैरते हुए कर्मचारियों को कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश से जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर जलभराव की समस्या ने नगर परिषद की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# डॉ. पूरणमल बुनकर का डॉ. कलाम लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड के लिए चयन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (नि.स.) ।** ख्वाब फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन 'डॉ. कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस 7.0' का आयोजन 26 से 28 जुलाई, 2025 को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के ऑडिटोरियम में होने जा रहा है। इस सम्मेलन में बिदारा निवासी समाज सेवी डॉ. पूरणमल बुनकर का चयन डॉ. कलाम लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड के लिए हुआ है, जो उनके समाज में योगदान को दर्शाता है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण सत्र होंगे, जिनमें से पहले दिन जयपुर यूथ डायलॉग पर केंद्रित होगा। इसमें युवा तकनीक, समूह चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

दूसरे दिन सामाजिक कार्यों में विशेष योगदान देने वाले कर्मयोगियों को सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मेलन में बिहार के सभी 38 जिलों से 38 कर्मयोगियों और देश के 28 राज्यों से 28 कर्मयोगियों को कलाम यूथ लीडरशिप अवॉर्ड-2025 से नवाजा जाएगा। इसके अलावा, जो व्यक्ति 10 वर्षों से अधिक समय से समाज को मजबूत करने में निरंतर योगदान दे रहे हैं, उन्हें डॉ. कलाम लाइफ टाइम एचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के गांव बाबरिया में सरपंच कार्यालय पर गुरुवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 55 वां जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान गांव के गणमान्य लोगों द्वारा राहुल गांधी के नाम से 55 वर्ष का केक काटा गया और आतिशबाजी की गई।

साथ ही शपथ ली गई की आगामी लोकसभा चुनाव में राहुल गाँधी के नेतृत्व में सरकार बनानी हैं और बीजेपी की अराजक सरकार को उखाड़ फेंकना है। और इस अवसर पर महेश रावत सरपंच प्रतिनिधि, समाजसेवी कुशल देव यादव,मुकेश गुर्जर, राजेश मौर्य, मनीष मीणा, कपिल गुर्जर, सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# आचार्य मणिभद्र सूरीश्वर महाराज का 53 वां संयम दिवस मनाया

## दादाबाड़ी में खुले ज्ञान वाटिकायें : मणिभद्र सूरीश्वर महाराज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा. के 53 वें संयम जीवन वर्ष में पदार्पण के इस अलौकिक अध्यात्म यात्रा का आज हर्षोल्लास के साथ मनाया। श्रावको ने कहा कि खरतरगच्छ को गुरूदेव की निश्रा में जो विशाल विस्तार एवं चारों दादा गुरुदेव की असीम कृपा भक्तों ओर गच्छ अनुयायियों पर बरसा कर सधर्म की धारणा कर रहे हैं वह अतुलनीय है। आज उदयपुर में गुरुदेव के संयम जीवन वर्ष को संयम, तप और त्याग के रूप में मनाने के लिए एक नियमावली गुरुदेव को समर्पित खरतरगच्छ महिला परिषद की बहिनों और खरतरगच्छ युवा परिषद भाइयों ने नियम लिए गुरुदेव ने ध्यानपूर्वक सुना तथा अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

महिला परिषद की अध्यक्षा श्रीमती वन्दना गन्ना ने इस अवसर पर सुंदर व मधुर कंठ से गुरु निष्ठा पर गीत गा कर उपस्थित भक्तों का मन मोह लिया । जिन धर्म , गच्छ और गुरुदेव के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा को प्रकट किया। गुरुदेव ने शुभाशीर्वाद देते हुए बताया कि अपने को शीघ्र ही दादावाड़ी में ज्ञान वाटिका शुरू करनी चाहिए। परिषद की वंदना, सुषमा तथा अनिता सिरोया ने तथा युवा परिषद के रमेश गन्ना, सुभाष महात्मा ने पूरा सहयोग देने के लिए सहमति दी। इसके लिए ट्रस्ट मंडल तथा सभी धर्मानुरागी भाई बहिनों का सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश व रायपुर बह से गुरु भक्त भी मौजूद रहे। आज की विहार सेवा का पुण्यार्जन युवा परिषद के बिट्ठू खाबिया ने लिया।

# निवाई-ललवाड़ी रोड पर घटिया निर्माण से पुरानी सड़क पर नई के बहाने लीपापोती, राहगीर परेशान, उच्चस्तरीय जांच की मांग

बढ़ता राजस्थान

**टोंक/निवाई (का.स.)।** उपखण्ड क्षेत्र के ललवाड़ी रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितताएं बरती जा रही हैं, जिससे चैनपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के भावता, भावती, मौजा और अन्य गांवों के लोगों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस घटिया निर्माण की उच्च स्तरीय जांच और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा भविष्य में बड़े जानलेवा हादसों की आशंका जताई है।

यह निर्माण कार्य प्रशांत बैरवा पूर्व विधायक के फार्म से ललवाड़ी की ओर जाने वाले डामरीकरण सड़क मार्ग पर चल रहा है और यह सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीन है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा पुरानी डामर सड़क को बिना हटाए ही उस पर नई सड़क बनाई जा रही है। इससे सड़क की नींव कमजोर हो रही है और इसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। शिकायत के अनुसार, सड़क निर्माण में बीएमडबल्यू पीसीसी (अर्थात संभवतः पी क्यू सी - पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट या बिटुमिनस मिक्सचर वर्क सहित कई महत्वपूर्ण सुरक्षा और मजबूती से जुड़े कार्यों में भी भारी अनियमितता बरती जा रही है। इन सुरक्षा मानकों की अनदेखी से सड़क की उम्र कम होने के साथ-साथ वाहनों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है। ग्रामीणों में सुदामा जाट, बुद्धिप्रकाश, रामेश्वर, कमल, शिवराज सहित अन्य लोगों ने इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस घटिया निर्माण को नहीं रोका गया और उचित गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की गई, तो यह सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है और लोगों के जीवन को सीधे खतरे में डाल सकती है। क्षेत्रीय निवासियों ने पी डब्लूयु डी अधिकारियों से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही को रोका जा सके और जनता के लिए सुरक्षित और मजबूत सड़कों का निर्माण हो सके। देखना यह होगा की आनेवाले समय में प्रशासन क्या कार्यवाही करता है और आमजन को किस तरह लाभ पहुंचेगा ।



# कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने डेम्परोड पर खारी नाले का निरिक्षण किया.....

## बारिश के बाद कलेक्टर ने खारी नाले के पास की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया...

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** शहर में मानसून की पहली अच्छी बारिश को लेकर सांय को नगर परिषद की टीम के साथ कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने शहर की सफाई व्यवस्था एवं खारी नाले का निरीक्षण कर नगर परिषद के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

एसडीम एवं कार्यवाहक आयुक्त हेमराज गुर्जर ने बताया कि शहर में एक दिन पूर्व मानसून की अच्छी बारिश होने से सांय को कलेक्टर नीलाभ सक्सैना, नेडेम्परोड पर खारी नाले के सफाई कार्य का लिया जायजा। तत्काल प्रभाव से खारी नाले और नालियों की पूर्णतया सफाई कराने के दिए निर्देश दिये। कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने एसडीम एवं कार्यवाहक आयुक्त नगर परिषद हेमराज गुर्जर व नगर परिषद के अधिकारी प्रेमराज मीना, सहायक अभियंता अरविंद कुमार, राजीव कुमार,केशव कुमार,कनिष्ठ अभियंता टीना शर्मा के साथ कटला बाजार,खारी नाला, भायलापुरा, केशवपुरा एवं खरैटा रोड की पुलिया की पर पानी निकासी की व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई व्यवस्था एवं पानी के निकासी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बारिश मेड्रेनेज सिस्टम सुधार कर जलभराव की समस्या से लोगों को निजात दिलाने की बात कही। नगर परिषद के लेखा अधिकारी प्रेमराज मीना ने कलेक्टर नीलाभ सक्सेना को जलसैन के पाल के पास क्षतिग्रस्त सपाट पर मिट्टी के कट्टे भरवा कर मरम्मत कराया है। सीताबाड़ी के सिवा बाड़ी मंदिर से लेकर खरेटा रोड की पुलिया तक वाटर लेवल बनाने के लिए नाले की बड़ी जेसीबी मशीन से खुदाई कार्य शुरू कर दिया है। बारिश का पानी शहर के बाजारों का पानी खारी नाले के माध्यम से आसानी से निकल सके। इसके अलावा अन्य कॉलोनी में जल भराव की स्थिति से भी निजात मिलेगी। इस बार बारिश में गत वर्ष जैसी पानी निकासी की परेशानी नहीं आएगी।



# गौवंश पर तेजाब हमला : दर्दनाक घटना से ग्रामीणों में आक्रोश



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.) ।** कस्बे के भांकरी रोड़ स्थित केनरा बैंक के सामने और ग्राम टसकोला में दो गौवंश पर तेजाब हमले की दर्दनाक घटना सामने आई है। दोनों गौवंश पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने तेजाब फेंका, जिससे उनकी पीठ और गर्दन झुलस गई। ग्रामीणों ने जब इस घटना की सूचना पशुधन निरीक्षक गोविन्द भारद्वाज को दी, तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों गौवंश का उपचार किया। पशुधन निरीक्षक गोविन्द भारद्वाज ने बताया कि दोनों गौवंश पर तेजाब फेंकने से उनकी पीठ और गर्दन झुलस गई है। उन्होंने दोनों गौवंश पर लाल दवा का छिड़काव कर ड्रेसिंग की और उनका उपचार किया। भारद्वाज ने बताया कि गौवंश की हालत अब स्थिर है, लेकिन उन्हें अभी भी देखभाल की आवश्यकता है। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस इस मामले की जांच करे और दोषी व्यक्ति को पकड़कर कड़ी कार्रवाई करे। ग्रामीणों ने बताया कि गौवंश की सुरक्षा के लिए प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

# अंजली सैनी राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन (रजि.) युवा प्रकोष्ठ की निवाई ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** फार्मासिस्ट अंजलि सैनी को राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिऐशन (रजि.) युवा प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है।

प्रदेश कार्यालय मंत्री प्रदीप महावर में बताया कि राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिऐशन (रजि.) के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार सेन एवं युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत मिश्रा की सहमति से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दत्तवास में कार्यरत फार्मासिस्ट अंजलि सैनी को युवा प्रकोष्ठ का निवाई ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने अंजलि सैनी को पद का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से करते हुए राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिऐशन (रजि.) की रीती नीतियों को जन जन तक पहुंचाने, कर्तव्य एवं निष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 15 दिवस में ब्लाक कार्यकारिणी घोषित करने के भी निर्देश दिए हैं।



# विधानसभा क्षेत्र के गाँवों में गहराया पानी का संकट : राकेश दायमा

## क्या गंभीर है सरकार, जलजीवन मिशन कहाँ !

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के बजदीकी गाँव बामनवास कांकड़ में जल संकट गहरा गया है। बानसूर के किरोड़ी लाल के नाम से जाने-जाने वाले समाजसेवी एवं ओबीसी प्रकोष्ठ के स्टेट कॉर्डिनेटर और युवा कांग्रेस नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में जलदाय विभाग के दफ़्तर के सामने खाली मटके फोड़े गए। युवा नेता राकेश दायमा ने बताया कि ज़ब हर घर जल नल परियोजना विधानसभा क्षेत्र में क्यों लागू नहीं हो रही। आखिर इसमें ऐसा कौनसा पेच अटक गया।कहाँ है हर घर जल क्या जल जीवन मिशन फेल हो गया है। उन्होंने सैकड़ों महिलाओं के साथ ज्ञापन भी जलदाय विभाग के अधिकारियों को सौंपा। उन्होंने कहा कि इस राज में कौन सुनने वाला है!उन्होंने सैकड़ों महिलाओं के बीच ख़राब पड़ी पानी सप्लाई की लाइनों को दुरुस्त क़रने सहित पेयजल के लिए पानी के टेंकर भिजवाने की मांग की है। वहीं ग्राम बामनवास कांकड़ की महिलाओं ने बताया कि हमें दूरदराज से पानी लाना पड़ता है!पशुओं सहित अन्य कार्यों के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है। इस मौके पर युवा कांग्रेस नेता राकेश दायमा सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।उधर जलदाय विभाग के अधिकारीयों ने कहा कि वैकल्पिक तौर पर पानी के टेंकर भिजवाए जाएंगे तथा ख़राब पड़ी पाईप लाईनों को दिखाया जाएगा और मरम्मत की आवश्यकता हुई तो मरम्मत भी करवाई जाएगी।



# शाहपुरा में राहुल गांधी व एडवोकेट अखिल व्यास का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया




बढ़ता राजस्थान

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा (बनेड़ा विधानसभा)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वह एडवोकेट अखिल व्यास का जन्मदिन शाहपुरा के पशुपतिनाथ गौशाला बस स्टैंड पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गायों को गुड़ हरा चारा खिलाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रेगर के नेतृत्व में आयोजित समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर व्यास को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश सेन, वरिष्ठ नेता नारायण गाडरी, अजय मेहता, नमन ओझा, पार्षद इकबाल खान, जयंत जीनगर, सत्यनारायण सुवालका, सुनील मिश्रा, पप्पू कुमार जैन, माधु लाल रेगर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने अखिल व्यास के सामाजिक कार्यों और संगठन में योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राहुल गांधी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.) ।** एनएसयुआई जिलाध्यक्ष व प्रदेश महासचिव राजेंद्र यादव के नेतृत्व में पावटा उपजिला अस्पताल एवं कोटपूतली बीडीएम जिला अस्पताल में गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 55 वें जन्मदिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में अनेक युवाओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। एनएसयुआई जिलाध्यक्ष व प्रदेश महासचिव राजेंद्र यादव ने रक्तदान करने वाले युवाओं की सराहना की और कहा कि यह एक बहुत ही अच्छा कार्य है जिससे जरूरतमंद लोगों की आपातकालीन समय में रक्त देकर जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिवस पर इस तरह का आयोजन करना एक अच्छा तरीका है उनके प्रति सम्मान प्रकट करने का। विनय किराड़ ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह एक ऐसा कार्य है जिससे किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि वे रक्तदान के लिए आगे आएं और समाजसेवा में अपना योगदान दें। इस अवसर पर अनेक लोग मौजूद रहे जिन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान हमेश पटेल, लोकेश आर्य, मनोज सैनी, महेश हुल्डा, अंकित वर्मा, आशीष चौधरी, विनोद सैनी भौनावास, विष्णु धानका राजनौता, मुकेश यादव, आशीष यादव, विक्रम यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



# "योग संगम 2025" का जयपुर के जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान करेगा ऐतिहासिक आयोजन

## योग से स्वस्थ रहने ओर योग संगम का आमजन को संदेश देने के लिय राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा 'रन फॉर योगा' का आयोजन किया गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (मानद विश्वविद्यालय), जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ''योग संगम'' का भव्य आयोजन 21 जून को जयपुर के ऐतिहासिक स्थल जंतर-मंतर पर किया जाएगा। इस विशेष आयोजन में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में अध्ययनरत देश के सभी राज्यों से आए विद्यार्थियों के साथ अन्य देशों के विद्यार्थी भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। यह आयोजन भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक मंच पर स्थापित करने और आयुर्वेद व योग के समन्वित स्वरूप को प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग से स्वस्थ रहने ओर योग संगम से अधिक से अधिक आमजन को जोड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा गुरुवार को प्रातः 5:30 बजे 'रन फॉर योगा' का आयोजन किया गया। 'रन फॉर योगा' राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (जोरावर सिंह गेट) से प्रारंभ होकर बड़ी चौपड़ होते हुए पुनः संस्थान परिसर में समापन हुआ। संस्थान परिसर में सामूहिक योगाभ्यास एवं जुम्बा डांस भी किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सक, शिक्षक, अधिकारी कर्मचारी और विद्यार्थीयो ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, यह जीवन का दर्शन है। यह समग्र स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आत्मिक उन्नयन का मार्ग है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ओर आयुष मंत्रालय की पहल पर देश के साथ पूरे विश्व में हमारे 'स्वस्थ एवं निरोगी जीवन' के लिये सभी लोग योग के इस महासंगम में भाग लेगें। हमें गर्व है कि संस्थान में अध्ययनरत देश के साथ अन्य देशों के विद्यार्थी इस परंपरा को वैश्विक स्तर तक पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर योग बंधन कार्यक्रम के अंतर्गत महामंत्री आयुष मंत्रालय द्वारा विशेष रूप से आमंत्रित विदेशी पर्यवेक्षक श्रीलंका, ब्राज़ील और

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के 12 देशों के विदेशी छात्र-छात्राएं जाएंगे विशाखापट्टनम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ करेंगे योग अभ्यास



दक्षिण अफ्रीका से आएंगे। विशाखापट्टनम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित हो रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के 12 देशों के विदेशी छात्र-छात्राएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ योग अभ्यास करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गावती देवी ने कहा योग जीवन जीने की एक शैली है, जो अनुशासन, संतुलन और आत्मचिंतन सिखाती है। इस महोत्सव के माध्यम से हम युवा पीढ़ी को योग के मूल सिद्धांतों से जोड़ने और उन्हें स्वस्थ समाज के निर्माण में भागीदार बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

इस आयोजन में योग विशेषज्ञ, देश-विदेश से आए गणमान्य अतिथि, मीडिया प्रतिनिधि, आमजन के साथ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सक, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# निवाई नगर पालिका में सफाई व्यवस्था फेल : वार्ड 32 के युवा नेता फरीद मोहम्मद

## नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी पर उठे सवाल, कर्मचारियों का जवाब कुछ नहीं होगा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नगर पालिका के वार्ड 32 में गंदगी का अंबार और बदहाल सफाई व्यवस्था ने आम जनता की नाक में दम कर रखा है। नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी की नाकामी साफ तौर पर नजर आ रही है। 'स्वच्छ भारत अभियान' का सपना निवाई में दम तोड़ता दिख रहा है। वार्ड 32 की बदहाली देख युवा नेता फरीद मोहम्मद ने खुद सफाई अभियान की कमान संभाली। नालियों की सफाई से लेकर कचरा उठवाने तक, फरीद मोहम्मद और उनके साथियों ने पूरे वार्ड में मोर्चा संभाला और प्रशासन की नींद उड़ाई। फरीद मोहम्मद ने बताया 'नगरपालिका के सफाई कर्मचारी जब जवाब नहीं देते, तो हम जनता की जिम्मेदारी समझकर मैदान में उतरते हैं। अधिकारियों से बात करो तो कर्मचारी खुलकर बोलते हैं 'न्यूज़ में कुछ भी डाल दो, हमें फर्क नहीं पड़ता।' स्थानीय लोगों ने भी फरीद मोहम्मद की पहल को सराहा और कहा कि अगर यही हाल रहा, तो जनता आने वाले चुनाव में जवाब देना जानती है। अब देखना यह है कि क्या नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी वार्डों की सुध लेंगे या जनता को फिर से युवा नेतृत्व पर ही भरोसा जताना पड़ेगा।

# विवाधको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

**आदेश 5 के नियम 1 और 5**

**न्यायालय सहायक कलेक्टर महोदय कोटपूतली, जिला कोटपूतली बहरोड**

**हजारीलाल** बनाम **सन्तलाल वगैरह**

**वाद बाबत तकास्मा एवं स्थाई निषेधाज्ञा**

**वाद सं.-**

**बनाम-**

1- बिडदा
2- रामशरण पुत्रांन कालू
3- शिम्भू पुत्र मंगला
4- रामरतन पुत्र भीखाराम
5- बनवारीलाल पुत्र भीखाराम
6- जानकी देवी पत्नि भीखाराम
7- रामरतन
8- बनवारीलाल
9- सुवालाल पुत्रांन भीखाराम माली
10- फूलमती पत्नि स्व0 कैलाशचन्द
11- कमल
12- नरेन्द्र पुत्रान स्व0 कैलाशचन्द
13- हेमलता
14- ममता पुत्रियांन स्व0 कैलाशचन्द जातियान माली, निवासीयान मौहल्ला बासडी, कोटपूतली. जिला कोटपूतली-बहरोड, राजस्थान
15- कलावती देवी पत्नि स्व0 नन्दलाल,
16- जयप्रकाश
17- भानप्रकाश
18- संजय पुत्रांन नन्दलाल
19- सुशीला
20- सरोज
21- सुनीता
22- संगीता पुत्रियांन नन्दलाल जतियान महाजन, निवासी हाल 51/3/3ए स्टेन्ड रोड पी.एस. जोडा बागान, कोलकाता
23- गुरुदयाल
24- अंजू देवी पत्नि रामप्रताप
25- रामप्रताप पुत्र गुलाबचन्द जातियान अहीर, निवासी ढाणी पूछलावाली, तहसील नीमकाथाना,जिला सीकर, राजस्थान
26- रामकला देवी पत्नि ताराचमन्द कुमावत
27- नित्यानन्द पुत्र गणेशीलाल, जाति ब्राहम्ण, निवासी रायपुर चौहान,तहसील बानसूर, जिला कोटपूतली-बहरोड,राजस्थान
28- सुमन देवी पत्नि कमलचन्द जांगिड,कॉलोनी,कोटपूतली.जिलाकोटपूतली-बहरोड, राजस्थान जाति खाती निवासी पटेल कॉलोनी कोटपूतली

वादी ने विरुद्ध वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 2जून 2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। वादी ने आपके विरुद्ध वाद आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी वारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

**यह वाद तारीख 7/5/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।**

**न्यायालय सहायक कलक्टर कोटपूतली**
**(कोटपूतली-बहरोड़)**

# मंदिर की जमीन पर भू-माफिया का अवैध कब्जे को लेकर जिला कलेक्टर को वार्डवासीयो ने सौपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के ढाणी डासावाली के समस्त वार्डवासी महात्मा ज्योतिबा फुले के अध्यक्ष श्री हनुमान सैनी नेताजी के नेतृत्व में ढाणीवासीयों का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर महोदया को ज्ञापन देने पहुँचा।20 साल पहले जिस खातेदारी जमीन को सभी ढाणीवासीयों द्वारा मंदिर को समर्पण कर दिया गया था।भू-माफिया द्वारा किसी अन्य खसरे से फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा कर मंदिर में समर्पण की गई खातेदारी भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। भू-माफियाओं द्वारा समस्त ढाणी वासीयों को मारने पीटने की, और अवैध रूप से कब्जा करने की धमकी दी जा रही है।कलेक्टर साहिबा को ज्ञापन देने पहुंचे लोगों में नवरत्न ठेकेदार, बाबूलाल सैनी, पूर्व पार्षद सुंदरलाल सैनी, पूर्व पार्षद सुशीला देवी, पार्षद बनवारी लाल सैनी, रोहितास सैनी, जमन सैनी, मुरारीलाल, कृष्ण कुमार सैनी, मुखराम सैनी, मनीष सैनी, राहुल सैनी, देवेंद्र सैनी, मोहन सैनी, ललित सैनी,आदि अन्य वार्ड वासी मौजूद रहे। दूसरी तरफ़ नागाजी की गौर की विभिन्न समस्याओं को लेकर जनसुनवाई में कलेक्टर महोदया को दिया ज्ञापन। नागाजी कि गौर वार्ड नंबर 36 मेघवाल बस्ती में टूटे हुए नाले का निर्माण करवाने और गंदे पानी के नालों की सफाई करवाने के लिए तथा बस्ती में साफ सफाई , कचरा संग्रहण टैंपो आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता प्रफुल्ल रमन (मोदी) एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंसल ने जिला जनसुनवाई में कलेक्टर महोदया को दिया ज्ञापन।

# जयपुर डिस्कॉम का खैरथल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत चोरी के खिलाफ बड़ा अभियान, 35 उपभोक्ताओं पर 28 लाख का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा ।** जयपुर डिस्कॉम द्वारा अधीक्षण अभियन्ता जे. पी. बैरवा के निर्देशन एंव अधिशाषी अभियन्ता राम रतन के नेतृत्व में बुधवार प्रातः 4.00 बजे से खैरथल, कस्बा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस सघन कार्रवाई के दौरान कुल 35 स्थानों पर विद्युत चोरी के मामले पकड़े गए। संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए मौके पर ही वीसीआर भरी गई। साथ ही उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन एवं अवैध सामग्री जब्त कर दी गई। इन मामलों में कुल ?28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। डिस्कॉम अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि नियत समयावधि में जुर्माना जमा नहीं कराया गया, तो संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

इस छापेमारी अभियान में डिस्कॉम की कई टीमें तथा पुलिस थाना सतर्कता बहरोड़ का दल भी सम्मिलित रहा। विशेष दल में दिनेश भड़ाना, सहायक अभियन्ता, खैरथल, नवीन यादव, सहायक अभियन्ता, सोडावास, आशीष श्रीवास्तव, सहायक अभियन्ता, मुंडावर, अनीश कुमार, सहायक अभियन्ता, किशनगढ़ बास, डी.आर. मीणा, सहायक अभियन्ता, हस्सौली शामिल रहे। सहायक अभियन्ता दिनेश भड़ाना ने बताया कि भविष्य में भी प्रातःकालीन एवं रात्रिकालीन समय में इसी प्रकार के छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# जिला अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार अस्थायी रूप से बंद गेट नंबर 2 से होगा आवागमन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्य के चलते अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।अस्पताल के पीएमओ डॉ. चैतन्य रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्माण कार्य मरीजों और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।डॉ. रावत ने बताया कि निर्माण कार्य की अवधि के दौरान अस्पताल में आने-जाने वालों को वैकल्पिक रूप से गेट नंबर 2 से प्रवेश और निकास की सुविधा दी गई है। उन्होंने सभी मरीजों, परिजनों और आगंतुकों से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए गेट नंबर 2 का ही उपयोग करें।

उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य को पूरा होने में करीब एक सप्ताह या उससे अधिक समय लग सकता है। कार्य पूर्ण होते ही मुख्य द्वार को फिर से खोल दिया जाएगा।

# प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) के तहत ब्लॉक रिसोर्ट ग्रुप का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

.बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत 3 से 6 आयुवर्ग के बच्चों हेतु राज्य में तैयार की गई ईसीसीई सामग्री के बेहतर कियान्वयन एवं मोनिटरिंग हेतु प्रशिक्षित जिला रिसोर्स ग्रुप द्वारा जिले के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं महिला पर्यवेक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ कंवरपुरा, कोटपूतली में किया गया।

उप निदेशक आईसीडीएस सतपाल यादव ने बताया कि इस प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के महत्व, राष्ट्रीय शिक्षानीति 2020 और आधार शिला पाठयक्रम एवं नवीन ईसीसीई सामग्री के परिचय,खेल आधारित शिक्षण, विकास के आयाम और गतिविधि कॉर्नर, बच्चे का समग्र आंकलन,सैक्टर मीटिंग



हैंडबुक,समावेशी शिक्षा तथा दिव्यांग बच्चों के लिए आंगनबाडी प्रोटोकॉल जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान कर समस्त प्रतिभागियों का क्षमतावर्धन किया जा रहा है। इससे आंगनबाडी केन्द्रों पर शालापूर्व शिक्षा का बेहतर क्रियान्वयन संभव होगा।

# अधिकारी स्थानीय स्तर पर ही करें समस्याओं का निस्तारण, आमजन को नहीं लगाने पड़े कार्यालयों के चक्कर : जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में परिवादियों को मिल रही राहत, जिला कलक्टर ने दिये तुरंत निस्तारण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। आमजन की परिवेदनाओं और समस्याओं के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित कर उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट भवन के वीसी कक्ष में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कुल 86 प्रकरण प्राप्त हुये। जिला कलक्टर ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल, सीएमओ, जनसुनवाई, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा के भीतर आमजन को किया जायें, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

**संवेदनशीलता से सुने अधिकारी आमजन की समस्यायें :** जिला कलक्टर ने अधिकारियों से आमजन के प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ सुनने



के निर्देश देते हुये कहा कि यह समय पेयजल, बिजली, चिकित्सा एवं अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं की दृष्टि से संवेदनशील है। सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ आपसी समन्वय से आमजन के हितार्थ कार्य करें।

**स्थानीय स्तर पर ही निपटायें प्रकरण :** जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की परिवेदनाओं का वास्तविक व प्रभावी रूप से निस्तारण करें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो व बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े।

स्थानीय स्तर पर ही निराकरण कराकर राहत प्रदान करें। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाते हुये कहा कि बिना अनुमति के कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई में अनुपस्थित ना रहें, जनसुनवाई और रात्रि चौपाल को प्राथमिकता से लें।

### जनसुनवाई में आये विभिन्न प्रकरण

जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में रास्ता खुलवाने, पट्टा संबंधी प्रकरण, नक्शे में शुद्धिकरण करने, अवैध खनन, कृषि भूमि पर सीमांकन, पत्थरगढ़ी, कब्जा हटवाने, म्यूटेशन, अवैध खनन, रास्ता अतिक्रमण, परिसीमन, विद्युत कनेक्शन करवाने, अवैध अतिक्रमण, सफाई, जल भराव, पेंशन, पेयजल, पीडब्लूडी सहित अन्य प्राप्त प्रकरणों को आत्मीयता और धैर्यपूर्वक सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परिवादों के निस्तारण की मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।



## सम्पादकीय

# भारत का साफ संदेश, कश्मीर और पाकिस्तान मसलों में तीसरे पक्ष की कोई जगह नहीं, देश ने अमेरिका की भूमिका नकारी

पाकश्मीर मसले समेत पाकिस्तान से जुड़े अन्य मुद्दों पर भारत का रुख हमेशा से द्विपक्षीय बातचीत पर केंद्रित रहा है। किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को भारत ने कभी स्वीकार नहीं किया। संयुक्त राष्ट्र और कुछ अन्य देशों की ओर से कश्मीर मसले पर मध्यस्थता की पेशकश की जाती रही है, लेकिन भारत ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'आपरेशन सिंदूर' से सहमे पाकिस्तान ने भारत पर हमले का नाकाम प्रयास किया था। मगर, इससे पहले कि कार्रवाई तेज होती, दोनों देशों की सहमति से संघर्ष विराम की घोषणा कर दी गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई मौकों पर यह दावा किया कि अमेरिका की मध्यस्थता की बदौलत ही भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम हो पाया है। भारत ने इस दावे को तत्काल खारिज कर दिया था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप से फोन पर बातचीत में भी स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान के आग्रह पर ही भारत ने संघर्ष विराम पर सहमति जताई थी। इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। दरअसल, भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा डोनाल्ड ट्रंप ने दस मई को सोशल मीडिया के जरिए की थी। उन्होंने यह दावा भी किया था कि संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर उन्होंने दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की चेतावनी दी थी। इसके बाद ट्रंप ने कई बार इस दावे को दोहराया कि अमेरिका ने ही दोनों देशों को संघर्ष विराम के लिए राजी किया। हालांकि, ट्रंप के दावे से पैदा हुई भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिए सरकार ने कई दफा स्पष्ट किया कि इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा में जी-7 देशों के सम्मेलन में भाग लेने गए थे, जहां डोनाल्ड ट्रंप भी मौजूद थे। मगर, इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच सम्मेलन से इतर बातचीत नहीं हो पाई। प्रधानमंत्री ने बीते मंगलवार को ट्रंप से फोन पर बातचीत की।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी के मुताबिक, इस दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों हुए संघर्ष पर भी बात हुई और प्रधानमंत्री ने दो टूक कहा कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बीच सीधी बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाई रोकी थी। मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि भारत ने किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है और न कभी स्वीकार करेगा। यह भी साफ किया चुका है कि अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखा जाएगा। इसमें दोराय नहीं है कि आपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई नपी-तुली, सटीक तथा तनाव को और बढ़ावा नहीं देने वाली थी। भारत का यह रुख निस्संदेह पाकिस्तान के लिए भी एक कड़ा संदेश है कि अगर वह द्विपक्षीय मसलों में किसी तीसरे पक्ष को बीच में लाने का प्रयास करेगा, तो उसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 20 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुहम्मद बिन कासिम ने 712 में सिंध में रावर पर हमला कर हिंदू राजा दाहिर की हत्या की।
- नवाब सिराजुद्दौला के सैनिकों ने 1756 में ब्रिटिश सैनिकों को फोर्ट विलियम के तहखाने में कैद किया।
- सैमुअल मोर्स ने 1840 में टेलीग्राफ का पेटेंट कराया।
- ग्वालियर किला ब्रिटिश सैनिकों द्वारा 1858 में कब्जा कर लिया गया और पहले भारतीय सिपाही विद्रोह का आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गया।
- ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया 1837 में बनीं।
- रोमानिया के प्रधानमंत्री बार्बू कटारगिउ की हत्या 1862 में की गई।
- पश्चिमी वर्जिनिया 1863 में अमेरिका का 35वां राज्य बना।
- अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने 1877 में कनाडा के ओंटारियो में दुनिया का पहला वाणिज्यिक टेलीफोन सेवा शुरू की।
- भारत का सबसे व्यस्ततम रेलवे स्टेशन 1887 में मुंबई स्थित विक्टोरिया टर्मिनस (छत्रपति शिवाजी टर्मिनस) जगह लोगों के लिए खुला।
- पुणे में एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय की स्थापना 1916 में हुई
- माली फेडरेशन (बाद में माली और सेनेगल में विभाजन) को 1960 में फ्रांस से स्वतंत्रता मिली।
- अमेरिकी राजदूत की हत्या के बाद 1976 में लेबनान से अमेरिका ने सैकड़ों अपने नागरिकों को वहां से निकाला।
- अमेरिका के उच्चतम नागरिक सजावट, द मेडल ऑफ़ फ़्रीडम, को 1985 में मदर टेरेसा को प्रस्तुत किया गया है
- ईरान में 1990 को आये भूकंप से लगभग 40 हजार लोग मरे।
- भारत सरकार ने 1996 में जिनेवा सम्मेलन में सीटीबीटी पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया।
- विश्वनाथन आनंद ने 1998 में ब्लादीमीर कैमनिक को हराकर पाचवीं फ़्रैंकफ़र्ट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट का ख़िताब जीता।
- एकीकृत जर्मनी की राजधानी फिर से बर्लिन को बनाने के प्रस्ताव को संसद ने 1991 में मंजूरी दी।
- बर्लिन को फिर से जर्मनी की राजधानी बनाने के लिए संसद में 1991 को मतदान हुआ था।
- ईरान की मस्जिद में 1994 को हुए बम विस्फोट में 70 की मौत।
- सर्वाधिक वायु प्रदूषण वाले दुनिया के 1999 को 5 नगरों में क्रमश: मैक्सिको सिटी, पेइचिंग, शंघाई, तेहरान और कलकत्ता शामिल।
- जनरल परवेज मुशर्रफ़ 2001 में पाकिस्तान के राष्ट्रपति बने।
- अमेरिकी कोर्ट ने 2002 में मानसिक बीमारों की फांसी की सजा पर रोक लगाई।
- पाकिस्तान ने 2002 में अशरफ़ जहाँगीर क़ाज़ीको संयुक्त राज्य अमेरिका में अपना नया राजदूत नियुक्त किया।
- पीटर्सबर्ग, फ्लोरिडा में विकीमीडिया फाउंडेशन की स्थापना 2003 में की गई।
- जापान ने 2006 में अपनी सेनाओं को इराक से वापस बुलाने का निर्णय लिया।
- बीज बनाने वाली कम्पनी अवदात इण्डिया लिमिटेड ने 2008 में अमेरिकी कम्पनी लिमाग्रेन के सोयाबीन बीज के क़ारोबार का अधिग्रहण किया।
- लीबिया में सामुदायिक हिंसा में 2012 को 105 लोगों की मौत, 500 घायल।

विशेष आलेख

### विश्व शरणार्थी दिवस

# शरणार्थी : दर्द, दृढ़ता और दुनिया से उम्मीद की कहानी



प्रो. आरके जैन

**जब रात का सन्नाटा बमों की गड़गड़ाहट में बदल जाए, जब आपके बच्चों की हँसी डर के साये में दब जाए, और जब आपका घर सिर्फ़ एक याद बनकर रह जाए, तब शरणार्थी शब्द का वास्तविक अर्थ समझ आता है। यह सिर्फ़ एक शब्द नहीं, बल्कि उन अनगिनत जिंदगियों का दर्दनाक सच है, जो युद्ध, हिंसा, उत्पीड़न या प्राकृतिक आपदाओं की वजह से अपनी जड़ों से उखड़कर अनिश्चितता के सागर में भटक रही हैं। 20 जून, विश्व शरणार्थी दिवस, केवल एक तारीख नहीं, बल्कि मानवता के उस ज़ख्म का प्रतीक है, जो तब तक नहीं भरेगा, जब तक हर इंसान को सम्मान और सुरक्षा के साथ जीने का हक़ न मिले। यह दिन हमें उन करोड़ों लोगों की पीड़ा, साहस और उम्मीद की कहानियों से जोड़ता है, जिन्हें दुनिया ने शरणार्थी का लेबल दे दिया, लेकिन जिनके दिलों में अभी भी अपने परिवार, अपने सपनों और एक बेहतर कल की चाह बाकी है।**

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग के अनुसार, 2025 तक दुनिया भर में 11.4 करोड़ से अधिक लोग जबरन विस्थापित हो चुके हैं। इनमें 3.2 करोड़ शरणार्थी हैं, जो अपने देश की सीमाओं को छोड़कर अन्य देशों में शरण लेने को मजबूर हुए हैं। इसके अलावा, 6.8 करोड़ लोग अपने ही देश में विस्थापित हैं, और लगभग 60 लाख लोग शरण माँगने की प्रक्रिया में हैं। ये आँकड़े केवल संख्याएँ नहीं, बल्कि न माता-पिताओं की कहानियाँ हैं जो अपने बच्चों को गोद में लेकर युद्धग्रस्त इलाकों से भागे, उन युवाओं की हैं जिनके सपने बमबारी में दफन हो गए, और उन बच्चों की हैं जिन्हें स्कूल की जगह शरणार्थी शिविरों में बड़ा होना पड़ रहा है। सीरिया, अफगानिस्तान, दक्षिण सूडान, म्यांमार और यूक्रेन जैसे देशों में चल रहे संघर्षों ने लाखों लोगों को बेघर कर दिया है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन भी एक नया संकट बनकर उभरा है, जिसने बांग्लादेश, मालदीव और अफ्रीका के कई हिस्सों में लोगों को अपनी जमीन छोड़ने के लिए मजबूर किया है।

विश्व शरणार्थी दिवस की शुरुआत 2001 में यूएनएचसीआर द्वारा की गई थी, ताकि दुनिया का ध्यान उन लोगों की ओर जाए, जिन्हें न चाहते हुए भी अपने घर छोड़ने पड़े। इसका उद्देश्य न केवल इन लोगों के संघर्षों को पहचान देना है, बल्कि उन नीतियों और प्रयासों को बढ़ावा देना भी है, जो उनके जीवन को बेहतर बना सकें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शरणार्थी कोई बोझ नहीं, बल्कि वे लोग हैं जिन्हें परिस्थितियों ने मजबूर किया है। कोई भी जन्म से शरणार्थी नहीं होता; यह एक ऐसी स्थिति है, जो युद्ध, अत्याचार या प्राकृतिक आपदा के कारण किसी भी इंसान पर थोप दी जाती है। फिर भी, समाज में अक्सर उन्हें संदेह की नज़रों से देखा जाता है, उनके इरादों पर सवाल उठाए जाते हैं, और उनकी पीड़ा को नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह मानवता की विफलता का द्योतक है। दुनियाभर में कई देशों ने शरणार्थियों के प्रति उदारता और मानवता का परिचय दिया है। कनाडा ने 2023 तक 1.5 लाख से अधिक शरणार्थियों को पुनर्वासित किया, जबकि जर्मनी ने सीरियाई और अफगान शरणार्थियों को न केवल आश्रय दिया, बल्कि उन्हें शिक्षा और रोजगार के अवसर भी प्रदान किए। स्वीडन और युगांडा जैसे देश भी अपनी जनसंख्या के अनुपात में बड़ी संख्या में शरणार्थियों को अपनाने के लिए जाने जाते हैं। भारत का इतिहास भी शरणार्थियों के प्रति करुणा से भरा है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान 1 करोड़ से अधिक शरणार्थियों को भारत ने शरण दी। तिब्बती समुदाय को धर्मशाला में नया घर मिला, और श्रीलंकाई तमिलों, अफगानों और रोहिंग्या शरणार्थियों को भी भारत ने सीमित संसाधनों के बावजूद आश्रय प्रदान किया। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत अतिथि देवो भव का जीवंत उदाहरण है। हालांकि, आज वैश्विक परिदृश्य बदल रहा है। बढ़ता राष्ट्रवाद, आर्थिक संकट और सुरक्षा चिंताएँ शरणार्थियों के प्रति दृष्टिकोण को कठोर कर रही हैं।

कई देशों में उन्हें अवैध प्रवासी या खतरा मानकर सीमाएँ बंद की जा रही हैं। इससे शरणार्थियों का जीवन और कठिन हो गया है। यूएनएचसीआर की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, 70त्न शरणार्थी उन देशों में रहते हैं जो स्वयं आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ये देश, जैसे कि तुर्की, कोलंबिया और पाकिस्तान, अपने सीमित संसाधनों के साथ लाखों शरणार्थियों का बोझ उठा रहे हैं। ऐसे में वैश्विक समुदाय की जिम्मेदारी बनती है कि वह न केवल आर्थिक सहायता दे, बल्कि शरणार्थियों के पुनर्वास और एकीकरण के लिए दीर्घकालिक नीतियाँ बनाए। विश्व शरणार्थी दिवस हमें यह भी सोचने पर मजबूर करता है कि शरणार्थियों की मदद केवल सरकारों या अंतरराष्ट्रीय संगठनों का काम नहीं है। हम सभी की इसमें भूमिका है। शिक्षण संस्थाएँ शरणार्थी बच्चों को शिक्षा देकर, मीडिया उनकी कहानियों को संवेदनशीलता से उजागर करके, और आम नागरिक छोटे-छोटे प्रयासों जैसे सामुदायिक सहायता या जागरूकता अभियानों के जरिए बदलाव ला सकते हैं। कई शरणार्थियों ने साबित किया है कि अवसर मिलने पर वे समाज के लिए अमूल्य योगदान दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, अल्बर्ट आइंस्टीन और मैडलिन अलब्राइट जैसे लोग शरणार्थी थे, जिन्होंने नई जमीन पर अपनी प्रतिभा से दुनिया को बदला। यह दिन केवल शरणार्थियों की पीड़ा को याद करने का नहीं, बल्कि उनके साहस और संभावनाओं को सेलिब्रेट करने का भी है। यह हमें याद दिलाता है कि हर शरणार्थी के पास एक कहानी है, एक सपना है, और एक ऐसी ताकत है जो मुश्किल हालातों में भी हार नहीं मानती। हमें उनकी इस ताकत को पहचानना होगा और उन्हें वह सम्मान देना होगा जिसके वे हकदार हैं।

जब हम सीमाएँ खींचने और दीवारें खड़ी करने में व्यस्त हैं, तब शरणार्थी हमें याद दिलाते हैं कि मानवता की कोई सीमा नहीं होती। विश्व शरणार्थी दिवस हमें एक मौका देता है कि हम अपने दिलों में उनके लिए जगह बनाएँ, उनकी कहानियों को सुनें, और उनके साथ एक ऐसी दुनिया बनाने का संकल्प लें जो न केवल सुरक्षित हो, बल्कि संवेदनशील भी हो। यदि हम एक भी शरणार्थी के जीवन में उम्मीद की किरण जगा पाए, तो यह इस दिवस की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। क्योंकि जब तक हर विस्थापित को घर नहीं मिलता, तब तक हमारी मानवता अधूरी रहेगी।

# हम जा कहां रहे हैं..........

**लंदन से बर्थडे मनाने आए पति को मार कर ड्रम में भर देने वाली पत्नी, आशिक के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली पत्नी, बदमाशों को सुपारी देकर पति को मरवा देने वाली पत्नी,पति की नौकरी पाने के लिए उसका गला घोट देने वाली पत्नी, आत्महत्या के लिए पति को विवश करने वाली पत्नी। भारतीय समाज में ऐसी घटनाएं अचानक इतनी बढ़ कैसे गइ? ऐसा नहीं है कि अपराध पहली बार हो रहे हैं पहले भी ऐसा होता था लेकिन अब तक आज की हत्या करने वाली इन महिलाओं के चेहरों पर आपको कोई अपराध बोध या पछतावा नहीं दिखेगा। इन्हे केवल ये दुःख होता है कि ये फस कैसे गई या फिर इनका सोचा होता नहीं इसलिए दुःखी होती हैं। इन घटनाओं पर यदि ध्यान दौड़ाए तो पाऐंगे कि इन सबके लिए हमारे कानून की धाराओं व धारावाहिकों का बड़ा हाथ है।**

स्त्री द्वारा अवैध संबंधों को कानूनी अनुमति मिलना दाम्पत्य के पतन का सबसे बड़ा कारण है। वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट में धारा 497 को और संवैधानिक जामा पहना दिया । इस धारा के अंतर्गत एक विवाहित स्त्री का पति के अतिरिक्त किसी अन्य पुरुष से शारीरिक संबंध बनाना अर्थात कानून में महिला को नहीं बल्कि उसे पुरुष को दंडित किया जाता था, जिसने अवैध संबंध बनाए। लेकिन सर्वोच न्यायालय के एक निर्णय के बाद तो मानो पहाड टूटना आरंभ हुआ जो भारतीय समाज के लिए कल्पना से भी परे थे। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा कि कोई महिला अपने पति की हत्या कर दे तो भी उसकी पेंशन की हकदार होगी, दिल्ली-पटना समेत कई उच्च न्यायालय में निर्णय दिया यदि महिला अवैध संबंध बनाती है तो उसके आधार पर पति तलाक नहीं मांग सकता बल्कि उसे पत्नी को गुजारा भत्ता यानी मेंटेनेंस देना पड़ेगा। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने कहा कि कोई महिला चाहे अपने पति के साथ रहते हुए अन्य पुरुषों के साथ रिश्ते बनाए तो यह कोई अपराध नहीं माना जाएगा। पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट ने एक विकलांग व्यक्ति को आदेश दिया कि तलाक के बदले वह अपनी पत्नी को 25 लाख रुपए दे चाहे उसकी पत्नी उसे



बुरी तरह मारा पीटा करती थी इस बात से कोर्ट को कुछ लेना नहीं है। अवैध संबंधों के कारण टूटे हुए दाम्पत्य में पति के लिए मेंटेनेंस देना जरूरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि स्त्री किसी ओर के ब%चे को जन्म देती है तो भी पति उसका डीएनए टेस्ट नहीं कर सकता,लेकिन पति को अवैध बच्चे का पालन पोषण करना होगा । कुल मिलाकर न्यायपालिका ने महिलाओं को छूट और गुजारा भत्ते पर उनका अधिकार बना रहेगा इसकी खुली कानूनी छूट दे दी। इधर आपराधिक परिवारों व महिलाओं ने इसे ब्लैकमेल करने का हथियार बना लिया। धारा 497 हटाकर अवैध संबंधों की छूट देने की कोर्ट के निर्णय के साथ ही ये तांडव शुरू हो गया। वहीं वेब सीरीज में महिलाओं की शराब सिगरेट पीने को बहुत सहज रूप में दिखाया जाने लगा,शराब फिल्मों और कानून के इस कॉकटेल मात्र 5 से 10 वर्ष में भारतीय समाज और विशेष रूप से महिलाओं को इस तरह से चपेट में ले लिया। मात्र कुछ दशक पहले तक कभी कभार मिलने वाले समाचार हर कुछ दिन पर नजर आ रहे हैं। भारतीय समाज और स्त्रियों का यह पतन कोई संयोग नहीं है बल्कि एक साजिश है। भारतीय परिवार व्यवस्था को तोड़ना महिलाओं को भ्रष्ट चरित्र बनाए रखना जिसका मूल ध्येय है। ऐसे धारावाहिक परोसे जाने लगे जहां घर की औरतों द्वारा दूसरों के साथ शाररिक संबंध बनाया जाना महिलाओं की स्वतंत्रता कहलाने लगी। डेट पर जाना स्टेट्स सिंबल बन गया। रात-रात भर महिलाओं का घर के बाहर रहना उनकी आजादी कहलाने लगा। एक बार गिरेबां में झांकिए तो सही कि हम आ कहां गए हैं। ये देश है सीता का,ये देश है शबरी का यहां नारियों की पूजा होती है इसलिए देवताओं का वास है यहां। यहां नारियां देवी के रूप में देखी जाती हैं नाकि चुडैल के रूप में इसलिए ऐसे धारावाहिकों को देखना बंद कीजिए जहां अश्लीतता परोसी जा रही हो..

**कंटेंट-रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,अलवर संस्करण**

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



पण्ड़ित धर्मवीर शर्मा
( पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अलवर )

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर स्टार हैं पण्ड़ित धर्मवीर शर्मा जिन्हे शायद कोई उपाधि ना दे सकें क्यों कि यदि नेता कहें तो ये समाजसेवी हैं यदि समाजसेवी कहें तो ये आत्मचिंतक हैं यदि इन्हें आत्मचिंतक कहें तो ये आध्यात्मिक हैं यदि आध्यात्मिक कहें तो ये रंगकर्मी हैं। अनेक विद्याओं को अपने साथ लेकर चलने वाले राजस्थान के एक मात्र ऐसे नेता हैं जिनके आने से महफिल में रंग जम जाता है। ये कब पैदा हुए, कहां हुए एज्यूकेशन कहां से हुई और राजनीति में कब आए ये सवाल उन लोगों के लिए तो ठीक हैं जो साधारण हैं ये असाधारण व्यक्तित्व के धनी हैं इसलिए इनके लिए कोई मायने नहीं रखती ये बात कि ये कब पैदा हुए या कहां हुए। बहराल भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर लक्ष्मणगढ़ विधानसभा से प्रत्याशी रहे और भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे। इसके अलावा अपने सजीव कलाकारों के माध्यम से नाटक व स्टेज शो के माध्यम से लोगों को आध्यत्म व ऐतिहासिक चिंतन से जोडने वाली धार्मिक व ऐतिहासिक संस्था राजर्षि अभय समाज के लम्बे समय से अध्यक्ष हैं। इनकी मुस्कान व ऊर्जा का कहीं कोई सानी नहीं है। ये ऐसे नेता है जिनके पास हर सवाल का जबाव है या यूं कहें कि ये सच में हाजिर जवाब हैं। अपने कलाकारों का हौंसला बढ़ाने वाले शक्स है पण्ड़ित जी,अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा हैं पण्ड़ितजी। उन लोगों के लिए प्रेरणा स्वरूप हैं जो हालात और व्यवस्थाओं से टूट जाते हैं इनके मुस्कान भरे चहरे को देखकर सब भूल जाते हैं इनके एक अद्भुत व्यक्तित्व को अलवर शहर के लोग बखूबी जानते हैं ये बालकों में बालक,अधेड़ में अधेड़ और बुजुर्गो में बुजुर्ग बन जाते हैं। विद्वान इतने कि शास्त्रसंवत बातों में कोई तोड़ नहीं इनका। हमेशा लोगों को कर्मयोग का संदेश देने वाले एक शानदार व्यक्तित्व के इंसान हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## 2025_044
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 9 | 6 | | 7 | | | |
| 4 | | 8 | 2 | 9 | | | | 6 |
| 7 | | 5 | 8 | | | 9 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 2 | |
| | 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 1 | |
| | 4 | | 9 | | 6 | | | |
| | | 2 | | | 4 | 7 | | 1 |
| 8 | | | | 6 | 9 | 2 | | 5 |
| | | | 1 | | 5 | 3 | 9 | |

Ans_2025_043

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आर्थिक सूझबूझ बनाए रखने और करियर कारोबार में सावधानी बढ़ाने का समय है। वाणिज्यिक विषयों में लापरवाही न दिखाएं। रिश्तों को बेहतर रखने की कोशिश होगी। नीति नियमों का पालन बनाए रखेंगे।

**वृष**
आर्थिक विषयों में असरदार प्रदर्शन और प्रबंधन बनाए रखेंगे। कामकाजी संबंध बल पाएंगे। करियर व्यवसाय में प्रभावशाली परिणाम बनेंगे। संस्थागत प्रयास गति लेंगे। चहुंओर संवार की स्थिति बनी रहेगी।

**मिथुन**
करियर कारोबार में पेशेवर वार्ताएं संवारेंगे। विभिन्न उपलब्धियां बढ़ेंगी। सहयोगियों में सामंजस्यता बढ़ेगी। प्रशासन से संबंधी कार्यों में गति बनाए रखेंगे। सबके प्रति सहयोग समर्थन का भाव रखेंगे।

**कर्क**
भाग्य की मदद से लाभ और प्रभाव दोनों बल पाएंगे। इच्छित उपलब्धियां बनेंगीं। चहुंओर सफलता पाएंगे। आस्था और अध्यात्म को बल मिलेगा। शुभ सूचनाओं की प्राप्ति होगी। भेंटवार्ता में बेहतर होंगे। धार्मिक आयोजनों में रुचि लेंगे।

**सिंह**
स्वास्थ्य से समझौता नहीं करेंगे। घर परिवार के मामलों में सीख सलाह और गंभीरता बढ़ाए रखें। वाणी व्यवहार में सहजता बढ़ाएं। सबका सम्मान रखेंगे। सहज गति से आगे बढ़ते रहेंगे।

**कन्या**
साझा क्षेत्रों में असरदार प्रदर्शन बनाए रहेंगे। सहभागिता पर जोर बना रहेगा। उद्योग व्यापार में लाभ में वृद्धि होगी। आवश्यक कार्यों वक्त पर पूरा करेंगे। सबको साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। टीम वर्क पर जोर रहेगा। व्यक्तिगत संबंधों में सहजता रहेगी।

**तुला**
कामकाजी गतिविधियों में नियमितता व रुटीन पर ध्यान देंगे। सहजता सरलता से आगे बढ़ेंगे। जिद व अहंकार का त्याग करें। मेहनत लगन से आगे बढ़ें। निर्णय क्षमता मजबूत होगी। मेहनत और लगन से आर्थिक प्रयास बनेंगे।

**वृश्चिक**
जरूरी कार्य वक्त पर पूरे करेंगे। प्रतिस्पर्धा में बेहतर स्थिति बनाए रहेंगे। बड़ों की बात को ध्यान से सुनेंगे। रचनात्मक कार्यों से जुडेंगे। निसंकोच होकर कार्य करेंगे। साहस से आगे बढ़ते रहेंगे।

**धनु**
प्रबंधकीय अड़चनों में कमी आएगी। विनय विवेक से काम लेंगे। कामकाज में बेहतर प्रदर्शन बनाए रहेंगे। निजी विषयों पर ध्यान देंगे। करियर व्यापार पूर्ववत् रहेगा। घर परिवार में उत्साह बना रहेगा।

**मकर**
साहसिक प्रयासों को गति देंगे। पहल व पराक्रम से परिणाम साधेंगे। सभी करीबी सकारात्मकता बढ़ाएं। सामाजिक विषयों में सक्रियता रखेंगे। अनुभव और योग्यता का लाभ मिलेगा। तेजी बनाए रखेंगे।

**कुंभ**
सभी से सामंजस्य रखेंगे। आर्थिक लाभ बेहतर बना रहेगा। करियर कारोबार में अनुकूलता का प्रतिशत ऊंचा रहेगा। इच्छित परिणाम बनेंगे। सबका साथ और विश्वास बनाए रखेंगे। घर आए का हरसंभव सम्मान करेंगे।

**मीन**
नवीनता व रचनात्मकता पर जोर बना रहेगा। विविध प्रयोगों में सकारात्मकता बढ़ेगी। लाभ की स्थिति बढ़त पर बनी रहेगी। स्मरण शक्ति को बल मिलेगा। सबसे बनाकर चलेंगे। संस्कारों पर जोर बनाए रखेंगे। नीति-रीति का पालन करेंगे।

# रणथंभौर नेशनल पार्क से एक ओर बाघिन कनकटी को मुकुंदरा हिल्स किया रवाना



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर नेशनल पार्क से वन विभाग ने बाघिन RBT 2507 को मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के लिए रवाना कर दिया। विगत दो माह में 3 लोगों को मौत के घाट उतारने वाले बाघिन टी-84 एरोहेड के तीनों शावकों को रणथंभौर से बाहर भेज दिया गया है! अब रणथंभौर वन प्रशासन ने गुरुवार को मादा शावक कनकटी को मुकुंदरा भेज दिया है। गौरतलब है कि कनकटी वही बाघिन है जिसने विगत दिनों 2 लोगों को मौत के घाट उतारा था जिसके बाद बाघिन को भिड़ नाके पर बने एनक्लोजर में कैद कर दिया था। इससे पहले एरोहेड टी 84 के एक मेल और एक फीमेल शावक को रणथंभौर से बाहर भेजा गया था। वहीं एरोहेड की फीमेल शावक कनकटी को रणथंभौर के भिड़ एंक्लोजर में थी। जिसे गुरुवार सुबह ट्रेंकुलाइज कर मुकुंदरा टाइगर रिजर्व के लिए रवाना कर दिया!

डीएफओ रामानंद भाकर ने बताया कि रणथंभौर टाइगर रिजर्व के नाका भीड़ के एनक्लोजर से ऐरोहेड की मादा शावक आरबीटी-2507 कनकटी को ट्रेंकुलाइज किया गया. पहले उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके बाद बाघिन को रेडियो कॉलर पहनाकर मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व, कोटा के लिए रवाना कर दिया गया है। इस दौरान रणथम्भौर टाइगर रिजर्व फर्स्ट के डीएफओ डॉ. रामानन्द भाकर के नेतृत्व में मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व कोटा डीएफओ मुथु, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव गर्ग, वन विभाग के वेटरनरी ऑफिसर डॉ. सीपी मीणा, एसीएफ तेजस पाटील, फिल्ड बायोलोजिस्ट मोहम्मद मैराज, WWF के प्रोजेक्ट ऑफिसर राजशेखर, क्षेत्रीय वन अधिकारी रामखिलाड़ी मीणा व रेस्क्यू टीम के जसकरण सिंह की टीम ने ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया।

# ईसरदा बांध का 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण, इस मानसून में होगा जल संग्रहण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के हर छोर तक सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में सवाई माधोपुर और दौसा जिले में पेयजल आपूर्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण ईसरदा बांध का निर्माण कार्य मिशन मोड़ पर किया जा रहा है। बांध के निर्माण का 95 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। बांध के पियर्स एवं गेटों का कार्य पूरा हो चुका है। मिट्टी के बांध का आंशिक कार्य ही शेष है।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत गुरुवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की ओर से मीडिया फील्ड भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया। इसमें जिला मुख्यालय के पत्रकारों को निर्माणाधीन ईसरदा बांध का अवलोकन कराया गया। जनसंपर्क अधिकारी अपूर्व शर्मा ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य जिले में जल संरचनाओं के कार्यों एवं उससे भविष्य में होने वाले लाभ का प्रत्यक्ष अवलोकन कराना था। ईसरदा बांध परियोजना के अधिशाषी अभियंता विकास गर्ग ने पत्रकारों को बांध के निर्माण कार्य, फिल्टर प्लांट साइट के कार्यों का निरीक्षण कराया। साथ ही, प्रगतिरत कार्यों, प्रभावित परिवारों को भूमि आवंटन, पुर्नवास अवार्ड कार्य की पूर्णता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण के दौरान ईसरदा बांध के सहायक अभियंता अभिषेक लसाड़िया, सौरभ सिंह, योगेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता खेमराज सैनी, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अक्षय नागरा, जनसंपर्क कर्मी रिजवान अनीस समेत विभिन्न मीडिया संस्थानों के पत्रकार मौजूद रहे।



**दो चरणों में निर्माण, प्रथम चरण में पूर्ण भराव स्तर 262 आरएल मीटर तक :** ईसरदा बांध बीसलपुर बांध के डाउन स्ट्रीम में ग्राम बनेठा (तहसील उनियारा) टोंक के पास बनास नदी पर बनाया जा रहा है। इसका निर्माण दो चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण में डैम का निर्माण पूर्ण भराव स्तर 262 आरएल मीटर (भराव क्षमता 10.77 टीएमसी) तक पूर्ण किया जाएगा। इसमें पानी का भंडारण 256 आरएल मीटर भराव क्षमता 3.24 टीएमसी है। दूसरे चरण में बांध में पूर्ण भराव क्षमता 262 आरएल मीटर तक पानी संग्रहित हो सकेगा।

**बांध निर्माण कार्य की प्रगति :** बांध निर्माण में ओवरफ्लों वाले भाग में स्पिलवेय ब्रिज में स्लैब निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। अभी तक 28 के विरुद्ध 28 स्लैब डाली जा चुकी है। 28 पीयर्स के विरुद्ध 28 पियर्स वांछित ऊंचाई तक पूर्ण किए जा चुके है। बांध में 84 गर्डर के विरुद्ध 84 गर्डर लॉन्च किए गए है। बांध में 28 ब्लॉक एप्रेन के विरुद्ध 27 ब्लॉक एप्रेन का निर्माण किया जा चुका है। बांध में 28 पावर पैक रूम के विरुद्ध 28 पावर पैक रूम और 28 रेडियल गेट के विरुद्ध 28 रेडियल गेट का निर्माण हो गया है। बांध में 56 हाइड्रोलिक सिलेंडर के विरुद्ध 56 हाइड्रोलिक सिलेंडर भी लगाए जा चुके हैं। मिट्टी के बांध का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। मुख्य बांध का कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

### 1 हजार 256 गांवों और 6 शहरों को स्वच्छ पेयजल मिलेगा

आगामी मानसून के दौरान बांध में जल संग्रहित किया जा सकेगा। इसके बाद दौसा के 1 हजार 79 ग्राम और 5 शहरों तथा सवाई माधोपुर के 1 शहर तथा 177 गांवों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति हो सकेगी। यह परियोजना जल संकट समाधान के साथ बीसलपुर बांध के अधिशेष पानी और बनास नदी के बारिश के जल का कुशल प्रबंधन भी सुनिश्चित करेगी। साथ ही, ईसरदा बांध से रामजल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी लिंक परियोजना) के तहत अन्य बांधों को पेयजल के लिए आपूर्ति हो सकेगी।

# रणथंभौर : नहीं रही मगरमच्छ का शिकार करने वाली बाघिन ऐरोहेड

## 10 मिनट में 'पानी के राजा' को दिखाई थी औकात



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** रणथंभौर में यहां की मशहूर बाघिन ऐरोहेड टी-84 ने दम तोड़ दिया। बाघिन का शव जोन दो में सुबह मिला। बाघिन ऐरोहेड करीब 16 वर्ष से अधिक की थी और वह बोन ट्यूमर से पीड़ित थी। बाघिन एरोहेड रणथंभौर की विश्व प्रसिद्ध बाघिन मछली की नवासी थी।

### कमजोर पर साहसी थी ऐरोहेड

वृद्धावस्था और बोन ट्यूमर से पीड़ित होने पर भी बाघिन ऐरोहेड काफी साहसी थी। पर्यटकों ने उसे कई बार कैमरे में भी कैद किया था। हाल ही गत 14 जून को जोन तीन में जोगी महल के पास ऐरोहेड ने मगरमच्छ का शिकार कर पर्यटकों को रोमांचित किया था। वृद्धावस्था में भी करीब दस मिनट में बाघिन एरोहैड मगरमच्छ को जबड़े में दबाकर बाहर ले आई थी।

### तीन संतानों की रणथंभौर से विदाई

वहीं उससे पहले आज बाघिन ऐरोहेड की बेटी आरबीटी-2507 को मुकुंदरा शिफ्ट किया गया। लगभग दो वर्षीय आरबीटी-2507 कनकटी के नाम से मशहूर है। यह काफी खूंखार बाघिन है। इससे पहले गत दिनों ऐरोहेड की मादा शावक आरबीटी-2508 को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व, बूंदी और नर शावक आरबीटी-2509 को कैलादेवी वन्यजीव अभयारण्य भेजा गया है।

# फर्जी डिग्री से पाई नौकरी, किरोड़ी लाल मीणा तक पहुंचा मामला, जेटीए सेवामुक्त, दर्ज होगी एफआईआर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान के सिरोही में फर्जी दस्तावेज के आधार पर नरेगा में नौकरी हासिल करने वाले संविदाकर्मी कनिष्ठ तकनीकी सहायक का मामला ग्रामीण विकास मंत्री तक पहुंचने पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उसे सेवामुक्त कर दिया। साथ ही उसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के विकास अधिकारी को निर्देश दिए। मामले में तत्कालीन विकास अधिकारी रेवदर आवड़दान व कनिष्ठ सहायक कानाराम के खिलाफ भी कार्रवाई की। तत्कालीन विकास अधिकारी आवड़दान के खिलाफ आरोप पत्र बनाकर विभाग को भेजा, जबकि कनिष्ठ सहायक को 17 सीसीए के तहत आरोप पत्र जारी करने के बीडीओ को निर्देश दिए।

**यह था मामला :** जिला परिषद सिरोही में सिविल इंजीनियरिंग दस्तावेज से महेंद्र कुमार कनिष्ठ तकनीकी सहायक जेटीए के पद पर वर्ष 2008 से कार्यरत था। किसी ने उसकी डिग्री फर्जी होने की शिकायत की। इस पर सीईओ ने महेंद्र कुमार की डिग्री को सत्यापन के लिए प्राविधिक शिक्षा निदेशालय जोधपुर भेजा था। जहां से सबंधित कार्यालय ने सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा उत्तीर्ण नहीं होने की सूचना जिला परिषद को दी। प्राविधिक शिक्षा मंडल ने पेश किया रिकॉर्ड किसी अन्य छात्र का बताया। इतना ही नहीं तत्कालीन विकास अधिकारी रेवदर आवड़दान चारण ने जोधपुर से सत्यापित दस्तावेज प्राप्त करने के लिए आरोपी महेन्द्र कुमार को ही व्यक्तिगत रूप से जोधपुर भेज दिया, जिसने मंडल की ओर से जारी पत्र प्रस्तुत करने के बजाय फर्जी दस्तावेज तैयार कर 24 मई 2024 को पंचायत समिति रेवदर में प्रस्तुत कर दिया। मामला सामने आने पर सीईओ ने तत्कालीन बीडीओ चारण को कार्रवाई के आदेश दिए, लेकिन उन्होंने कार्रवाई नहीं की थी।

**पूर्व विधायक लोढ़ा ने मंत्री से की थी शिकायत :** इस मामले में पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा को उनके ही विभाग के इस अजब गजब कारनामे से अवगत करवाया था। लोढ़ा ने आरोप लगाया कि डिग्री दस्तावेज में फर्जीवाड़ा प्रमाणित होने के बाद भी आरोपी कार्मिक विक्रम नौकरी जारी रखे हुए है। जिला परिषद सिरोही इतने दबाव में कार्य कर रही हैं कि न तो आरोपी को निकाला और न ही कोई मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने कार्रवाई की मांग की थीं!



**रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश :** जेटीए महेन्द्र कुमार को मनरेगा से सेवामुक्त कर दिया। दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा करने के मामले में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के विकास अधिकारी को निर्देश दे दिए। साथ ही तत्कालीन विकास अधिकारी आवड़दान के सही तरीके से जांच नहीं करने के मामले में उनके खिलाफ आरोप पत्र बनाकर विभाग को भेजा है और सत्यापन मामले में कनिष्ठ सहायक कानाराम को 17 सीसीए के तहत आरोप पत्र जारी कर दिया।

**प्रकाश चंद अग्रवाल, सीईओ, जिला परिषद सिरोही**

# आचार्य श्री ने लिया सत्संग भवन की व्यवस्थाओ का जायजा

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा में केकड़ी रोड स्थित व अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय की ओर से संचालित सत्संग भवन की व्यवस्थाओ का जायजा लेने अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय की शाहपुरा स्थित पावन पीठ श्री रामनिवास धाम के पीठाधीश्वर अनंत विभूषित जगतगुरू आचार्य श्री स्वामी जी श्री रामदयाल जी महाराज अल्प समय के लिए मालपुरा सत्संग में पधारे। गुरूवार को केकड़ी से आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज रामस्नेही संतो के साथ सीधे सत्संग भवन पधारे। इस दौरान आचार्य श्री ने सत्संग भवन का अवलोकन कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। आचार्य श्री अवलोकन के बाद स्थानाधिकारी व अन्य संतो को सत्संग भवन के रखरखाव व अन्य व्यवस्थाओ को लेकर आवश्यक आदेश भी दिए। आचार्य श्री के साथ संत श्री रामनारायण जी दवास, संत श्री जगबल्लभ राम जी पुष्कर, सत्संग भवन स्थानाधिकारी संत श्री नवनिधराम जी व संत मस्तरामजी महाराज सहित अन्य कई संत मौजुद रहे।

# वर-वधुओं के पगफेरा की रस्म के साथ गणेश जी की विदाई कार्यक्रम सम्पन्न




बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सेवा भारती, सवाई द्वारा हाल ही 5 जून 2025 (गंगा दशमी) को आयोजित सर्वजातीय चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन के बाद गुरवार को धाकड़ धर्मशाला चौथ का बरवाड़ा में नववधुओं ने पगफेरा( विवाह के पश्चात पहलीबार पीहर आने की रस्म) का आयोजन किया गया! साथ ही गणेश जी महाराज की विदाई का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सेवा भारतीय समिति सवाई माधोपुर के जिलाध्यक्ष डॉ बृज बल्लभ शर्मा के अनुसार इस आयोजन में सभी नव विवाहित जोड़े उनके परिजनों के साथ कार्यक्रम मैं सम्मिलित हुए! डॉ बृज बल्लभ शर्मा ने बताया कि सभी वर वधूओं को विदाई में कपड़े एवं उपहार सामग्री एवं विवाह प्रमाण पत्र देकर विदा किया गया। सभी वरवधुओं ने विवाह सम्मेलन में अपने अनुभवभी साझा किए। इस अवसर पर राजस्थान क्षेत्र सेवा प्रमुख शिव लहरी प्रांत संगठन मंत्री द्वारका प्रसाद, संत मनीष दास महाराज, विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. आर. पी. गप्ता, चौथ माता ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर लाल सैनी, मंत्री श्री दास सिंह एडवोकेट विवाह सम्मेलन के सयोजक अनिल जैन सहित सेवा भारती के कार्यकर्ता, विवाह सम्मेलन से जुड़े कार्यकर्ता ,चौथ माता ट्रस्ट के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया! सामूहिक भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह का संचालन सेवा भारती के जिला मत्री अजय कुमार शर्मा ने किया।

# बिजली की आंख मिचोली और कम वोल्टेज ने आम जन को परेशानी में डाला

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा शहर में पिछले काफी बिजली की आंख मिचोली व कम वोल्टेज से आम जन को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से बिलो के माध्यम से भारी भरकम राशि वसूलने के बाद भी पूरी तरह से राहत नहीं दे पा रहा है। पिछले काफी समय से देखा जा रहा है कि मालपुरा शहर में दिन व रात के समय बिजली की आंख मिचोली चलती रहती है। आंख मिचोली का आलम यह है कि मालपुरा शहर को कोई भी उपभोक्ता दावे के साथ नहीं कह सकता है कि बंद बिजली की आपूर्ति कब तक चालु होगी। क्योंकि मालपुरा शहर में बिजली की आपूर्ति कभी भी बंद हो सकती है। बंद तो होती है लेकिन वापस कब आएगी इस बारे में कोई दावा नहीं कर सकता है। इसके अलावा गत दिनो पड़ी भीषण गर्मी के दौरान रात्रि के समय काफी वोल्टेज से बिजली आपूर्ति होने से घरो में लगे कूलर पंखे भी रेंग रेंग कर चलने को मजबूर थे। एक तो भीषण गर्मी और इधर विद्युत विभाग द्वारा काफी वोल्टेज से बिजली आपूर्ति से आम जन को भारी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है।

विद्युत विभाग स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ताओं को लूटने की कार्रवाई तो शुरू कर दी लेकिन विभाग का उपभोक्ताओं को राहत देने की ओर ध्यान नहीं है। हकीकत यह है कि विद्युत विभाग द्वारा मरम्मत के नाम कई बार धंटो बिजली आपूर्ति बंद रखी जाती है जिसके बाद भी आपूर्ति नियमित नहीं होने से विद्युत विभाग के उपभोक्ताओं को भारी परेशानियो से दो चार होने को मजबूर होना पड़ा है। वैसे प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने खुले मंच से अनियमित आपूर्ति व कम वोल्टेज की समस्या को स्वीकार करते हुए मालपुरा में शीध्र 220 केवी विद्युत स्टेशन के निर्माण की जानकारी दी है। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियो को उपलब्ध संसाधनो से ही हर उपभोक्ताओं को राहत देने के निर्देश प्रदान किए हैं।

## पानी भराव की समस्या से दो चार हुए लोग

# मौसम की पहली बारिश में मालपुरा की सड़के बनी दरिया

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा शहर एवं ग्रामीण क्षैत्रो में गुरूवार को दोपहर के समय एक धंटे तक लगातार तेज बारिश होने के बाद शहर के कई क्षैत्रो में पानी भराव से आम जन को परेशान होने पर मजबूर होना पड़ा। गुरूवार को सुबह से ही आसमान में काले घने बादल रहे और रूक रूक कर बारिश का दौर भी चला। कभी बारिश तो कभी तेज घूप भी खिली। लेकिन दोपहर के समय अचानक तेजी बारिश का दौर शुरू हुआ जो एक धंटे तक लगातार जारी रहा। बारिश के सीजन की इस पहली एक धंटे की बारिश के बाद बस स्टेण्ड, महावीर मार्ग, ट्रक स्टेण्ड, नवीन मण्डी व गांधी पार्क के नजदीक नालियो व नालो के अवरूद्ध होने से पानी भर गया। जिसमें सबसे अधिक महावीर मार्ग व बस स्टेण्ड के हालात खराब दिखे।

यहां सड़को पर इतना अधिक पानी भर गया कि दुकानो में पानी घस गया व सड़को पर खड़े दो पहिया वाहन तक पानी ढूब गए। दूर से देखने से ये दोनो ही स्थान व अन्य स्थान भी दरिया समान नजर आए। सड़को पर पानी भरने से आवागमन अवरूद्ध रहा। साथ ही आम जन को परेशानियो का सामना करना पड़ा। पहले के बारिश के मौसम की तरह इस बार भी महावीर मार्ग में पानी निकासी नहीं होने से सड़को पर पानी भरकर दुकानो में घस गया जिससे दुकानदारो को नुकसाान भी हुआ। महावीर मार्ग में पानी भरने की समस्या का मुख्य कारण इस मार्ग के नालो पर अतिक्रमण होना व समय पर सफाई नहीं होना माना जा रहा है। कभी महावीर मार्ग के बांई ओर बनी दुकानो व मकानो के पीछे बड़ा नाला था। इसमें से नवीन मण्डी सहित महावीर मार्ग का पानी आसानी से निकालता था। लेकिन मकान मालिको ने अपने अपने मकानो को अतिक्रमण करते करते नाले के ऊपर भी मकान बना लिए।




इतना ही नहीं बल्कि कई मालिको ने तो नाले के आगे तक मकान बना कर नाले को अवरूद्ध दिया। जिससे न तो नवीन मण्डी का पानी निकल पा रहा है और न ही महावीर मार्ग का पानी निकल रहा है। जिससे इन दोनो ही स्थानो पर तेज बारिश होते ही सड़को पर पानी भर जाता है।

# लाम्बाहरिसिंह मंडल अध्यक्ष ने धोषित की कार्यकारिणी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के लाम्बाहरिसिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील सोनी उर्फ सरपट भैया ने अपनी कार्यकारिणी धोषित की। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष सुनील सोनी ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की अनुमति व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान के निर्देशानुसार तथा प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी की अभिशंषानुसार भाजपा लाम्बाहरि सिंह मंडल कली नवीन कार्यकारिणी की धोषणा की गई है। नवगठित कार्यकारिणी में कैलाश माली, सुखलाल प्रजापत, रामबाबू सैन, अवधेश पारीक , जगदीश जाट व निर्मला नायक को उपाध्यक्ष, जगदीश चौधरी व ओमप्रकाश माली को महामंत्री, श्योराज जाट, अशोक माहेश्वरी, प्रधान माली, शंकर वैष्णव, अशोक माली व सावरमल जाट को मंत्री, श्रीराम साहू कोषाध्यक्ष, रामराज जांगिड़ को सह कोषाध्यक्ष, गणेश जांगिड़ को मीडिया प्रभारी, कैलाश चौधरी को सह मीडिया प्रभारी, विनोद पालीवाल को कार्यालय प्रभारी, सीताराम बैरवा को सह कार्यालय प्रभारी मनोनीत किया गया है।



### जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित 305 फरियादियों ने दी परिवेदनाएं

# जिला कलक्टर ने परिवेदनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई, जिसमें 305 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन की परिवेदनाओं का नियमित रूप से निस्तारण करें। साथ ही जिला स्तरीय जनसुनवाई, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल व अन्य माध्यम से भी आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निराकरण करें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से परिवेदनाओं के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति का फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये।

**ये रही प्रमुख परिवेदनाएं**

जिला कलक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 305 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व की अतिक्रमण हटाने से संबंधित, पुलिस, नगर निगम, यूआईटी, जिला परिषद, विद्युत, जलदाय आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। जनसुनवाई में शहर के श्रीराम कॉलोनी, खदाना मौहल्ला, नयाबास वार्ड नं. 29, दिल्ली दरवाजा बाहर लुहरवाडी गली, थानागाजी नगरपालिका वार्ड 7 व 8 एवं ग्राम खारेडा के निवासियों ने सुचारू पेयजल आपूर्ति, शिव कॉलोनी वार्ड नं. 55 व हरदेव विहार कॉलोनी में अवैध नल कनेक्शन हटवाने की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई जिस पर जिला कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण करने के साथ जिले में सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करावे तथा अवैध नल कनेक्शनों को हटवाने की कार्रवाई करें। जनसुनवाई में राठ नगर ए ब्लॉक में जल भराव, नयाबास के वार्ड नं. 29, महेताब सिंह का नोहरा प्रेम नगर वार्ड नं. 8 एवं एरोड्रम रोड स्थित नाले की साफ-सफाई कराने एवं गायत्री मंदिर रोड पर कॉम्पलेक्स में महिलाओं के लिए सुविधा घर बनवाने की परिवेदना प्राप्त होने पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का यथाशीघ्र निस्तारण करावे ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होवे। इसी प्रकार जनसुनवाई में 60 फीट रोड के फरियादी का खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुडवाने, दिल्ली दरवाजा के फरियादी को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में लाभ दिलाने, लक्ष्मणगढ तहसील के ग्राम झालाटाला के परिवादी ने पत्थरगढी करवाने, ग्राम पंचायत देसूला, ग्राम सिरमोली, ग्राम बबेली, ग्राम जामडोली व ग्राम लीली में सार्वजनिक भूमि व आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने, रैणी व ग्राम बरलाथाना के दिव्यांग फरियादी की सामाजिक सुरक्षा के तहत बंद पेंशन को चालू कराने आदि की परिवेदनाएं प्रस्तुत होने पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया परिवेदनाओं का समयबद्ध रूप में गुणवत्ता के साथ निराकरण कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम शहर बीना महावर, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री ऐश्वयर्म



प्रजापति, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चंद सैनी एवं वीसी के माध्यम से सभी उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी जुडे।

## ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** हिंदुस्तान स्काउट गाइड, राजस्थान राज्य, जिला मुख्यालय अलवर के तत्वाधान में 17 जून से 30 जून तक ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, घमरेड़ में आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में 83 विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें सिलाई, इंग्लिश स्पीकिंग, पार्लर, डांस और पेंटिंग जैसे विषय शामिल हैं।



हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जिला कमिश्नर अमित कुमार मीणा ने बताया कि शिविर का औचक निरीक्षण करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अलवर कार्यालय से प्रशासनिक अधिकारी संतोष गौड़ ने किया। उन्होंने संचालित गतिविधियों का बारीकी से जायजा लिया और सभी कार्मिकों की उपस्थिति की सराहना की। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की गुणवत्ता की भी प्रशंसा की गई। शिविर में जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा और निरीक्षणकर्ताओं ने हर घर परिंदा अभियान के तहत परिंडे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जयप्रकाश सेन, नवीन शर्मा, चरण सिंह, स्काउट जिला प्रभारी सौरभ वर्मा, सिलाई प्रशिक्षक सीता देवी सैन, इंग्लिश स्पीकिंग प्रशिक्षक प्रियंका जांगिड़, पार्लर प्रशिक्षक सीमा सैनी और डांस प्रशिक्षक प्राची सेन उपस्थित रहे। यह शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और कौशल वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पतंजलि योग समिति एवं आयुर्वेद विभाग अलवर के तत्वाधान में योग जन जागृति रैली का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति हेतु असीमित ओर अनंत संभावनाओं से युक्त हैं योग विश्व योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति एवं आयुर्वेद विभाग अलवर के तत्वाधान में योग जन जागृति रैली का आयोजन काला कुआं क्षेत्र में किया गया। रैली में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी बृज मोहन पाठक के नेतृत्व में सैकड़ों संस्थान से जुड़े योग प्रेमी बंधुओं ने भाग लिया।योग रैली का उद्देश्य आमजन को 21 जून के मुख्य कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करना एवं योग के प्रति जन जागरूकता पैदा करना है ताकि अधिकाधिक लोग योग से लाभान्वित हो सके।




आयुर्वेद विभाग जन संपर्क प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने अपने संबोधन कहा कि असीमित ओर अनंत संभावनाओं से युक्त हैं योगए हम अपने जीवन में योग को जितना अपनाएंगे, उतना ही अधिक हम लाभान्वित होते चले जाएंगे। कार्यक्रम में उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ करण सिंह दहिया ने कहा कि वर्तमान समय में भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का अभिन्न अंग योग न केवल देश में बल्कि सम्पूर्ण विश्व में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। योग रैली एवं विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर में पतंजलि के जिला प्रभारी बृज मोहन पाठक के नेतृत्व में पतंजलि महिला प्रभारी रजनी बालाए हट्टी सिंह राजावतए बृजमोहन पाठकए निखिल अग्रवालए कान सिंह नरूकाए अशोक गुप्ताए मोतीलाल तहसील प्रभारी सुधाए सीमाए सुमनए लक्ष्मीए कुसुमए करिश्माए अनीताए सुनीता ए शीला सहित सैकड़ों की संख्या में योग साधक भाई बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के जिला प्रभारी बृज मोहन पाठक ने आयुर्वेद विभाग के अधिकारी डॉ करण सिंह दहिया एवं डॉ पवन सिंह शेखावत का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए विश्व योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वाशन दिया।

# अपनाघर शालीमार स्थित जैन मंदिर में हुआ उपाध्याय विज्ञानंद जी संघ का बैंड बाजों के साथ मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** परम पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी मुनिराज ससंघ का गुरुवार को तिजारा जी से विहार कर अपनाघर शालीमार स्थित भगवान वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में बैंड बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ । आचार्य श्री की आगवानी हेतु चारों समाजों के अध्यक्षध्कार्यकारिणी/प्रतिनिधि मंदिरों के अध्यक्षध्प्रतिनिधि विभिन्न संस्थाओं एवम् मंडलों के अध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्यों एवं समाजों के बंधुओं ने भव्य आगवानी की । श्री दिग०जैन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन श्री चंद्रप्रभु पंचायती मंदिर के अध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमार जैन ने अपनी कार्यकारिणी सहित गुरुदेव को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। संत भवन शिलान्यास संयोजकों में अशोक कुमार जैन आगोनिज, माध्यम टीवी के निदेशक नीरज जैन, विजय कुमार जैन, मगन चन्द जैन ने गुरुदेव संघ को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया । मंत्री मुकेश कुमार जैन अध्यक्ष अजय कुमार जैन ने बताया कि गुरुदेव संघ की मंदिर जी पर भगवान वासुपूज्य दिगण्जैन मंदिर कमेटी एवं श्री वासुपूज्य महिला मंडल द्वारा मंगल कलशए रंगोली, पाद प्रक्षालन एवं आरती की गई ।

मंदिर कमेटी से सुरेंद्र कुमार जैन, मगन चन्द, पुनीत जैन, संजय पहाड़ी, मनोजए मयंक जैन, अंशुल जैन, दीपक जैन, राजीव जैन उपाध्यक्ष पारस जैन आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन प०श्री विक्रम जैन शास्त्री जी द्वारा किया गया । उपाध्याय श्री विज्ञानन्द जी ने अपने प्रवचन में कहा कि अच्छे कर्म हमारा पुण्य है और बुरे कर्म हमारा पाप है, जीवन में अच्छे मित्र जिनके होते है वो हमेशा प्रसन्न रहते



हैए सुख दुख के साथी होते है और शत्रु जिनके होते है वो कभी सुखी नहीं रहते उनके मन में एक दूसरे के प्रति नुकसान पहुंचने की भावना रहती है पता नहीं कौन कब कहा किस जगह लेजाकर आपको हानि पहुंचा दे, इसलिए जीवन में सभी से मैत्री भाव रखे किसी के प्रति कुंठा, राग द्वेष नहीं रखे यही धर्म है ।

## स्वच्छ भारत के तहत बने शौचालय व बाथरूम को नगरपालिका ने किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** नगरपालिका राजगढ़ ने गुरुवार को प्रधानमंत्री की ओर से स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत बनाएं गये शौचालय व बाथरूम को अतिक्रमण मानते हुए ध्वस्त कर दिया। नगरपालिका के अतिक्रमण प्रभारी रितिक ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका के वार्ड नं.24 में न्यू तबेला कॉलोनी में भौरेलाल सैनी पुत्र कजोड़ सैनी व सुरेश पुत्र भौरेलाल व उनके परिवार के लोगों ने सार्वजनिक आम रास्ते की भूमि पर स्थाई शौचालय व बाथरूम बनाकर निर्मित कर रास्ता अवरूद्ध कर अतिक्रमण किया हुआ था। जिसको गुरुवार को नगरपालिका



की तरफ से पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी चलाकर पक्का निर्माण को ध्वस्त किया गया। वहीं पीड़ित परिवार के सुरेश सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत उसके उसके पिता को नगरपालिका के द्वारा शौचालय व बाथरूम के लिए पैसे दिए गए थे जिसके द्वारा शौचालय व बाथरूम बनवाया गया। इस पर कोर्ट में मामला विचाराधीन है। गुरुवार को नगरपालिका ने बिना किसी सूचना के हमारे बाथरूम व शौचालय को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान नगरपालिका के अतिक्रमण प्रभारी रितिक, दिनेश कुमार मीना, जुगनू तमोली, पूरण मीना, संदीप निदानिया, रमेश बैरवा सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## पौधे रोपकर जिला कॉंग्रेस कमेटी ने मनाया लोक सभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। योगेश मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में देश हित के मुद्दों को लोकसभा में उठाकर तथा जनहित के मुद्दों को उठाकर केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार के मोरया बुलवारखे है। राहुल गांधी जी जैसा ईमानदार, स्वच्छ छवि जनहित के मुद्दे उठाने वाला ओर देश भक्त नेता इस देश में कोई ओर नहीं। पूरी की पूरी कांग्रेस पार्टी राहुल के साथ है। राहुल गांधी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मोती डूंगरी के पास स्थित राजीव गांधी पार्क में वृक्षारोपण कर राहुल गांधी जी के उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु और उगवल राजनैतिक भविष्य की ईश्वर से कामना की गई। तथा समस्त कांग्रेस जनों ने राहुल जी संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है।



राहुल गांधी जिंदाबाद तथा वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ जैसे नारे राहुल जी के समर्थन में लगा कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में योगेश मिश्रा, कृष्ण कुमार खंडेलवाल गफूर खान जोगेंद्र कोचर लिली यादव वीरमती देवी, बिजेंद्र महलावत, सुरेश पूंछरी, जयदीप आर्यन,प्रेम पटेल, अनवर साजिद, जमशेद खान,राजेश विरमानी,पंकज शर्मा,संदीप सैनी ,हुकमसिंह निर्भय,डालचंद वर्मा, मनीष कोली,रामकिशन थानेदार, रिंकू वर्मा,शोभा साहू, सूरज मीना ,विशाल बौद्ध,अनिल चुग,रोहित चौधरी,रूप किशोर, सत्यनारायण शर्मा, दशरथ सिंह शेखावत,राजेश कृष्ण सिद्ध, हरिशंकर रावत, अशोक धानका, भभला राम मीना , मोरध्वज सिंह,सोनू गोपालिया, रहमत खान,डॉ संदीप सैनी , अब्दुल रहमान, हरिराम जाटव , अशोक नंदा,नागेंद्र चौधरी, नंद किशोर,युवराज तथा सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने राहुल गाँधी का जन्मदिन मनाया।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनसा माता मन्दिर में की पूजा अर्चना एवं किया पौधरोपण



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़( सुभाष यादव )।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव संजय यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्राम दहमी के मनसा माता मन्दिर में धोक लगाकर राहुल गांधी की लम्बी उम्र और उत्तम स्वास्थ की कामना की । कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव ने बताया कि राहुल गांधी देश में ग़रीब,किसान,पीड़ित ,शोषित वंचित एवं बेरोजगार युवाओं की एकमात्र आवाज़ है । सच्चाई और शांति के रास्ते पर चलकर देश में स्वच्छ राजनीति को बढ़ावा दे रहे है । उनके जन्मदिवस पर माता रानी के श्री चरणों में धोक लगाकर उनकी प्रगति और सफलता की कामना की है । तथा वृक्ष लगाएंगे - पर्यावरण बचाएंगे संकल्प के तहत पौधारोपण किया गया है ।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष विकास यादव, शहर अध्यक्ष पंकज स्वामी, जसविंदर यादव, योगेश यादव , कपिल यादव, सत्यवीर , राहुल नालपुर, घनश्याम , अवधेश सान्तोरियाँ, अजयपाल यादव, विजयपाल यादव, जॉनी सोनी, आशीष ,विकास , गोलू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक व आबकारी अधिकारीयों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना किया स्थगित

### सोमवार तक शराब ठेका हटाने का दिया आश्वासन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** पंचायत समिति के समीपवर्ती श्रीचंदपुरा ग्राम पंचायत के कुण्डरोली गांव में करीब 15 दिन पूर्व खोले गए शराब के ठेके को हटाने के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीना पहुंचे। जहां अलवर से आबकारी अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वहां उपस्थित ग्रामीणों ने शराब ठेका हटाने को लेकर नारेबाजी करते हुए विधायक व आबकारी अधिकारीयों से शराब ठेका हटाने की मांग की। ग्रामीण रोहिताश्व शर्मा, राजेंद्र मीना, भागचंद मीना, सरपंच प्रतिनिधि मनोहर लाल बैरवा आदि ने बताया कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय व आंगनबाड़ी के पास शराब का ठेका खोला गया है। जिसका ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर व उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर शराब का ठेका हटाने की मांग की थी। 10 जून को आबकारी अधिकारीयों द्वारा 5 दिन में शराब ठेका हटाने का आश्वासन दिया था।

परन्तु 5 दिन बीत जाने के बाद भी शराब का ठेका नहीं हटाया गया। गुरुवार को ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने का था। लेकिन जिला अधिकारियों व विधायक की समझाइश के बाद सोमवार तक ठेका हटाने का आश्वासन देने पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। इस दौरान थानागाजी विधायक कांतीप्रसाद मीना, रोहिताश्व शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि मनोहर लाल, भागचंद मीना, राजेंद्र, लक्ष्मी, मीना सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक हुई आयोजित

# अजमेर जिला कलक्टर ने 95 प्रकरणों की सुनवाई अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन गुरुवार को जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में किया गया। जिला स्तरीय जनसुनवाई की मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा मॉनिटरिंग की गई। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण की अवधि में कमी लाने के लिए प्रयास किए जाएं। साथ ही सीपीग्राम पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के समाधान के बाद प्राप्त संतुष्टि प्रतिशत में वृद्धि के लिए विभागीय स्तर पर गुणवत्ता सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। छह माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और समग्र रूप से निस्तारण प्रतिशत में वृद्धि की जाए। मुख्य सचिव ने आगामी योग दिवस के आयोजनों की समुचित तैयारी करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त मानसून को दृष्टिगत रखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालों की नियमित सफाई, जलभराव की रोकथाम, तथा जल जनित रोगों से बचाव के लिए व्यापक सावधानियां बरतने एवं आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को तत्परता के साथ कार्य करने को निर्देश दिए।



जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी वीसी रूम में हुआ। इसमें जिला कलक्टर लोक बन्धु ने 95 प्रार्थियों के अभाव अभियोग सुने। जन सुनवाई में अतिक्रमण, सड़कों की मरम्मत, श्रमिक पंजीकरण, नाले पर से अतिक्रमण हटाने, राशन की केवाईसी, राशन में परिवार के सदस्यों का विवरण अपडेट करने, आंगनबाड़ी केंद्र पर सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध करवाने, सार्वजनिक धर्मशाला पर अतिक्रमण हटाने, आरओबी पुलिया निर्माण, सीवरेज निर्माण कार्य जल्द पूरा करने, जलभराव की समस्या, पट्टा, रास्ता खुलवाने, पेंशन, जनआधार अपडेट कराने, वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कराने, पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त समय पर दिलाने, नाले एवं नालियों की सफाई के सम्बन्ध में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई की राज्य स्तर से वीसी के माध्यम से मॉनिटरिंग की गई। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना, अजमेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त श्रीमती नित्या के., प्रशिक्षु आईएएस डॉ. नेहा राजपूत, अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़ एवं ज्योति काकवानी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हुए शामिल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज कोटा के नयापुरा स्थित सिआम ऑडिटोरियम में आयोजित कृषि विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। और अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल ने कृषि, उद्यानिकी एवं वानिकी संकायों में कुल 343 अभ्यर्थियों को उपाधियां प्रदान की।

इनमें स्नातक के 287, स्नातकोत्तर के 44 तथा विद्यावाचस्पति के 12 अभ्यर्थी शामिल रहे। दीक्षान्त समारोह में 14 अभ्यर्थियों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया गया।इनमें एक कुलाधिपति एवं एक कुलपति स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। इस दौरान राज्यपाल ने राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय भवन के नवनिर्मित प्रवेश द्वार का भी उद्घाटन किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा की केंद्र सरकार ने 2020 में नई शिक्षा नीति बनाई है। सभी स्कूलो, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में शिक्षा नीति शुरू की गई है। शिक्षा नीति का उद्देश्य यह है कि सभी विद्यार्थियों की बौद्धिक और शारीरिक क्षमता भी बढ़नी चाहिए । अच्छी शिक्षा मिलेगी तभी बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी। स्कूलों कॉलेजों और यूनिवर्सिटी के शिक्षक को और प्राध्यापको को मन से बौद्धिक क्षमता बढ़ाने की उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को पढ़ाना चाहिए।



प्री मानसून में लगाये सिंदूर के पौधे

# ऑपरेशन सिंदूर देश के साथ पर्यावरण की रक्षा में भी सार्थक : संदीप शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा दक्षिण से भाजपा के विधायक संदीप शर्मा ने कहा है कि देश की माताओं बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ने वालों को प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर से कुचलकर रख दिया है जिससे अब सिंदूर भारत की शक्ति का प्रतीक बन गया है, वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री आवास में सिंदूर का पौधा लगाया जो आने वाले समय में पेड़ बनकर आने वाली पीढ़ियों को संदेश देने का काम करेगा। अब ऑपरेशन सिंदूर देश की रक्षा का और सिंदूर का पौधा पर्यावरण की रक्षा का प्रतीक बन चुका है इसलिए सभी व्यक्ति वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधे लगाएं। विधायक शर्मा ने प्री मानसून में सुभाष नगर पार्क में कार्यकर्ताओं के साथ सिंदूर के पौधे लगाए और स्थानीय कार्यकर्ताओं को इन पौधों की देखभाल की भी जिम्मेदारी दी। इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश नायक, पार्षद सोनू धाकड़, पार्षद दिलीप सिंह नायक, पार्षद योगेश वालिया, सुभाष नगर मित्र मंडल के अध्यक्ष लोकेश गुप्ता, हरिकांत लवानिया, सुनील प्रजापति, रवि पंकज, घनश्याम ओझा, मनजीत सिंह तंवर, जितेंद्र कश्यप, राजेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, मोनू पांचाल, नंदकिशोर वैष्णव, मनु प्रताप, चिराग भार्गव, अमरदीप शर्मा, विकास शर्मा, प्रकाश सिंह नेगी, एड. कुमुद आहूजा, नवीन खत्री, केशव प्रताप सिंह, परवीन नागर आदि उपस्थित रहे।



# डाकघर की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध करवाने के लिए हुए एक दिवसीय केम्प का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** उपडाकघर निम्बाहेड़ा में गुरुवार को डाक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न बचत योजनाओं, इंडिया पोस्ट पेमेंट सहित नवीन खाते खोलने की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय पोस्टल केम्प का आयोजन पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य एवं विभाग के सहायक निदेशक अजमेर क्षेत्रीय कार्यालय कैलाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक निदेशक कैलाश चौधरी, भाजयुमो नगर महामंत्री आशीष टांक, रवि सिंह गढ़वी निरीक्षक डाकघर दक्षिण चित्तौड़गढ़, जितेंद्र चौधरी निरीक्षक डाकघर निंबाहेड़ा, शिव प्रकाश पलोड़ सेवानिवृत सहायक अधीक्षक डाकघर मौजूद रहे। शिविर में आमजन को आधार केंद्र विस्तार सेवा के साथ डाक विभाग की बचत योजनाओं के लाभ की जानकारी प्रदान की गई। शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विगत वर्षों से डाक सेवाओं में निरंतर सुधार हो रहा है। आज देश के किसी भी कौन से आधुनिक तकनीकियों के उपयोग से डाक शीघ्रता से एक कौन से दूसरे कौन में पहुंच रही है, जिससे आमजन पुन: डाक सेवाओं का लाभ लेने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। निम्बाहेड़ा डाक घर में आधार सेवा में विस्तार होने पर नवलखा ने कहा कि उपडाकघर निम्बाहेड़ा में आधार केंद्र के विस्तारित होकर दुगनी हो जाने पर अब क्षेत्र के आमजनों को आधार सेवाओं का लाभ निरंतरता के साथ सुलभ रूप से मिलता रहेगा। नवलखा ने डाक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए आमजन को अधिक से अधिक इनका लाभ उठाने का आग्रह किया। डाक विभाग के अजमेर क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक कैलाश चौधरी ने डाक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न बचत योजनाओं क़ी जानकारी के साथ नये खाते खुलवाने, इण्डिया पोस्ट पेमेंट बैंक क़ी जानकारी दी। चौधरी ने भी निम्बाहेड़ा उपडाकघर में आधार केंद्र की सुविधाओं में विस्तार करते हुए एक ओर नए कम्प्यूटर सेट देने की बात कहीं, जिससे आमजन को मिलने वाली सुविधा और भी आसान हो जाएगी।



# गर्भ में अविकसित या विकृत हृदय संरचना का अब होगा पूरा इलाज

## सुधा मेडिकल कॉलेज अस्पताल तथा जेसीआई कोटा स्टार करेगी संयुक्त प्रोजेक्ट 'जिंदगी के तहत् होगी शुरुआत'

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** सुधा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा जेसीआई कोटा स्टार की ओर से 'प्रोजेक्ट जिंदगी- एक नई उम्मीद' प्रकल्प के तहत् निशुल्क बाल हृदय रोग निदान केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें नन्हें बच्चों के दिल (हार्ट) का ऑपरेशन पूरी तरह निशुल्क किया जाएगा।सुधा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. पलकेश अग्रवाल ने बताया कि हाड़ौती सहित राजस्थान भर में जन्मजात हृदय रोग की बढ़ती चुनौती को देखते हुए प्रकल्प की शुरुआत की जा रही है।

**नयापुरा एमबीएस अस्पताल के सामने ही होगा संचालित केंद्र :** यह केंद्र एमबीएस हॉस्पिटल, नयापुरा कोटा के सामने ही संचालित होगा। इसकी सभी सेवाएं पूर्णत: निशुल्क रहेंगी। जांच के लिए पूर्व पंजीयन आवश्यक रहेगा। यह केंद्र उन नवजात शिशुओं एवं बच्चों के लिए समर्पित है, जो जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित हैं, लेकिन समय पर जांच और उपचार के अभाव में गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना करते हैं। यह पहल हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है कि हर बच्चा स्वस्थ दिल के साथ बड़ा हो सके। जेसीआई कोटा स्टार के प्रेसीडेंट तनुज खंडेलवाल ने बताया कि विशेषज्ञों के आंकड़ों के अनुसार, इस क्षेत्र में ष्ट।ष्ठ की घटनाएं चिंताजनक रूप से अधिक हैं, परंतु जागरूकता, संसाधनों और प्रशिक्षित विशेषज्ञों की कमी के कारण इनका समय पर निदान नहीं हो पाता है। प्रॉजेक्ट कोऑर्डिनेटर और मेंटर संजय गोयल ने बताया कि केंद्र की खास बात यह है कि यहां हाड़ौती क्षेत्र के एकमात्र बाल हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपेश गुप्ता द्वारा जाँच की जाएगी। उनके व्यापक अनुभव और विशेषज्ञता के माध्यम से अनेक मासूमों को जीवनदान मिलेगा। सचिव राजकुमार मित्तल तथा कार्यक्रम निदेशक पवन गुप्ता ने बताया कि दोनों संस्थाओं का उद्देश्य हर जरूरतमंद बच्चे को बिना किसी आर्थिक रुकावट के समय पर निदान एवं उपचार की सुविधा प्रदान करना है। इस दौरान प्रॉजेक्ट के पोस्टर का विमोचन किया गया। जिसमें डॉक्टर पुरुषोत्तम मित्तल, पूर्व अध्यक्ष पवन चित्तौड़ा, दर्पण जैन भी मौजूद रहे।




# 11 वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस में बच्चों की रहेगी महत्वपूर्ण भागेदारी

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** 21 जून का दिन पूरे विश्व में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप मनाया जाता हैं योग दिवस के उपलक्ष में जानकारी साझा करते हुए पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि भारत में पहली बार योग दिवस वर्ष 2015 में मनाया गया था, जिसका प्रस्ताव हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान रखा गया था इस प्रस्ताव को 11 दिसंबर 2014 को मंजूरी दी गई और 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में चुना गया। अंतरास्ट्रीय योग दिवस को मनाने के प्रस्ताव पर 177 देशों ने मुहर लगाई थी। योग का किसी भी देश ने विरोध नहीं किया था और यह प्रस्ताव सर्वसहमति से पारित हो गया था।इसके बाद हर साल 21 जून को विश्वभर में योग दिवस मनाया जाता है खासतौर पर भारत में इस दिन लाखों लोग एक जगह एकत्रित होकर योगासन करते हैं। योग दिवस को सफल बनाने हेतु देश भर में तैयारियां चल रही हैं जिसमें नन्हे नन्हे बच्चे,युवा, बड़े, बुजुर्ग सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। रावतभाटा में भी योग दिवस धूम धाम के साथ मनाया जाएगा जिसके लिए प्रशासन तैयारियों में जुटा है। योग दिवस को लेकर नन्हे नन्हे बच्चों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी के निवासियों में भी योग के प्रति जागरूकता देखने को मिली है स्मार्ट किड्स ग्रुप सदस्य एवं योग गुरु सीमा दुबे ने कॉलोनी में लोगों को योग के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उन्होंने कॉलोनी के टाईप 2,3,4 पार्क में सैकड़ों की संख्या में नन्हे नन्हे बच्चों,विधार्थियों एवं महिलाओं के लिए नि: शुल्क योगा सेशन का आयोजन किया जिससे जागरूक हो कर कॉलोनी के घर घर एवं पार्क में प्रात: एवं सांय काल के समय बच्चे एवं परिजन योग करते नजर आते हैं अंतरास्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में स्मार्ट किड्स ग्रुप के नन्हे नन्हे बच्चे रोजाना योग करते नजर आते है बच्चो ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर लिया है। पार्षद मनीष गिरी ने नगरवासियों को अंतराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी।



# शुरूआती बारिश ने खोली व्यवस्था की पोल आकाशीय बिजली से गाय, भैस की हुई मौत



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,((टी.आर सैनी)।** नैनवां क्षेत्र में भी गुरूवार को झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। दिन भर रूक रूक कर बारिश होने से आमजन प्रभावित रहे। कस्बे में गुजरने वाले स्टेट हाईवे 34 से डीएसपी ऑफिस मार्ग पर पानी भर गया। डीएसपी कार्यालय तक जाने वाले लोगो को पानी से होकर गुजरना पड़ा इसके अलावा कॉलोनी में आने जाने वाले लोगो को भी परेशान होना पड़ा। लोगो ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियो के कार्यालय के सामने पानी की निकासी नहीं होने से आम सड़क पर पानी भरा हुआ है। इसी प्रकार तहसील कार्यालय एंव स्टेट हाईवे 34 के बीच में पानी भरा हुआ रहा। वहीं आदर्श पीएम श्री स्कूल गेट के सामने स्टेट हाईवे 34 पर बारिश का पानी भरने से यहां भी लोगो को पानी में होकर गुजरना पड़ा। लोगो ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारियो के कार्यालय के सामने बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से आम लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। अधिकारी भी भरे हुए पानी से निकल कर जा रहे है,लेकिन वे पानी की निकासी को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में लोगो ने बताया कि आमजन की परेशानी को ऐसे अधिकारी कैसे दूर कर पायेगें। खाली भूखण्ड बने मुसिबत- पालिका क्षेत्र में कॉलोनियो के बीच में खाली पड़े भूखण्ड में पानी भरने से लोगो के सामने परेशानी होने लगी है। लोगो ने बताया कि शुरूआती दौर में ही बारिश का पानी जगह जमा हो गया है। सब्जी मण्डी एंव बस स्टेण्ड,सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय में भी बारिश के चलते गंदगी होने लग गई है। आकाशीय बिजली गिरने से एक भैस व गाय की हुई मौत- उपखण्ड क्षेत्र के चैनपुरिया गांव में नीरज नागर आत्मज श्योनारायण के मकान पर बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से मकान के बाड़े में बंधी हुई एक भैस व गाय की मौत हो गई। मकान में बिजली के उपकरण जल गये। पशु चिकित्सा टीम ने मृतक भैस व गाय का पोस्टमार्टम करवाया गया। फरियादी ने पुलिस थाने में भी परिवाद दिया गया।

## हमसफर एक्सप्रेस के विजयनगर स्टॉपेज को लेकर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने रेल मंत्री को भेजा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** अजमेर किशनगढ़ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, व अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अजमेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मसूदा विधानसभा क्षेत्र के हजारों प्रवासी नागरिकों की सुविधा हेतु हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव विजयनगर (ब्यावर) स्टेशन पर सुनिश्चित करने की मांग की है। जिस पर आज केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने पत्र में उल्लेख किया कि मसूदा विधानसभा क्षेत्र के चेलनगढ़, मायावरम, श्रीकाली सहित अनेक गांवों के निवासी आजीविका के लिए दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में कार्यरत हैं।

उनके लिए अजमेर और भीलवाड़ा को जोड़ने वाली हमसफर एक्सप्रेस एकमात्र सुलभ रेल सुविधा है, लेकिन यह ट्रेन केवल अजमेर व भीलवाड़ा स्टेशनों पर ही रुकती है। जिसको लेकर केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि बड़ी संख्या में प्रवासी नागरिक नसीराबाद, विजयनगर, बांदनवाड़ा, मसूदा, गुलाबपुर क्षेत्र से संबंधित हैं, जिन्हें ट्रेन से उतरने के बाद रात के समय निजी साधनों से लंबी दूरी तय कर अपने घर लौटना पड़ता है। यदि हमसफर एक्सप्रेस का दो मिनट का ठहराव विजयनगर स्टेशन पर स्वीकृत हो जाए, तो हजारों यात्रियों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। और केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने जनहित में इस ठहराव को लेकर शीघ्र सकारात्मक निर्णय का आश्वासन दिया है। आमजन का कहना है कि हमारे केंद्रीय मंत्री श्री भागीरथ जी चौधरी ने ने आमजन की सुविधा को देखते हुए अति उत्तम कार्य किया है जो जनहित में आमजन की सुविधा बनी रहेगी।

# ईआरसीपी योजना के अंतर्गत दी जाने वाली मुआवजा राशि के भुगतान में भेदभाव का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा,

ग्राम पंचायत गुहाटा का मामला, आंदोलन करने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुहाटा तथा खरायता गांव के ग्रामीणों ने ईआरसीपी योजना के अंतर्गत किसानों को भूमि अवाप्ति के बदले दी जाने वाली राशि में भेदभाव का आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी भावना सिंह को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुहाटा के गांव गुहाटा में तथा खरायता गांव में ईआरसीपी के लिए अवाप्त की गई भूमि के बदले किसानों को दी जाने वाली मुआवजा राशि को देने मे अधिकारियों द्वारा भेद भाव किया जा रहा है। इस योजना में भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लाखेरी) व परियोजना से सम्बंधित अन्य सभी अधिकारी शुरू से (यानी संबंधित परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की जनसुनवाई व ग्राम बैठकों से लेकर अवार्ड जारी होने तक) सभी किसानों को वर्तमान ष्ठरुष्ट दर का 4 गुणा मुआवजा (ग्रामीण क्षेत्र में 2 का फेक्टर व 100त्न सोलेशियम राशी) देने का आश्वाशन देते आए है लेकिन अब अधिकारियों द्वारा 4 गुणा की जगह 3 गुणा मुआवजा राशी का नोटिस जारी कर किसानों के साथ कुठाराघात किया जा रहा है। जबकि नदी के उस पार कोटा जिले के गाँव पीपल्दा समेल, सांगहेडी सहित अन्य गांव जिनकी ष्ठरुष्ट दर लगभग हमारे गाँव जैसी ही है उनको इस परियोजना में 4 गुणा (2) का फेक्टर 100त्न सोलेशियम) मुआवजा दिया जा रहा है। जिसको लेकर ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि दी जाने वाली मुआवजा राशि से किसान भूमि के बदले भूमि नहीं खरीद सकता इसीलिए किसानों ने भूमि के बदले भूमि या चार गुना मुआवजा राशि की मांग की।



# कौशल शिविर जीवन में महत्ता रखते हैं : डां. आलोक शर्मा

## भरतपुर के अभिरुचि शिविर का अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड द्वारा श्री अग्रसेन महिला विद्यापीठ में आयोजित कौशल विकास अभिरुचि शिविर में सहा. राज्य आयुक्त आलोक शर्मा ने कहा कि जीवन में वही लोग सफल होते हैं जो समय प्रबंधन, अनुशासन एवं अतिरिक्त प्रयास करते हैं। सफलता का मायना प्रसन्नता, सद्भाव, सहयोग, सदाचार, खुशी होती है। सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग ने कौशल विकास शिविर एवं स्काउट गाइड गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि भरतपुर संभाग में सभी जिलों में ग्रुप स्तर, स्थानीय संघ एवं जिला मुख्यालय के माध्यम से ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कौशल विकास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। संचालक अशोक शर्मा, सचिव स्थानीय संघ भानु प्रताप सिंह ने शिविर में आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी।



ट्रेनिंग काउंसलर जगदीश उपमन ने इस स्काउटिंग गाइडिंग को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। सहा. स्टेट कमिश्नर प्रदीप शर्मा ने नन्ही उम्र के बालक बालिकाओं को कब बुलबुल, स्काउट गाइड रोवर रेंजर के साथ-साथ सभी शिक्षण संस्थानों में स्काउट गाइड गतिविधियों के संचालक पर जोर दिया। इस अवसर पर साइन जिला कमिश्नर, ट्रेनिंग काउंसलर, स्काउटर, गाइडर सहित श्रीमती रेखा शर्मा, उमा चौधरी, सुमन चतुर्वेदी, पुष्पा शर्मा, विनोद कुमार त्रिवेदी, सूरजभान सिंह, गौरव सैनी, मुरारी लाल शर्मा, उमेश बाबू, राधेश्याम सहित प्रशिक्षक दल ने इंग्लिश स्पोकन, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, नृत्य, सिलाई, संगीत, पेंटिंग, टेबल टेनिस, चेस, बैडमिंटन इत्यादि की गतिविधियों की जानकारी दी।

# रूपबास में एसीबी की कार्यवाही में एएसआई पृथ्वी राज ट्रैप



बढ़ता राजस्थान

**रूपबास /भरतपुर ( राजेश कटारा )।** रूपबास न्यायालय के गेट पर एसीबी के पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश सिंह के निर्देश पर एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ने गहनौली मोड थाना पुलिस के एएसआई पृथ्वी सिंह को पांच हजार की रिश्वत लेते मौके पर से गिरफ्तार किया । अमित सिंह ने बताया कि एक ईको कार के एक्सीडेंट मामले में एएसआई पृथ्वी सिंह द्वारा पांच हजार की रिश्वत मांगी गई थी जिसमें दो हजार पहले लेने के रसत्यापन किया जाकर दूसरी किस्त रूपबास न्यायालय के गेट पर बाकी रकम के साथ रंगे हाथों भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मौके पर ही समाचार लिखे जाने तक गिरफ्तार कर पंचायत समिति रूपबास में कार्यवाही जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह ने बताया कि परिवादी अलवर निवासी ने शिकायत दी थी कि पहले पांच हजार में सहायता करने तथा जमानत कराने में मदद करने की एवज में दस हजार रुपए और देने के लिए कहा जिसमें पांच हजार पर बात बनी और पांच हजार रूपबास न्यायालय के गेट पर लेते हुए एसीबी की टीम ने अमित सिंह के नेतृत्व में मौके पर ही दबोच लिया। एएसपी अमित सिंह ने बताया कि प्रतिवादी अलवर निवासी है अलवर निवासी की ईको कार का एक्सीडेंट हो गया था जिसकी जमानत के लिए एएसआई पृथ्वी सिंह ने पांच हजार की मांग की जिसके एवज में परिवादी ने दो हजार रूपए दे दिए थे लेकिन आज रूपबास न्यायालय से गाड़ी छुड़वाने में मदद करने की एवज में दस हजार रुपए और मांगे जिस पर पांच हजार रुपए में बात तय हुई और राशि देते ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मौके पर रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। अमित सिंह ने बताया कि एक ईको कार के एक्सीडेंट मामले में एएसआइ पृथ्वी सिंह द्वारा पांच हजार की रिश्वत मांगी गई थी जिसमें दो हजार पहले लेने के रसत्यापन किया जाकर गुरुवार को दूसरी किस्त रूपबास न्यायालय के गेट पर बाकी रकम के साथ रंगे हाथों भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मौके पर ही गिरफ्तार कर पंचायत समिति रूपबास में कार्यवाही जारी है।

# संकल्प से सिद्धी तक अभियान की कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण देश में चलाए जा रहे संकल्प से सिद्धि तक अभियान के अंतर्गत गोविंद नगर स्थित श्री कालभद्र विद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया भरतपुर जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा के मुख्य अतिथि में आयोजित कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में शैलेश कौशिक, जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर गोड, मनोज खंडेलवाल देवेंद्र चमाड, उत्तम शर्मा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गौरव सरपंच आईटी अध्यक्ष अनिल गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल संयोजक चंद्रवीर जघीना ने की। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियां का किचन से लेकर आवाज तक की सुविधाओं किस को खाद बीज पर सब्सिडी प्राकृतिक प्रकोप की क्षति की भरपाई फसल बीमा योजना किसान सम्मन निधि राशि बढ़ाकर किसानों को तोहफा प्रदान किया किसान भाजपा की मोदी सरकार से उसकी रीती नीतियों से गदगद हैं देश की सुरक्षा को मजबूती प्रदान विश्व पटल पर देश ने अपनी अलग पहचान बनाई । आमजन को अधिक से अधिक राहत मिले इसके लिए प्रयास करने होंगे।




जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्ति को आवश्यक रूप से लाभ मिले इस सोच के साथ हमें आगे बढ़कर आम जन को रीती नीतियों के बारे में बताना होगा। कार्यक्रम में योग दिवस की तैयारियों को लेकर पूर्वाभ्यास किया गया। योग कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्रधानाचार्य दीप्ति जैन ने किया। कार्यक्रम में सुनील सड़नावली, देवराज सिंह, बृजभूराम षर्मा, राकेष डॉ लेखराज, कुरणा धर्मा एड0 अंकित धर्मा, जयपाल बर्मा, गिरीष भारद्वाज, वेदो लवानिया, टीपू सिकनौदा, मनीश पहलवान, राकेश वर्मा, योगा सहनावानी आदि गण्यमान नागरिक उपस्थित थे।

# उपखंड स्तरीय योग दिवस सफेद महल प्रांगण मे

बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर( गोपाल पाठक )।** ब्लॉक स्तर पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने की तैयारी शुरू हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम ब्लॉक स्तर पर 21 जून को सफेद महल फुलवारी प्रांगण में रखा गया है। एसडीएम सचिन यादव ने सभी कार्मिकों को कार्यक्रम में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। ब्लॉक के सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सुबह 7ः00 सफेद महल प्रताप फुलवारी प्रांगण में मौजूद रहेंगे। ग्राम विकास अधिकारियों को पंचायत स्तर पर योग दिवस का आयोजन सुनिश्चित करने को कहा गया है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को सफेद महल की सफाई, जलपान, प्रचार सामग्री, माइक सेट, चटाई, ग्रीन मेटिंग जैसी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये हैं। डॉ श्याम सिंह योग नोडल अधिकारी ने सभी लोगों को सुबह 6ः00 बजे फुलवारी में पहुंचने की अपील की है।

# सफलता की कहानी : कलक्टर के निर्देश पर हाथों-हाथ दर्ज हुआ सही नामांतरण

## जमाबंदी में गलत नाम दर्ज होने पर भटक रहा था गोपीलाल, जनसुनवाई में आया तो मिल गई राहत



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक माह जिला स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई वर्षों से भटक रहे लोगों के लिए राहत लेकर आ रही है। गुरुवार को राजसमंद डीओआईटी वीसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में गोपीलाल पिता ओंकार लाल गुर्जर परिवाद लेकर उपस्थित हुआ कि उसकी जमाबंदी में दो नाम आ रहे हैं जिसको एक किया जाना है। इस पर कलक्टर बालमुकुंद असावा ने परिवेदना को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही राजसमंद तहसीलदार विजय रैगर को तुरंत प्रभाव से प्रार्थी के दस्तावेजों की जांच कर नामांतरण कर शुद्धि पत्र जारी करने के निर्देश दिए। तहसीलदार द्वारा भी त्वरित कार्रवाई करते हुए शुद्धिकरण करते हुए प्रार्थि का नामांतरण दर्ज कर पीड़ित को राहत पहुंचाई। राहत मिलने पर पीड़ित गोपीलाल ने राज्य सरकार का आभार जताते हुए कहा कि वह वर्षों से इस समस्या को लेकर यहाँ-वहाँ भटकने को विवश था लेकिन जनसुनवाई की व्यवस्था से उसे त्वरित राहत मिली। दरअसल राजा गांव डिप्टी खेड़ा के खाता संख्या 199 में वर्ष 1976-77 में विरासत नामांतरण में गलत नाम दर्ज कर दिया गया। प्रार्थी ने बताया कि उसके पिता ओंकार लाल गुर्जर की मृत्यु होने पर हुए नामान्तरण में गलती से गोपा दर्ज कर दिया गया है, जबकि उसका नाम गोपीलाल है। इस प्रकरण की विधिवत जांच करने के पश्चात तहसीलदार द्वारा शुद्धिकरण पश्चात नामांतरण दर्ज कर राहत दी गई।

# हल्दीघाटी युद्ध के बलिदानियों को वंशजों ने दी श्रद्धांजलि दीपांजलि एवं स्वरांजलि से अमरतीर्थ रक्तताल हुआ रोशन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** खमनोर हल्दीघाटी के समरांगण रक्ततलाई में 449वीं युद्धतिथि के अवसर पर महाराणा प्रताप के सहयोगी रहे अमर सेनानियों को दीपांजलि एवं स्वरांजलि द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चेतक अश्व मेले में स्वामिभक्त चेतक को समर्पित प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ । पशु पालन विभाग के मार्गदर्शन में खमनोर, बलीचा, सलोदा, नाथद्वारा, कांकरोली सहित आसपास के 40 अश्वपालकों ने इसमें अपने अपने उन्नत नस्ल के अश्वों का प्रदर्शन किया।पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप कौशिक के कुशल नेतृत्व में प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जय हल्दीघाटी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने व्यवस्था में सहयोग किया।

**शहीदों की याद में लगेंगे हर बरस मेले वतन पर मिटने वालों का बाकि निशां यहीं होगा :** हल्दीघाटी पर्यटन समिति एवं प्रेस क्लब संस्थापक कमल मानव ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्य पवित्र स्थल रक्ततलाई में स्थित शहीद स्मारकों पर 1100 दीपक प्रज्वलित कर हल्दीघाटी युद्ध में विशाल शाही सेना को धूल चटाते हुए अपना शौर्य पराक्रम दिखा कर वीरगति को प्राप्त हुए अमर बलिदानी योद्धाओं को दीपांजलि अर्पित की गई। इस ऐतिहासिक दिवस पर रण प्रांगण में ग्वालियर नरेश रामशाह तंवर के वंशज कार्तिकेय देव सिंह जी तंवर , भीम सिंह डोडिया सरदारगढ़ ठिकाने से वंशज ठाकुर प्रताप सिंह जी डोडिया, पृथ्वीराज सिंह जी चौहान कोठारिया ठिकाने से वंशज कुंवर वीरेंद्र सिंह जी चौहान, संगीता कुंवर जी चौहान सहित श्रीमाली वंशजों के गरिमामय आतिथ्य में बलिदानियों की स्मृति में स्मारकों पर 1100 दीपक प्रज्वलित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात आयोजित स्वरांजलि समारोह में प्रभु श्रीजी की नगरी नाथद्वारा के प्रसिद्ध भजन गायक विनोद जी गुर्जर दाजी ने अपनी हृदयस्पर्शी आवाज में प्रभु राम सहित उनके वंशज वीर प्रताप और स्वामिभक्त चेतक को समर्पित स्वरांजलि प्रस्तुत की। दाजी द्वारा जब कवि माधव दरक की कविता हल्दीघाटी में समर लड़्यो, वो महाराणा प्रताप कटे.. की संगीतमय प्रस्तुति दी तो उपस्थित प्रताप भक्तों के रोम रोम में सिरहन के साथ मस्तिष्क में हल्दीघाटी युद्ध का स्वाभाविक चित्रण हो उठा।



# लोक निर्माण विभाग ठेकेदार की लापरवाही पर्यटकों पर भारी, सड़क निर्माण के दौरान मिट्टी डालने से पर्यटकों की गाड़ियां बैठ रही कीचड़ में

## राजसमंद केलवाड़ा मार्ग पर चल रहा है सड़क निर्माण कार्य

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले के कुंभलगढ़ तहसील में राजसमंद केलवाड़ा सड़क का काम निर्माणधीन है। लेकिन जब से यह सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ है तभी से ठेकेदार की लापरवाही यहां रहने वाले लोगो और कुंभलगढ़ दुर्ग पर आने वाले पर्यटकों के लिए भारी पड़ रही है। ठेकेदार द्वारा बिना वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किये ही सड़क को पूरी तरह से को खोद दिया गया है। यही नहीं सड़क बनाने के दौरान मिट्टी को भी सड़क पर डालकर खुला छोड़ दिया गया है। जिस पर बरसात का पानी गिरते ही गाड़ियां फंस जाती है। इन दिनों मानसून की शुरुआत होते ही यहां रहने वाले लोगों की मुसीबतें दोगुनी हो गई है। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है किस तरह से ठेकेदार की लापरवाही के चलते दर्जनों वाहन कीचड़ में फंस गए।



वीआईपी विजिट होने के चलते अधिकारियों के निर्देश पर आनन-फानन में ठेकेदार ने मशीन लगाकर सड़क को दुरुस्त करने का काम शुरू किया। जबकि वीआईपी नहीं होने पर इस सड़क के हालात बद से बेदतर रहते हैं। यहां के लोगों को खास चिंता इस बात की है कि अभी तो मानसून सीजन शुरू हुआ है और सड़क निर्माण में अभी समय लगेगा। ऐसे में पूरे मानसून सीजन इन्हें इन्हीं समस्याओं से रूबरू होना पड़ेगा।

# पोस्टर मेकिंग में गुनगुन प्रथम वैष्णवी और सताक्षी रहे द्वितीय

## नशा मुक्ति के लिए कॉलेज में प्रतियोगिता



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महाविद्यालय के नशा मुक्ति केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य अर्चना भान ने बताया कि किसी भी प्रकार के नशे से आज की युवा पीढी को दूरी बना कर रखनी चाहिए अन्यथा किसी भी प्रकार के नशे की लत होने पर युवा पीढी अपने लक्ष्यों से भटक सकती है। जो कि उसके सम्पूर्ण जीवन को प्रभावित करता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार मीना ने बताया कि नशे की लत से युवाओं को ही नहीं बल्कि प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को दूर रहना चाहिए। नशा हमारे जीवन व समाज को बर्बाद करता है। अत: हर वर्ग के व्यक्ति को नशे से बचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनु नायर ने बताया कि नशा किसी समस्या का समाधान नहीं बल्कि खुद एक बहुत बडी समस्या है, इसलिए यह प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह नशे के खिलाफ अपनी आवाज को उठाए। उक्त कार्यक्रम के दौरान पोस्टर एवं नशा विरोधी स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गुनगुन छारी-प्रथम, वैष्णवी श्रीवास्तव एवं सताक्षी श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा नीरज शर्मा एवं मनीष यादव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# फिरोजाबाद से बिछुड़ी प्रधान नीरज देवी, पांच माह बाद अपना घर आश्रम में मिली

## 2015 से 2020 तक प्रधान रही, अब मानसिक स्थिति ठीक नहीं



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के बाड़ी में लावारिस ,असहाय ,मानसिक विमंदित प्रभुजनों की सेवा में कार्यरत संस्था अपना घर आश्रम में पुलिस थानाधिकारी थाना नादनपुर के माध्यम से मासलपुर रोड गांव बरमन के पास सड़क पर लावारिस अवस्था में घूम रही विमंदित महिला नीरज देवी को सेवा उपचार के लिए आश्रम में भर्ती कराया गया । आज उनके परिजनों को अपना घर में होने की सूचना मिलने पर इन्होंने अपना घर आश्रम पर संपर्क किया तो उनके पति दयावीर सिंह ने बताया कि यह पांच माह पूर्व दिनांक 5 जनवरी 2025 को मध्य रात्रि में बिना किसी को कुछ बताएं फिरोजाबाद से निकल गई मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी यह दौलतपुर में 2015 से 2020 के बीच प्रधान रही हमने इन्हें फिरोजाबाद जिले में इधर-उधर सभी जगह ढूंढा लेकिन यह कहीं नहीं मिली । इन्होंने आश्रम में हो रहे सेवा कार्यों के लिएअपना घर आश्रम समिति सदस्यों का आभार जताया । कार्यालय द्वारा उचित कागजी कार्रवाई पूरी कर नीरज देवी महिला प्रभुजी को तिलक कर एवं पटुका पहनाकर सम्मान पूर्वक परिजनों के साथ विदा किया गया इस मौके पर राजकुमार गर्ग कार्यालय प्रभारी, नितेश प्रजापति, सचिन, राकेश, भगवान दास , प्रियंका,सीमा सेवा साथी मौजूद रहे।

# पेड़ गिर जाने से 10 दिन से आवागमन बंद खेतों से होकर बनाया वैक्लपिक रास्ता

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बसेड़ी उपखंड की ग्राम पंचायत बौरेली के खैमरी स्थित एग्रीकल्चर कॉलेज और आम उत्कृष्टता केंद्र के लिए जाने वाला मार्ग पिछले कई दिन से बंद पड़ा हुआ है। कारण 10 दिन पहले इलाके में आए तेज अंधड़ से सैकड़ो पेड़ों के टूटकर रास्ते पर गिरने से पूरे इलाके की यातायात व्यवस्था बाधित है। लोग परेशानी उठाकर खेतों के रास्ते आवागमन करने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार कैंथरी बॉर्डर से खैमरी स्थित एग्रीकल्चर कॉलेज और आम उत्कृष्टता केंद्र के लिए सैंपऊ ब्रांच यानि नहर की पटरी पर बने सड़क मार्ग से घुघरई, गोगली होते हुए क्षेत्र के खैमरी, बौरेली और उससे आगे बसेड़ी और यूपी के गांवों के लिए लोग यातायात साधनों से निकल जाते हैं। लेकिन पिछले 10 दिन से लोगों और यातायात साधनों का आवागमन सड़क मार्ग से न होकर खेतों के रास्ते से हो रहा है। स्थानीय लोगों को खेतों के रास्ते की तो जानकारी है लेकिन बाहरी लोग रास्ते की भूल भुलैया में भटकते हुए देखे जा रहे हैं।

ग्रामीण हुकम सिंह चौहान पप्पू शर्मा पुष्पेंद्र परमार संजय परमार आदि ने बताया कि इलाके में आए तेज अंधड़ 10 दिन बीत चुके हैं उसके बावजूद



सड़क मार्ग टूटे पड़े पेड़ों को किसी ने भी रास्ते से हटाने की कोशिश नहीं की है। लोगों ने बताया कि नहर की पटरी और दूसरी साइड में खड़े सैकड़ो पेड़ टूट कर सड़क पर आ गए हैं। ऐसे में पेड़ों को जेसीबी मशीन आदि के द्वारा हटाया जा सकता है। लेकिन समस्या पर किसी का भी ध्यान नहीं जाने से इलाके के तमाम लोग और एग्रीकल्चर कॉलेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओं और आम उत्कृष्टता केंद्र को जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बाड़ी में हाइवे पर ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर : 20 साल के युवक की मौत, दोस्त की हालत गंभीर होने पर धौलपुर रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में हाईवे 11 बी पर सरमथुरा रोड स्थित रुन्ध का पुरा गांव के पास गुरुवार दिन में एक बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सुनीपुर गांव निवासी अनिकेत मीणा (20) की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसके दोस्त उमरेह गांव निवासी रंजीत मीणा गंभीर रूप से घायल हो गया। रंजीत को पहले बाड़ी अस्पताल लाया गया। बाद में उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए धौलपुर रेफर कर दिया गया। मृतक अनिकेत अपने पिता नवल सिंह मीणा के दो पुत्रों में दूसरे नंबर का बेटा था। उसने इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा पास की थी। उसके पिता पत्थर मजदूरी का काम करते हैं। घटना के बाद से सुनीपुर गांव में शोक की लहर है। सदर पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कराया। हेड कॉन्स्टेबल वेद प्रकाश शर्मा के अनुसार दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इंद्र देव की साक्षी में हजारों कल्याण भक्तों के साथ ठाकुर जी के दिव्य दर्शन ने कल्याण नगरी को धन्य किया

## सानंद संपन्न हुआ कल्याण महाकुंभ

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ (रेखा ख़ाबिया)। मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ निंबाहेडा के 20 वें कल्याण महाकुंभ के नवम दिवस आषाढ़ कृष्णा अष्टमी को वेदपीठ पर विराजित पंच देवों के दिव्य दर्शन इंद्र देव की सतत साक्षी ढोल, नगाड़ो और समवेत स्वरों में गगनभेदी जयकारों और आतिशबाजी की गूंज के साथ ठीक 12 बजकर 32 मिनिट पर ज्यों ही मंदिर के मुख्य द्वार के पट खुले तो समूचा वेदपीठ परिसर जयकारों से गूंज उठा। उसी क्षण रजत सिंहासन पर स्वर्ण आभा में ठाकुर जी ने दिव्य दर्शन में हजारों भक्तों को मोह लिया। इस दौरान राम कथा मर्मज्ञ दीदी मंदाकिनी ने भी ठाकुर जी के अनुमप स्वरूप के दर्शन करते हुए कहा कि ऐसे अद्भुत और अलौकिक दर्शन मेवाड़ की इस पावन धरा को धन्य करने के साथ ही कल्याण नगरी को सनातन धर्म की नगरी बनाने में श्रेष्ठतम बनाने के प्रयास का श्रेय ठाकुर श्री की कृपा को जाता हैं। जिनसे न केवल मेवाड़ वरन मारवाड़, वागड़, हाड़ोती, ढूंढाड़ के साथ ही देश और प्रदेश के हजारों कल्याण भक्त दिव्य दर्शन के दिन



वेदपीठ पहुंचकर अपने आराध्य के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर स्वयं को धन्य करते हैं। लगभग सवा 11 बजे रिमझिम वर्षा के बीच कल्लाजी के मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजा चढ़ाई गई। तत्पश्चात लगभग 12 बजे से सामूहिक शंखनाद और जयकारों से काली घटाओं के बीच समूचा वेदपीठ परिसर गूंजता रहा और ज्यों ही दिव्य दर्शन का समय हुआ तो वीर वीरांगनाए भी पूरे जोश श्रद्धा और उत्साह के साथ ठाकुर जी के जयकारे लगाने लगे। गर्भगृह का पर्दा हटने के साथ ही ठाकुर जी की महाआरती का विहंगम दृश्य भी चार धामों में से एक बद्रीनाथ धाम की आरती के समकक्ष प्रतीत हो रहा था। पंडित प्रह्लाद कृष्ण, भरत शर्मा सहित अन्य भजन गायकों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ ठाकुर जी की महाआरती कर हजारों भक्तों को भी आरती का भागीदार बनाने में कोई कोर कसर नहीं रखीं। इस बीच प्रकाण्ड पंडितों की वेशभूषा में बटुकों द्वारा की गई सामूहिक आरती का विहंगम दृश्य सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। गुरुवार को वेदपीठ परिसर के सतरंगी गुलाब के फूलों से सुसज्जित करने के फल स्वरूप भीनी भीनी सुगंध से वेदपीठ महक उठी।



### पूर्णाहुती के साथ सप्त दिवसीय श्री राम महायज्ञ संपन्न

कल्याण महाकुंभ के तहत सप्त दिवसीय आयोजित 51 कुंडीय श्री राम महायज्ञ गुरुवार को पूर्णाहुति के साथ सानंद संपन्न हो गया। इस अवसर पर वेदपीठ के आचार्यो, बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वीर वीरांगनाए एवं कल्याण भक्तों ने पूर्णाहुति की परंपरा का निर्वहन करते हुए जब ठाकुर जी एवं प्रभु श्री राम से सर्वत्र खुशहाली एवं अच्छी वर्षा की कामना की तो उसी दौरान परजन्य के नाम दी गई आहुतियों से प्रसन्न हो कर इंद्रदेव स्वत: ही रिमझिम फुहारों ने सिद्धाश्रम तीर्थ परिसर में प्रकट होकर वर्षा की कामना को पूर्णता प्रदान करते नजर आए।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन को मिली राहत, 45 मामलों की हुई सुनवाई




बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** आमजन की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिला प्रशासन लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट स्थित डीओआईटी जनसुनवाई कक्ष में जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 45 परिवादों की सुनवाई की गई। इनमें से 10 मामलों का मौके पर ही समाधान करते हुए शेष मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जनसमस्याओं पर गंभीरता से हुई सुनवाई

जनसुनवाई के दौरान सीमा ज्ञान, नामांतरण/म्यूटेशन, अतिक्रमण हटाने, वेतन नियमन, खेत पर रास्ता दिलाने, कानूनी कार्रवाई, मृत्यु प्रमाण पत्र संशोधन, नाली/नाला/सीसी रोड/स्ट्रीट लाइट/विद्यालय चारदीवारी निर्माण, विद्युत लाइन शिफ्टिंग, नवोदय विद्यालय में प्रवेश, अवैध खनन रोकथाम जैसे मामलों को गंभीरता से सुना गया। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर हर प्रकरण में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

**संपर्क पोर्टल प्रकरणों की समीक्षा :** जनसुनवाई के उपरांत संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को प्रत्येक मामले का भौतिक सत्यापन, ई-फाइल का नियमित अवलोकन तथा समाधान के बाद प्राप्त संतुष्टि स्तर को बढ़ाने के निर्देश दिए।

**अतिक्रमण सहित महत्वपूर्ण मामलों पर निर्देश :** जिला कलक्टर ने उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों और विकास अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रकरणों में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**योग दिवस की तैयारियाँ :** बैठक में 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना को समयबद्ध रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक, उपखंड अधिकारी बीनू देवल, नगर विकास न्यास सचिव, नगर परिषद आयुक्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उपखंड एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

# अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर ने तीसरी संतान होने पर सात परिवारों को दी 50 हजार रुपये की एफडी



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर द्वारा माहेश्वरी समाज की घटती जनसंख्या की समस्या से निपटने के लिए एक अनोखा फैसला लिया है। समाज में तीसरी संतान होने पर 50,000 रुपये की एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) दी जाएगी। उसी के तहत अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष रामकुमार भुतडा के निर्द्रेशानुसार गुरूवार को भीलवाडा मे शाम की सब्जी मंडी स्थित इन्द्रप्रस्थ टॉवर मे तीसरी संतान होने पर सात परिवारो को 50-50 हजार रुपये की फिक्स डिपोजिट प्रदान की गई। इस दौरान महासभा कार्यसमिति सदस्य कैलाश कोठारी, पुष्कर सेवा सदन उपाध्यक्ष अनिल बांगड़, भीलवाडा जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष अशोक बाहेती, पुष्कर सेवा सदन कार्यकारणी सदस्य सुरेश कचौलिया, संजय जागेटिया, विशेष आमत्रिंत सदस्य रमेश राठी, मनोहरलाल अजमेरा, कृष्णगोपाल सोडानी, लक्ष्मीनारायण काबरा, अशोक चेचाणी, पंकज पोरवाल सहित कई समाजजन उपस्थित रहे। पुष्कर सेवा सदन उपाध्यक्ष अनिल बांगड ने बताया की यह फैसला सदन की वार्षिक साधारण सभा में लिया गया, जहां समाज के लोगों ने घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त की। यह एक प्रोत्साहन योजना है जो समाज के सदस्यों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। तीसरी संतान होने पर प्रोत्साहन एवं सम्मान स्वरुप फिक्स डिपोजिट प्राप्त करने के लिए जिले के काछोला, पिपलुन्द, आरजिया सहित भीलवाडा नगर से अभिभावक व परिवारजन उपस्थित रहे। पुष्कर ट्रस्ट की यह योजना वर्तमान मे संचालित है एवं पात्र जन आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। इस योजना के साथ ही पुष्कर सेवा सदन सदैव ही सेवा कार्यों मे अग्रणी रहकर विभिन्न स्थानों पर भवन व भोजनशाला, विधवा पेंशन व जन सेवा के माध्यम से सहयोग करता आ रहा।

# वस्त्रनगरी की बेटी साक्षी ने ग्रेपलिंग विश्व कप-2025 में जीता सिल्वर मेडल

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा की बेटी साक्षी त्रिपाठी (दाधीच) ने कजाकिस्तान में चल रहे ग्रेपलिंग विश्व कप-2025 में सिल्वर मेडल जीतकर देश, प्रदेश, भीलवाड़ा व परिवार जनों का नाम रोशन किया है। साक्षी के माता-पिता सूरज-कविता त्रिपाठी का कहना है कि साक्षी ने वर्ल्ड कप 2025 में शामिल होने के पहले अथक मेहनत की थी, गत दिनों भारत-पाक के बीच हुए तनाव के चलते वे अपनी बेटी को कजाकिस्तान भेजने को लेकर आशंकित थे, मगर साक्षी अपने लक्ष्य को लेकर सदैव निश्चिन्त रही। वह इस प्रतियोगिता के लिए गत दिनों से हरियाणा में रहकर कड़ी प्रैक्टिस कर रही थी। कजाकिस्तान से साक्षी के सिल्वर मेडल की सूचना मिलने के साथ ही त्रिपाठी परिवार एवं खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। वर्ल्ड कप में 13 देशों की टीमें भाग ले रही है, जीतने के बाद पहली बार भीलवाड़ा आगमन पर उनके मित्र मंडल व परिवार जिन्होंने ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया, इस अवसर पर मदन मोहन त्रिपाठी, बालकिशन पारीक, अश्वनी कुमार त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, महेश त्रिवेदी, हर्षित त्रिपाठी, सौरभ त्रिपाठी, शौर्य त्रिपाठी, नरेंद्र शर्मा, मनीष जैन, अभिषेक दाधीच, राज त्रिभुवन भारद्वाज, निर्मला त्रिवेदी, कविता त्रिपाठी, ज्योति त्रिवेदी, अर्पित त्रिपाठी एवं समस्त त्रिपाठी त्रिवेदी परिवार एवं समस्त मित्र मंडल ने भाव विनय से स्वागत किया। इस अवसर पर साक्षी त्रिपाठी ने कहा कि मैं देश का नाम गोरांवित करना चाहती हूं यही मेरा लक्ष्य है।

# शिक्षक स्थानांतरण नीति लागु करने सहित प्रमुख मांगों को लेकर शिक्षक संघ (सियाराम) आगामी दिनों में करेगा आंदोलन

## संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की नाथद्वारा में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के संरक्षक मंडल व स्थाई समिति के सदस्यों,जिला निर्वाचन अधिकारियों, जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री व कोषाध्यक्ष की प्रदेश स्तरीय संयुक्त बैठक व संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर नाथद्वारा के सेंट मीरा कॉलेज में मुख्य संरक्षक व प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा के सानिध्य व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व शिविर आयोजक लाखन सिंह चौधरी व निदेशक हरि ओम चौधरी ने प्रदेश पदाधिकारियों को उपन्ना पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश- सह-संगठन महामंत्री प्रेम शंकर जोशी उदयपुर, राजसमंद, पाली, अजमेर संभाग ने बताया कि बैठक में संगठन के प्रदेश महामंत्री नवीन कुमारशर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता एवं उप प्राचार्य से



प्राचार्य पद पर बड़े पैमाने पर डीपीसी करने पर शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए पिछले सत्रों की रिव्यू डीपीसी कर आगामी बकाया सत्रों की नियमित डीपीसी शीघ्र ही करने की मांग की है।वर्तमान सरकार का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद भी पारदर्शी व स्थाई शिक्षक स्थानांतरण नीति जारी नहीं करने पर पदाधिकारियों ने सरकार के प्रति गहरा रोष भी व्यक्त किया। संगठन के मुख्य महामंत्री व प्रदेश संघर्ष समिति के संयोजक उम्मेद सिंह डूडी के अनुसार बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर सरकार द्वारा शीघ्र ही पारदर्शी व स्थाई स्थानांतरण नीति जारी कर तृतीय वेतन श्रृंखला सहित सभी केडर के शिक्षकों के स्थानांतरण से रोक हटाकर स्थानांतरण नहीं किए गए तो संगठन स्थानांतरण सहित मांग पत्र को लेकर 15 जुलाई से प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन करेगा। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा की गई एवं संगठनात्मक मुद्दों को लेकर विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए। ललित आर पाटीदार प्रदेश सभाध्यक्ष ने सदस्यता अभियान की सफलता के गुर बताए। बैठक में संरक्षक श्याम सिंह जगीना,राजेंद्र प्रसाद शर्मा, रणवीर सिंह गोदारा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामदयाल मीणा,प्रदेश मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी,प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान,पवन शर्मा कोषाध्यक्ष बनवारी लाल गौतम ,महिला अध्यक्ष मीना मंसुरिया, प्रेमशंकर जोशी, ओमप्रकाश जैन ,चरण सिंह,मानशंकर पाटीदार, इकबाल सिंह, सोहनलाल गुप्ता ,राजेंद्र पारीक,मान सिंह श्योराण, अमित योगी,राजेन्द्र कुमार शर्मा, महेश मंडोवरा,टिकेन्द्र सिंह, रामस्वरूप वर्मा ,रामचन्द्र, अशोक गामोट ,होती लाल जैमन,देवेन्द्र राठौड़, पदम् सिंह राणावत, पदमा राम चौधरी, नवीन शर्मा, अशोक रामावत, रामबाबु शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। अंत में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने संगठनात्मक जानकारी प्रदान करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत आए



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजस्थान प्रदेश सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत गुरुवार को भीलवाड़ा पहुँचे। शेखावत ने पीसीसी सचिव राजकुमार प्रजापत के निवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा परिवारजनों को ढाढस बंधाया तथा कांग्रेस सदैव उनके साथ है का विश्वास दिलाया। जिला सेवादल अध्यक्ष योगेश सोनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के साथ सेवादल प्रदेश कार्यवाहक महिला अध्यक्ष प्रतिभा तूंदवाल , प्रदेश संगठन महासचिव देशबंधु शर्मा , प्रदेश सचिव सोहनलाल मेवाड़ा , ब्यावर जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी , शहर अध्यक्ष डॉ. अरविन्द माथुर भी थे। इसके बाद हेमसिंह शेखावत जिला कांग्रेस कार्यालय पहुँचे जहाँ पर जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी द्वारा शेखावत का गुलदस्ता भेंट कर एवं उपरना पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी मुस्ताक अली मंसूरी , शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अमरवाल , सेवादल महासचिव शिवराज सुराणा , उपाध्यक्ष कुन्दन शर्मा , संदीप टेलर एवं शांतिलाल धोलपूरिया उपस्थित रहे।

# विद्युत निगम ने बिजली चोरी पर दूसरे दिन भी कार्यवाही जारी रखी

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी (अनन्त दाधीच)।** 18 जून की विद्युत चोरी को पकड़ने की कार्यवाही को आगे जारी रखते हुए 19 जून को अलसुबह भी ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से अधीक्षण अभियंता के.के. शुक्ला बून्दी वृतजेपीडी बूंदी के निर्देशन में बनायी गयी 10 सतर्कता जांच टीमों ने अधिशाषी अभियन्ता खण्ड प्रथम जयपुर डिस्कॉम बून्दी आर के बैरवा के नेतृत्व में सघन सतर्कता जांच अभियान चलाया। इस कार्यवाही में निगम के लगभग 105 अधिकारी/ कर्मचारी/पुलिस जवान शामिल थे। उक्त 10 टीमों ने गुरूवार को तालेड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों के लाम्बा पीपल, खेड़ला, खेरोली, जीपी बावड़ी, गुमानपुरा, बरून्धन, तालेड़ा, जमीतपुरा, अकतासा एवं अन्य स्थानों पर कार्यवाही की। कई स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 78 टीमों ने कुल 17 लाख का जुर्माना लगाया गया हैं। अधीक्षण अभियंता पवस जयपुर डिस्कॉम ने बताया कि 18 व 19 जून की कुल दो दिवसीय कार्यवाही में 166 उपभोक्ताओं के परिसरों में विद्युत चोरी होना पाये जाने पर इन उपभोक्ताओं पर 35.6 लाख रूपये की राशि का जुर्माना लगाया गया। उक्त उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर जुर्माना जमा करवाने हेतु 7 दिवस का समय दिया गया हैं। जुर्माना जमा नहीं करवाने पर उपभोक्ताओं के विरूद्ध विद्युत थाना एपीटीपीएस बूंदी में कानूनी कार्यवाही हेतु प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करवा दी जावेगी। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी पकड़ने का यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। बूंदी जिले के उपभोक्ताओं और गैर-उपभोक्ताओं से विनम्र अपील की गई है कि जिनके पास बिजली कनेक्शन नहीं है, वे तुरंत कनेक्शन लें और जिनके पास कनेक्शन है, वे अतिरिक्त उपकरण लगाकर बिजली चोरी करने से बचें।

# जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की कवायद 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' ने पकड़ी रफ्तार : रावत

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत बूंदी दौरे पर रहे इस दौरान उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में शुरू किया गया वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान अब एक वृहद रूप ले चुका हैं। मुख्यमंत्री ने स्वयं जयपुर के रामगढ़ बांध में श्रमदान कर इस अभियान का आगाज़ किया था, जिसके बाद उन्होंने भरतपुर में गंगा मैया की पूजा की थी। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री का जल संचय को जन अभियान बनाने का विजन हैं। इसी कड़ी में, आस्था के केंद्र पुष्कर में भी सरोवर पूजन किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि इस अभियान के तहत पूरे राजस्थान में तालाबों, बावड़ियों, नालों, कुओं और बांधों, जो भी गांव और शहर के नजदीक थे, सभी को साफ और स्वच्छ किया गया। इसके लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए गए और आमजन की इन आयोजनों में अच्छी खासी भागीदारी देखने को मिली हैं। जल संसाधन मंत्री ने अभियान की प्रगति का विस्तृत ब्यौरा



देते हुए बताया कि राज्य में अब तक 81 हजार से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें 77 लाख से अधिक लोगों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई हैं। इन कार्यक्रमों में 5,330 जल स्रोतों की सफाई, 9,000 सरकारी कार्यालयों में सफाई, 3,802 ग्राम सभाएं, और 3,582 प्रभात फेरियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 9,066 रात्रि चौपालें और 7,926 जल पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही, जिसने इस अभियान को और भी व्यापकता प्रदान की। श्री रावत ने कहा कि मानसून भी उत्सव से कम नहीं है और राज्य सरकार ने जल संरक्षण को एक जन आंदोलन बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी के तहत, 11 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है, जो प्रदेश में हरियाली और जल संचय को बढ़ावा देगा।

# रक्त दान शिविर का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप (यूनिक) चौमहला द्वारा गुरुवार को जैन अथिति गृह पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे रुधिरा बल्ड बैंक झालावाड़ द्वारा 151 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्त दान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ राजकुमार वाघेला ,स्थानक श्री संघ अध्यक्ष शंकर लाल नौलखा, सुरेश जैन (नाकोड़ा), राधेश्याम नीमा अशोक भंडारी ,अशोक पोरवाल ने भगवान नागेश्वर पार्श्वनाथ के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में रुधिरा बल्ड बैंक झालावाड़ द्वारा 151 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसमे 136 पुरुषों व 15 महिलाओं द्वारा रक्त दान किया गया,जैन सोशल ग्रुप यूनिक व बल्ड बैंक द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर जैन सोशल ग्रुप यूनिक अध्यक्ष मुकेश पिछोलिया,भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय जैन,अनिल वर्मा,किसान संघ अध्यक्ष ईश्वर सेन सहित जैन सोशल ग्रुप यूनिक के सदस्य मौजूद रहे।

# राजकीय किशोर एवं सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ महेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार गोयल द्वारा राजकीय किशोर एवं सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधि से संघर्षरत् 03 बालक, देखभाल व संरक्षण की आवश्यकता वाले 04 बालक एवं विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी वाले शिशु बालक-बालिका 06 उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान सचिव ने राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण




गृह में बालकों से वार्तालाप कर वहां की व्यवस्थाओं एवं दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। खाना, साफ-सफाई, पीने के लिए स्वच्छ पानी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया जो उचित पाई गईं। सचिव सुनील कुमार गोयल द्वारा विधि से संघर्षरत् बालकों को जमानत आवेदन लगवाने हेतु भी निर्देशित किया तथा बच्चों को अच्छे साहित्य की पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित भी किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रियंका पालीवाल अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, प्रकाश जीनगर अधीक्षक एवं सम्प्रेक्षण गृह के कर्मचारीगण उपस्थित थे।


# क्या आप भी अनजाने में अपने रिश्ते को कमजोर कर रहे हैं?

डेटिंग कोच के मुताबिक, यह किसी भी रिश्ते को अंदर से तोडने वाली सबसे खामोश लेकिन सबसे असरदार वजह हो सकती है। जब कनेक्शन खोने लगता है, तो उसका एक बडा कारण होता है, बार-बार की गई छोटी-छोटी अस्वीकृतियां, जिन पर हम अक्सर ध्यान नहीं देते। डेटिंग कोच ने बताया कि मजबूत रिश्ते कोई एक दिन में नहीं बनते, ये रोजाना की कोशिशों और जुडाव से फलते-फूलते हैं।

जैसे-जैसे रिश्ता आगे बढता है, कई बार ऐसा लगता है कि प्यार धीरे-धीरे कम होने लगा है। यह एक ऐसा दौर होता है जिससे ज्यादातर कपल कभी न कभी गुजरते हैं। रिश्ता अचानक नहीं टूटता, यह हर दिन, छोटी-छोटी बातों से थोडा-थोडा कर के फिसलता है। कभी अनदेखा करना, कभी जरूरतों को न समझना, तो कभी भावनाओं को नजअंदाज कर देना, ये सब मिलकर रिश्ते में दरार पैदा कर देते हैं।

डेटिंग एक्सपर्ट्स का कहना है कि हम अनजाने में रोज कुछ ऐसा कर जाते हैं, जो हमें अपने पार्टनर से थोडा और दूर ले जाता है। वक्त के साथ ये छोटी-छोटी दूरियां एक गहरी खाई में बदल जाती हैं, और फिर एक दिन ऐसा आता है जब दोनों एक-दूसरे के बिल्कुल सामने होते हुए भी बहुत दूर खडे नजर आते हैं।

डेटिंग कोच जिलियन टुरेकी बताती हैं कि कैसे %माइक्रो रिजेक्शन% यानी वो छोटी-छोटी बातें जिन्हें हम नजरअंदाज कर देते हैं, महीनों और सालों में जमा होकर एक मजबूत रिश्ते को भी तोड सकते हैं। वो कहती हैं, %हम शायद ही कभी इसलिए ब्रेकअप करते हैं क्योंकि हम सामने वाले से प्यार नहीं करते। असल में, ज्यादातर रिश्ते इसलिए टूटते हैं



क्योंकि उनमें कनेक्शन की कमी हो जाती है। जब दो लोगों के बीच वो गहरा जुडाव नहीं बचता, तो धीरे-धीरे हम एक-दूसरे की जरूरतों को समझना और उन्हें पूरा करना छोड देते हैं। प्यार बना रहता है, लेकिन कनेक्शन के बिना वो भी अकेला पड जाता है।

## रिश्ते में अस्वीकृति क्या होती है?

डेटिंग कोच के मुताबिक, यह किसी भी रिश्ते को अंदर से तोडने वाली सबसे खामोश लेकिन सबसे असरदार वजह हो सकती है। जब कनेक्शन खोने लगता है, तो उसका एक बडा कारण होता है, बार-बार की गई छोटी-छोटी अस्वीकृतियां, जिन पर हम अक्सर ध्यान नहीं देते।

उन्होंने समझाया, %हर बार जब हम अपने पार्टनर के साथ डिनर पर होते हुए भी मोबाइल में खोए रहते हैं, हर बार जब वो कुछ शेयर करना चाहते हैं और हम ध्यान न देकर स्क्रीन की ओर देख लेते हैं, यही हैं वो 'माइक्रो रिजेक्शंस'। ये छोटी घटनाएं हफ्तों, महीनों और सालों में एक दीवार बन जाती हैं, जो रिश्ते के बीच खडी हो जाती है।

कोच ने आगे कहा, %इन लम्हों में हम प्यार करना नहीं छोडते हम बस जुडना छोड देते हैं। इसलिए अगर हम अपने रिश्ते को बेहतर बनाना चाहते हैं, तो हमें इस बात के प्रति जागरूक होना होगा कि हम कब, कैसे और क्यों अपने पार्टनर को अनजाने में अस्वीकार कर रहे होते हैं। क्योंकि कई बार, अस्वीकार करने के लिए शब्दों की जरूरत नहीं होती, एक नजर बचा लेना ही काफी होता है।

## रोजमर्रा की जिंदगी में रिश्ते को गहरा बनाने के छोटे लेकिन असरदार तरीके

डेटिंग कोच ने बताया कि मजबूत रिश्ते कोई एक दिन में नहीं बनते, ये रोजाना की कोशिशों और जुडाव से फलते-फूलते हैं। उन्होंने कहा,%एक रिश्ते को हर दिन थोडे से जुडाव की जरूरत होती है, एक सच्ची नजर मिलाना, बिना वजह की दयालुता, और पूरी मौजूदगी के साथ सुनना-समझना।

उन्होंने आगे समझाया कि जब हम इन छोटी-छोटी चीजों को नजरअंदाज करने लगते हैं, तो रिश्ते में खालीपन पनपने लगता है। उन्होंने कहा, %जब हम अपने रिश्ते को पोषण देना बंद कर देते हैं, तो अनजाने में हम एक-दूसरे से दूर होने लगते हैं। और ये दूरियां धीरे-धीरे इतनी बढ जाती हैं कि एक दिन हमें लगने लगता है जैसे हमें देखा ही नहीं गया, हमें अहमियत ही नहीं दी गई, या हमें चुना ही नहीं गया।

# आकर्षण का खेल, पुरुष और महिला एक दूसरे में क्या पसंद करते हैं?



हम किसी के आकर्षण को कैसे आंकते हैं? चेहरे की आकर्षकता को समझने के लिए मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने एक अनोखा अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि लोग चेहरे के आकर्षण का आकलन कैसे करते हैं और कौन सी विशेषताएं उन्हें आकर्षक लगती हैं।

हम किसी के आकर्षण को कैसे आंकते हैं? एक हालिया अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके पता लगाया गया कि चेहरे के कौन से हिस्से हमारा ध्यान सबसे अधिक आकर्षित करते हैं। अध्ययन के अनुसार, पुरुष महिलाओं के मुंह पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि महिलाएं पुरुषों की आंखों और बालों पर अधिक ध्यान देती हैं। यह लिंग के आधार पर हमारे आकर्षण के मानकों को दर्शाता है।

चेहरे की कौन सी विशेषताएं मायने रखती हैं?

चेहरे की आकर्षकता को समझने के लिए मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने एक अनोखा अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि लोग चेहरे के आकर्षण का आकलन कैसे करते हैं और कौन सी विशेषताएं उन्हें आकर्षक लगती हैं। इस अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके 154 वयस्कों की नज़रों का विश्लेषण किया गया, जिन्हें 40 विविध चेहरों की तस्वीरें दिखाई गईं। यह अध्ययन चेहरे की आकर्षकता के बारे में नई जानकारी प्रदान करता है।

पुरुषों और महिलाओं की पसंद में क्या अंतर है?

एक अध्ययन में प्रतिभागियों को तीन समूहों में बांटा गया था, आकर्षण का मूल्यांकन करने वाले, कॉस्मेटिक सर्जरी के संकेतों की खोज करने वाले और बिना किसी विशिष्ट कार्य के चेहरों को देखने वाले। प्रतिभागियों ने 10 सेकंड के लिए चेहरों को देखा, और उनकी नज़रों का विश्लेषण किया गया। परिणामों से पता चला कि सभी समूहों ने चेहरे के केंद्रीय त्रिभुज पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन आकर्षण का मूल्यांकन करने वालों ने मुंह, नाक और गालों पर अधिक समय बिताया।

एक अध्ययन में पाया गया कि आकर्षक माने जाने वाले चेहरे केंद्रीय त्रिभुज, मुंह और बालों पर अधिक समय तक देखते हैं, जबकि माथे और गर्दन पर अधिक ध्यान कम आकर्षक रेटिंग से जुड़ा है। लिंग के अनुसार भी टकटकी के पैटर्न अलग-अलग थे- पुरुष महिलाओं के मुंह पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि महिलाएं पुरुषों की आंखों और बालों पर ध्यान देती हैं। यह दर्शाता है कि पुरुष युवावस्था से जुड़ी विशेषताओं को प्राथमिकता देते हैं, जबकि महिलाएं विश्वास और संवारने से जुड़े संकेतों का आकलन करती हैं। इस अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके इन प्राथमिकताओं को निष्पक्ष रूप से मापा गया।

इस अध्ययन के निष्कर्ष कॉस्मेटिक और सौंदर्य चिकित्सा के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं, क्योंकि यह पता लगाने में मदद मिल सकती है कि चेहरे की कौन सी विशेषताएं आकर्षण को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। इससे रोगियों को अधिक प्रभावी प्रक्रियाओं की ओर निर्देशित किया जा सकता है। हालांकि, अध्ययन की सीमाएं थीं, जैसे कि स्थिर छवियों का उपयोग और विस्तृत लक्षणों का पता न लगाना। भविष्य के शोध में वीडियो या 3ष्ठ चित्र शामिल करने और व्यक्तित्व जैसे लक्षणों के प्रभाव का अध्ययन करने की आवश्यकता है।

# हंसना, रोना, टूट जाना? तो, आपने अपने पिछले ब्रेकअप के बाद क्या किया

जबकि दुख अक्सर केंद्र में होता है, यह एकमात्र भावना नहीं है जिसे लोग अनुभव करते हैं। सच्चाई यह है कि हर कोई अलग-अलग तरीके से शोक मनाता है- कुछ लोग टूट जाते हैं, कुछ फट जाते हैं, और कुछ चुपचाप उसके बाद बह जाते हैं। वास्तव में, अधिकांश लोग तीन प्रमुख भावनात्मक प्रतिक्रिया पैटर्न में से एक में आते हैं।



ब्रेकअप के बाद आप कैसे रिएक्ट करते हैं? मैं हंसी, जैसे मेरे अंदर कुछ ऐसा था जो यह मानने से इनकार कर रहा था कि अभी क्या हुआ था। फिर मैं रोयी, उस तरह का रोना जो आपके सीने में दर्द पैदा कर दे और आपके विचार बिखर जाएं। उसके बाद, मुझे ईमानदारी से याद नहीं है। अब सब कुछ धुंधला है, एक दूर का दर्द जो कभी दुनिया के अंत जैसा लगता था। ब्रेकअप गड़बड़, अप्रत्याशित और बेहद निजी होते हैं। और जबकि दुख अक्सर केंद्र में होता है, यह एकमात्र भावना नहीं है जिसे लोग अनुभव करते हैं। सच्चाई यह है कि हर कोई अलग-अलग तरीके से शोक मनाता है- कुछ लोग टूट जाते हैं, कुछ फट जाते हैं, और कुछ चुपचाप उसके बाद बह जाते हैं। वास्तव में, अधिकांश लोग तीन प्रमुख भावनात्मक प्रतिक्रिया पैटर्न में से एक में आते हैं। आइए उन्हें एक्सप्लोर करें, हो सकता है कि आप इनमें से किसी एक कहानी में खुद को थोड़ा सा देख पाएं।

इवोल्यूशनरी साइकोलॉजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने भावनात्मक पैटर्न की पहचान करने और उन्हें विशिष्ट श्रेणियों में वर्गीकृत करने के लिए लगभग 661 वयस्कों की जांच की। अध्ययन में प्रतिभागियों से पूछा गया कि अगर उनके साथी उनसे अलग हो गए तो वे कैसे व्यवहार करेंगे। परिणामों से पता चला कि अधिकांश लोगों ने उदास महसूस करने, कारण पूछने और ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों में शामिल होने की कोशिश करने की बात कही। शोधकर्ताओं ने विभिन्न प्रतिक्रियाओं के आधार पर 13 प्रमुख श्रेणियों की पहचान की, जिनमें उदासी और उत्तर चाहने से लेकर खुद को नुकसान पहुँचाने की धमकी या बदला लेने की कोशिश जैसी तीव्र प्रतिक्रियाएं शामिल थीं।

1. स्वीकृति और आगे बढ़ना- कुछ लोग ब्रेकअप को स्वीकार कर लेते हैं और आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं।

# रोज की बहस से परेशान हो गए हैं? जानिए रिश्ते में असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके



यह समझना बेहद ज़रूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न सिर्फ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं।

बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधान संभव है, बस ज़रूरत है सही नजरिए और संवाद की।

यह समझना बेहद ज़रूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न सिर्फ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से ज़रूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के ज़रिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

1. बहस के दौरान मैं क्या कुछ ऐसा करता हूं जिससे बात और बिगड़ जाती है?

बहस के दौरान कुछ व्यवहार बात को और बिगाड़ सकते हैं, जैसे कि आंखें घुमाना जो दूसरे की बातों को महत्व न देने का प्रतीक है, व्यंग्यात्मक होना जो दूसरे को चोट पहुंचा सकता है, बीच में रोकना जो अशिष्टता का प्रतीक हो सकता है, ध्यान न देना जो रुचि की कमी दर्शाता है, और असंवेदनशील व्यवहार जो बहस को और बिगाड़ सकता है।

2. बहस के दौरान मुझे क्या कुछ कहना बंद कर देना चाहिए?

बहस के दौरान कुछ बातें ऐसी होती हैं जो स्थिति को और खराब कर सकती हैं, जैसे कि व्यक्तिगत हमले करना, नकारात्मक भावनाएं व्यक्त करना जैसे कि नफरत या घृणा, अपमानजनक या अभद्र भाषा का उपयोग करना, और बच्चों जैसा व्यवहार करने के लिए कहना या अपमानित करना। इन बातों से बचना चाहिए ताकि बहस सकारात्मक और रचनात्मक बनी रहे।

3. मैं आपको किसी गरमागरम बहस के दौरान शांत करने में कैसे मदद कर सकता हूं?

गरमागरम बहस के दौरान शांत करने के लिए कुछ तरीके अपनाए जा सकते हैं, जैसे कि अपनी आवाज़ को शांत और नियंत्रित रखना, दूसरे को अपनी बात कहने और सोचने का समय देना, संदेह का लाभ देने की कोशिश करना, सहानुभूति दिखाना जैसे कि पानी का गिलास देना या कोमल स्पर्श करना, और जब दूसरा अभिभूत महसूस करे तो उन्हें थोड़ी जगह देना। इन तरीकों से बहस को शांत और रचनात्मक बनाया जा सकता है।

4. ऐसी कौन सी चीज़ें हैं जो आप चाहते हैं कि मैं हमारी उड़ानों या बहस के दौरान ज़्यादा कहता?

बहस के दौरान सकारात्मक बातें कहने से स्थिति में सुधार हो सकता है, जैसे कि सहानुभूति व्यक्त करना कि आप दूसरे की बात सुन रहे हैं और समझने की कोशिश कर रहे हैं, महत्व को स्वीकारना कि यह विषय दूसरे के लिए महत्वपूर्ण है, सहयोग का प्रस्ताव देना कि आप साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, और एकता दिखाना कि आप एक ही टीम में हैं और साथ में समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। इन बातों से बहस को सकारात्मक और रचनात्मक दिशा में ले जाया जा सकता है।

## गैस छोड़ो डायबिटीज-बीपी की तगड़ी दवा है हींग, लाखों लोगों की छूटेगी गोली, बस खाने का तरीका सही रखें



भारत में मसालों का भंडार है, जो शरीर की कई बड़ी बीमारियों का अंत कर सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट हींग को जादुई मसाला मानते हैं, जो डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं में काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह इतनी सारी दिक्कतों को खत्म कर सकता है कि लाखों लोगों की दवाई छूट सकती है। जो गैस, आईबीएस, डायबिटीज, बीपी के हल्के मरीज हैं और जिनको जीवनशैली में बदलाव करके मैनेज किया जा सकता है।

?हींग खाने के फायदे- इन खतरनाक समस्याओं को खत्म करने के लिए हींग खाने का सही तरीका पता होना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट ल्यूक कौटिन्हो ने कहा कि हमारी रसोई में यह जादुई मसाला रखा है। जिसे अक्सर गैस, पेट फूलने और खाना पचाने के लिए उपयोग करते हैं। लेकिन यह केवल एक फायदा है, इसके अलावा भी कई छिपे हुए फायदे हैं।

कुछ लोगों को राजमा, चना, फली, दाल, गोभी खाने से गैस बनने लगती है। इसके साथ ब्लोटिंग और एसिडिटी भी हो सकती है। हींग में कार्मिनेटिव प्रोपर्टी होती हैं, जो खाने को तोड़कर पचाने में आसान बनाते हैं। इसके लिए हींग को 3 तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## बर्दाश्त करने लायक नहीं 5 लक्षण, छूटते ही खराब होंगे किडनी के फिल्टर, डॉक्टर ने कहा- सही वक्त पर रोक लो



शरीर के अंदर खून की सफाई, पानी और इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन बनाने के लिए किडनी चाहिए। इसके खराब होने पर खून में टॉक्सिन बढ़ सकते हैं, जिससे दिल और दिमाग भी डैमेज हो सकता है। इसलिए किडनी की बीमारी को कभी भी हल्के में ना लें।

यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन किडनी की सबसे आम समस्या है। जिसके संकेत पेशाब में दिख सकते हैं। एशियन अस्पताल के यूरोलॉजी, किडनी और रोबोटिक सर्जरी डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. राजीव कुमार सेठिया का कहना है कि इन लक्षणों को सही वक्त पर रोक लो, वरना किडनी के छोटे-छोटे फिल्टर भी खराब हो सकते हैं।

## पुरुष न करें बेली फैट को इग्नोर, बड़ी समस्या की है निशानी, न्यूट्रिशनिस्ट ने बताए 5 तरीके



आपने अक्सर ये देखा होगा कि पुरुष जब भी वेट गेन करते हैं तो सबसे ज्यादा उनके बेली एरिया पर फैट जम जाता है। लेकिन क्या आप ये जानते हैं ऐसा हार्मोनल असंतुलन की वजह से हो सकता है। महिलाएं अपने हॉर्मोनल हेल्थ को काफी सीरियस लेती हैं, लेकिन पुरुष अक्सर इसे इग्नोर कर देते हैं।

लेकिन अगर पुरुषों के शरीर में भी हॉर्मोन्स इधर-उधर हो जाएं तो उनका बेली फैट बढ़ सकता है। डाइटीशियन रमिता कौर के मुताबिक, ऐसे दो हॉर्मोन्स हैं जो पुरुषों में तोंद निकलने की वजह बन सकते हैं और ये हैं कोर्टिसोल और टेस्टोस्टेरोन।

अगर शरीर में कोर्टिसोल हाई हो जाए तो इससे पेट में चर्बी जमा होने लगती है। वहीं, अगर टेस्टोस्टेरोन कम हो जाए तो यह कम मांसपेशियों और अधिक वसा संचय की वजह बन सकता है। लेकिन आप कुछ आसान होम रेमिडीज से इसे कम कर सकते हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।

# आंखों में ड्रॉप डालने के बाद रखते हैं आंखें खुलीं, आईसाइट हो सकती है डैमेज एक्सपर्ट ने बताया



आंखों की देखभाल में सावधानी बेहद ज़रूरी है। कई बार हम आंखों की परेशानी में तुरंत कोई आई ड्रॉप इस्तेमाल कर लेते हैं, लेकिन बिना डॉक्टर की सलाह के ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है। आई ड्रॉप्स की गलत उपयोग विधि नजर को धीरे-धीरे कमजोर कर सकती है, यहां तक कि गंभीर स्थिति में स्थायी नुकसान भी पहुंचा सकती है।

डॉक्टर महिपाल सचदेवा, चेयरमैन सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल, के मुताबिक कई लोग ड्रॉपर को आंख से छुआ देते हैं या बिना हाथ धोए ही ड्रॉप लगा लेते हैं, जिससे बैक्टीरियल इन्फेक्शन हो सकता है। वहीं कुछ लोग ड्रॉप डालकर तुरंत आंख खोल लेते हैं या पलकों को मलते हैं, जिससे दवा का असर कम हो जाता है। सबसे आम गलती है—ओपन बॉटल को एक महीने से ज़्यादा इस्तेमाल करना, जिससे रासायनिक कंपोजि़शन बदल सकता है।

इन सभी कारणों से आंखों में जलन, खुजली, धुंधला दिखना या एलर्जी जैसे लक्षण उभर सकते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि हम न केवल सही ड्रॉप का चयन करें, बल्कि उसकी सही तकनीक से इस्तेमाल भी जानें। इस लेख में हम 7 सबसे सामान्य लेकिन खतरनाक गलतियों और उन्हें ठीक करने के उपायों को आसान भाषा में समझाएंगे।

# दूध-पनीर की बाप हैं 6 चीजें, हड्डियों को देंगी 21 गुना Calcium, लोहा लाट बनेगा ढांचा

अगर आपको हड्डियों और दांतों से जुड़ी समस्याएं जैसे हड्डियों का कमजोर होना, बार-बार हड्डी में फ्रैक्चर होना, पीठ और घुटनों में दर्द, हड्डियों का सही विकास न होना, दांतों में कमजोरी जैसे लक्षण महसूस होते हैं, तो इसका मतलब है कि आपके शरीर में कैल्शियम की कमी हो गई है।

कैल्शियम शरीर के लिए एक जरूरी मिनरल है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने के साथ-साथ दिल, मांसपेशियों और नर्व सिस्टम को भी सही ढंग से काम करने में मदद करता है। जब शरीर में कैल्शियम की मात्रा कम हो जाती है, तो कई प्रकार के शारीरिक और मानसिक लक्षण दिखने लगते हैं। ये लक्षण धीरे-धीरे विकसित होते हैं और समय पर ध्यान न देने पर गंभीर बीमारियों में बदल सकते हैं।

कैल्शियम की कमी कैसे दूर करें? अक्सर लोग समझते हैं कि दूध, दही या पनीर जैसी दूध से बनी चीजों या बादाम आदि में ज्यादा कैल्शियम पाया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके आसपास मौजूद कुछ चीजों में इनसे ज्यादा कैल्शियम ओआया जाता है। न्यूट्रीशन कोच रयान फर्नांडो आपको ऐसे ही फूड्स के बारे में बता रहे हैं।



# Heart Attack से 5 मिनट पहले दिख जाते हैं 8 लक्षण, Dr ने बताया तुरंत शुरू करें 4 काम, बच जाएगी जान

हार्ट अटैक तब होता है जब दिल को खून पहुंचाने वाली किसी धमनियों में अचानक ब्लॉकेज हो जाती है। इस वजह से दिल को ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं मिलते, जिससे दिल की मांसपेशियां डैमेज होने लगती हैं। अगर समय पर इलाज न मिले, तो हार्ट अटैक जानलेवा हो सकता है।

एक्सपर्ट मानते हैं कि अगर सही समय पर हार्ट अटैक के लक्षणों को पहचान लिए जाए, तो मौत के जोखिम को कम किया जा सकता है। यही वजह है कि हार्ट के संकेत और लक्षणों को पहचानना बेहद जरूरी है। हार्ट अटैक एक इमरजेंसी कंडीशन लेकिन अगर इसके लक्षणों को समय पर पहचान लिया जाए तो जान बचाई जा सकती है।

%कपिल त्यागी आयुर्वेद क्लिनिक% के डायरेक्टर कपिल त्यागी के अनुसार, हार्ट अटैक के लक्षणों का सही समय पर पता नहीं चल पाता है। हालांकि कुछ एक्सपर्ट मानते हैं कि हार्ट के लक्षण एक महीने पहले दिखना शुरू हो जाते हैं। अगर किसी को हार्ट अटैक आने वाला है, तो कुछ लक्षण पांच या कुछ मिनट पहले भी दिख सकते हैं। इस कंडीशन में कुछ उपाय करके मरीज की जान बचाई जा सकती है।



## अच्छी डाइट फॉलो करने के बाद भी हरदम होती है थकान, तो ये वजहें हो सकती हैं जिम्मेदार



अगर आप हेल्दी फूड ले रहे हैं, लेकिन फिर भी अगर आपको रात में ठीक से नींद नहीं आ रही हैं तो आपकी बॉडी अदंर से थकी-थकी महसूस करेगी। 7-8 घंटे की क्वालिटी स्लीप ना लेने से आपका माइंड हैवी फील होगा और मूड भी चिढ़चिढ़ा रहेगा।
अक्सर यह कहा जाता है कि हेल्दी लाइफ जीने के लिए हेल्दी डाइट लेना बेहद जरूरी है। लेकिन अगर आप अपनी डाइट पर पूरी तरह से फोकस कर रहे हैं। अपने वाटर इनटेक से लेकर प्रोटीन इनटेक व फल व सब्जियों आदि का सेवन करते हो, लेकिन फिर भी आपको थकान का अहसास होता है, नींद आने लगती है या फिर काम करने का मन नहीं करता, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है।

अक्सर लोग यही सोचते हैं कि आखिरकार वे क्या गलती कर रहे हैं, जिससे पर्याप्त पोषण लेने के बाद भी उनके शरीर में वह एनर्जी नहीं है। हो सकता है कि आप यह सोच रहे हों कि बस अच्छा खाना खा लेने से ही सारी ताकत मिल जाएगी, तो आप गलत है। थकान सिर्फ पेट भरने से नहीं जाती, बस इसका सीधा कनेक्शन हमारी नींद, स्ट्रेस, हार्मोन्स और दिनचर्या से भी होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ कारणों के बारे में बता रहे हैं, जिसकी वजह से अच्छी डाइट लेने के बाद भी आपको थकान का अहसास हो सकता है-

नींद पूरी ना लेना

अगर आप हेल्दी फूड ले रहे हैं, लेकिन फिर भी अगर आपको रात में ठीक से नींद नहीं आ रही हैं तो आपकी बॉडी अदंर से थकी-थकी महसूस करेगी। 7-8 घंटे की क्वालिटी स्लीप ना लेने से आपका माइंड हैवी फील होगा और मूड भी चिढ़चिढ़ा रहेगा।
सिर्फ अच्छा खाना ही आपको एनर्जेटिक फील नहीं करवाता, बल्कि इसके लिए आपका टेंशन फ्री होना भी जरूरी है। अगर आपका दिमाग हर वक्त चिंताओं से घिरा रहता है, तो बॉडी की एनर्जी वैसे ही खत्म होती जाती है। फिर चाहे खाना कितना भी बि?या खा लो, थकावट बनी ही रहेगी।



"जीवन में विजेता कुछ अलग नहीं करते परंतु वह चीजों को ही अलग तरीके से करते हैं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# राहुल गांधी से मिले नेता प्रतिपक्ष जूली और सचिन पायलट

## लड्डू खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी, बोले- वंचित तबकों की आवाज हैं राहुल गांधी

बढ़ता राजस्थान

**दिल्ली/ जयपुर ( का.स. )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी है। राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात कर उन्हें लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने राहुल गांधी को गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। राहुल गांधी ने जन्मदिन के मौके पर दिल्ली में पुराने कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। राहुल गांधी से मिलने के दौरान राजस्थान के कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद जूली ने एक्स पर लिखा- देश के जनप्रिय नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर गुरुवार को AICC मुख्यालय में उनका मुंह मीठा करवाकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय, आदिवासी अस्मिता और दलितों, वंचितों और कमजोर वर्ग के अधिकारों के लिए राहुल जी के प्रयास सराहनीय हैं। राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर सचिन पायलट फुले फिल्म के विशेष शो में शामिल हुए। पायलट ने एक्स पर लिखा- राहुल गांधी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में NSUI द्वारा फुले फिल्म के



विशेष शो में शामिल हुआ। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले ने आजीवन सामाजिक भेदभाव के खिलाफ बदलाव लाने के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।राहुल गांधी से मुलाकात के बाद टीकाराम जूली ने कहा- राहुल गांधी देश भर में कमजोर, वंचित वर्गों की आवाज हैं। कमजोर तबके के हक अधिकारों के लिए वे सजग प्रहारी बनकर उभरे हैं। देश के संविधान की रक्षा हो या कमजोर तबके के अधिकारों का मुद्दा राहुल गांधी हमेशा आगे रहे हैं।

### ज्ञानदेव आहूजा के मंदिर में गंगाजल छिड़कने के विवाद से राहुल गांधी की निगाहों में आए थे जूली

टीकाराम जूली मंदिर विवाद के बाद राहुल गांधी की निगाहों में आए। जूली ने इस साल रामनवमी पर अलवर के मंदिर में जाकर दर्शन किए थे, इसके बाद पूर्व बीजेपी विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने गंगाजल छिड़ककर मंदिर को धोया। कांग्रेस ने इसे दलित वर्ग से आने वाले नेता प्रतिपक्ष का अपमान बताते हुए राष्ट्रीय मुद्दा बनाया था। इस घटना के कुछ दिन बाद ही अहमदाबाद में कांग्रेस का सम्मेलन था। उस सम्मेलन में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने जूली का नाम लेकर घटना का जिक्र करते हुए बीजेपी पर हमला बोला था।

राहुल गांधी ने जूली का नाम लेकर उन्हें मंच पर बुलाया था, हालांकि उस समय वे जयपुर के लिए रवाना हो गए थे। उस घटना के बाद से जूली का नाम कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के बीच पहचाना जाने लगा है।

# सोनम और राज दो दिन और पुलिस रिमांड पर: राजा मर्डर केस के बाकी तीन आरोपियों को 14 दिन न्यायिक हिरासत में भेजा

बढ़ता राजस्थान

अमित सालगट (एजेंसी)। शिलॉन्ग पुलिस आरोपियों को कोर्ट लेकर पहुंची। कोर्ट में आरोपियों की रिमांड बढ़ा दी। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के पांचों आरोपियों को शिलॉन्ग पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सोनम रघुवंशी और राज कुशवाह को दो दिन और पुलिस रिमांड पर सौंपा है। वहीं बाकी तीन आरोपियों विशाल चौहान, आनंद कुर्मी और आकाश राजपूत को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।इससे पहले पुलिस ने सभी आरोपियों का शिलॉन्ग के सिविल अस्पताल में मेडिकल चेकअप कराया। राजा की पत्नी सोनम समेत सभी आरोपी 18 जून तक पुलिस रिमांड में थे। इस दौरान शिलॉन्ग पुलिस ने पांचों आरोपियों से वारदात का रीक्रिएशन भी कराया।इधर, शिलॉन्ग पुलिस की एक टीम इंदौर में है। गुरुवार को यहां क्राइम ब्रांच थाने में सोनम के यहां काम करने वाले तीन कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाया। इनमें दो युवतियां शामिल हैं। पुलिस ने सोनम को इंदौर से यूपी छो?ने गए टैक्सी ड्राइवर से भी एक घंटे पूछताछ की।



### राजा का भाई बोला- 8 दिन रिमांड और बढ़ाना चाहिए

राजा के भाई विपिन ने भी शिलॉन्ग में सोनम और सभी आरोपियों की पुलिस रिमांड और बढ़ाने की मांग की है। विपिन ने कहा- सोनम ने जुर्म कबूल नहीं किया है, वो पुलिस को गुमराह कर रही है। सोनम और बाकी सभी आरोपियों से सच्चाई निकलवानी है, तो इनकी रिमांड को आठ दिन और बढ़ाना जरूरी है। विपिन ने कहा- अभी भी बहुत सारी बातें हैं जो छिपी हुई हैं। शिलॉन्ग पुलिस ने हम सभी से सोनम के व्यवहार के बारे में पूछताछ की, जैसे सोनम कितने दिन घर में रही, क्या उस पर शक हुआ, फोन यूज करते हुए देखा।

# राज्यपाल बोले-महिलाओं की संख्या ज्यादा होगी तो हमारा क्या होगा?

## पहले सरकारी ऑफिस में ज्यादातर पुरुष ही देखने को मिलते थे, अब स्थिति बदल गई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा- पहले जब वे 18-20 साल के थे, तब सरकारी कार्यालयों में ज्यादातर पुरुष ही दिखाई देते थे, लेकिन अब स्थितियां पूरी तरह बदल गई है। इस दौरान राज्यपाल ने एक स्कूल का किस्सा सुनाया।

उन्होंने कहा- एक 5वीं तक के स्कूल में सभी कर्मचारी महिलाएं थीं। केवल एक पुरुष था, जो साफ-सफाई का काम करता था। एक दिन स्कूल में सांप आ गया। सभी महिलाएं चिल्लाने लगीं- पुरुष को बुलाओ, पुरुष को बुलाओ। मजे की बात यह कि वह पुरुष कर्मचारी भी यही चिल्ला रहा था - पुरुष को बुलाओ, पुरुष को बुलाओ। मैं विनती करता हूं कि ऐसी स्थिति न आए। राज्यपाल ने आगे कहा- आज ऑफिसों में आधी संख्या महिलाओं की है और आधी पुरुषों की। लेकिन जिस तरह से छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। इससे ऐसा लगता है कि आने वाले समय में सभी ऑफिसों में महिलाओं की संख्या ज्यादा होगी। तो हमारा क्या होगा? दरअसल, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे गुरुवार को कोटा कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में यह बात कही थी। राज्यपाल ने यहां छात्र-छात्राओं को डिग्रियां और पदक वितरित किए। 343 डिग्रीधारकों में से 140 छात्राएं थीं और 14 पदकों में से 9 पदक छात्राओं ने प्राप्त किए।



### रासायनिक खेती से बचें, जैविक खेती अपनाएं

राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में रासायनिक खेती के खतरों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने गंगानगर का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां बड़ी संख्या में लोग कैंसर से पीड़ित हैं। उन्होंने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आग्रह किया और कहा कि अनाज के साथ-साथ फलों की खेती पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

### बढ़ती आबादी के लिए कृषि उत्पादन बढ़ाना जरूरी

राज्यपाल ने जनसंख्या वृद्धि पर चिंता जताते हुए कहा- 1951 में भारत की आबादी 37 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 147 करोड़ हो गई है। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले 80 सालों में यह आबादी 292 करोड़ तक पहुंच सकती है। इसलिए भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए कृषि उत्पादन बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।

### रिसर्च से ही कृषि का विकास संभव

राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा- भारत की शिक्षा पद्धति प्राचीन काल से ही महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने रिसर्च के माध्यम से किसानों को आगे बढ़ाने के लिए नए तरीके खोजें और कृषि क्षेत्र में नवाचार करें।

# सामूहिक प्रयासों से ही होगा सिकल सेल एनीमिया का उन्मूलन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत उदयपुर जिले के महाराणा भूपाल राजकीय अस्पताल में सेंटर ऑफ कम्पीटेंस फॉर सिकल सेल डिजी के तत्वावधान में राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम गुरूवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराडी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कायक्रम को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री खराडी ने कहा कि बीमारियों का खात्मा सरकार का कर्तव्य है। इस दिशा में सरकार निरंतर प्रयासरत है। सिकल सेल एनीमिया बीमारी जनजाति क्षेत्र में अधिक व्याप्त है। इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की दरकार है। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक बीमारी के संबंध में जागरूक करते हुए उपचार के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता जताई। खराडी ने 'स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ समाज, स्वस्थ देश' का नारा देते हुए सभी की सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में सिकल सेल मिशन, इस बीमारी के कारण, लक्षण, निदान और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य आकर्षण के रूप में दो विशेष टेबल्स पर नि:शुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

# योग को लेकर आमजन में दिख रहा उत्साह, कर रहे योगाभ्यास



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स )।** एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर मनाये जा रहे 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग एवं विभिन्न योग संस्थानों के तत्वाधान में जयपुर महानगर के 13 प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों-एस.एम.एस स्टेडियम, अल्बर्ट हाल, हवामहल, आमेर महल, बिरला मंदिर, श्री गोविंद देव जी मंदिर, श्री गलता जी मंदिर, जलमहल, पत्रिका गेट, सिटी पार्क, सेंट्रल पार्क, सिटी पैलेस, जयगढ पर प्रात: 07.00 बजे योग का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम करवाया गया।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

## बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने को लेकर अभियंता पूरी तरह गंभीर रहें और तत्परता दिखाएं - अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स ) ।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत ने कहा कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के तहत स्वीकृत हैंडपंप एवं नलकूप निर्माण से संबंधित कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिए कि बजट में घोषित सभी परियोजनाओं को भी निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित अधीक्षण अभियंताओं के साथ बजट घोषणा, अमृत 2.0, अवैध जल



कनेक्शन सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बजट घोषणा 2025-26 के तहत स्वीकृत हैण्डपम्प निर्माण में दौसा जिले की शून्य प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिन कार्यों की वित्तीय स्वीकृति जारी हुई है उनका निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए साथ ही मुख्यालय स्तर से इन कार्यों की नियमित रूप मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### अवैध कनेक्शन के विरुद्ध हो प्रभावी कार्यवाही

सावंत ने कहा कि मुख्य सचिव के निर्देश पर अवैध कनेक्शन लेने वालों के विरुद्ध 22 मार्च से संचालित अभियान में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अवैध कनेक्शनों के चिन्हीकरण के बाद उनके नियमितिकरण के लिए भी विशेष प्रयास किये जाएं। उन्होंने अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई नहीं करने वाले अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने एवं राइजिंग मेन लाइन से अवैध कनेक्शन लेने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शन की वजह से जो वाटर सप्लाई बाधित हो रही है, उन्हें हटाने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिससे अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति को भी पानी मिल सके।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश-7 दिन बाद मिला पायल का शव

बढ़ता राजस्थान


**उदयपुर ( नि.स. )।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में लंदन पढाई के लिए जा रही उदयपुर की पायल खटीक की मौत हो गई थी। परिजन पायल का शव लेकर आज गोगुंदा पहुंचे।गांव में जैसे ही एम्बुलेंस पहुंची तो मातम छा गया।

# मंत्री किरोडीलाल ने उदयपुर में खाद फैक्ट्री पर छापा मारा-बोले-एसएसपी खाद में मिलावट कर बेच रहे, घटिया माल से किसानों को मत लूटो

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. ) ।** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा गुरुवार को उदयपुर में खाद बनाने वाली एक फैक्ट्री पर छापा मारा। इस फैक्ट्री में सिंगल सुपर फास्फेट खाद बनाया जाता है, जिसमें बड़े स्तर पर मिलावट होना सामने आया था। उमरडा स्थित पटेल फास्फोरस कंपनी में मंत्री ने खाद के सैंपल लिए। मंत्री ने सैंपल हाथ में लेकर कहा- इसमें मिलावट है। इसके बाद आसपास की फैक्ट्रियों में भी जांच की।

मंत्री किरोडी ने कहा- स्स्क खाद में मिलावट की जानकारी मिली थी। ये लोग सल्फ्यूरिक एसिड की घटिया क्वालिटी डालते है। ये पत्थर गलते नहीं है और ये किसान के काम का नहीं रहता है।



इसमें कंटेंट जितना होना चाहिए उतना नहीं मिला। पहले हमारे अधिकारियों ने 6 बार जांच कर ली थी। मई में अलग-अलग सैंपल लिए गए थे, जो मानकों पर खरे नहीं उतरे। उन्होंने कहा- पहले भी शिकायत मिली थी। केंद्र की टीम भी यहां आकर गई थी। इस फैक्ट्री में 6 महीने तक इनकी सब्सडी सस्पेंड रखी है लेकिन ये सुधर नहीं रहे है। किसान के साथ धोखा कर रहे है।इस कंपनी को एक बैग पर 388 रुपए की सब्सिडी तो भारत सरकार देती है, जिसे ये खा ही जाते है और अब घटिया प्रोडक्ट बनाकर किसान को लूट रहे है। कृषि मंत्री लगातार अलग-अलग जिलों में खाद्य और नकली बीज को लेकर फैक्ट्रियों में निरीक्षण कर रहे हैं।

खाद में घटिया क्वालिटी का रॉक फॉस्फेट मिला रहे थे मंत्री ने कहा- सभी फर्मों को देखेंगे और सभी को कहेंगे कि अपनी क्वालिटी सुधारें। किसानों को बर्बाद मत करो। इनको 388 रुपए की सब्सिडी भारत सरकार देती है। ये सब्सिडी खा जाते हैं और घटिया माल बनाकर किसान को लूट रहे हैं। नकली और घटिया माल बनाने वाली कंपनियों के सैंपल लेकर टेस्ट करवाएंगे।उन्होंने कहा- सरकार इन फैक्ट्री वालों को प्रमोट कर एसएसपी (सिंगल सुपरफॉस्फेट) खाद के 50 किलो के बैग पर 388 रुपए की सब्सिडी दे रही है, लेकिन इन बैग में मिलावट मिली। हमें शिकायत मिली कि इसमें रॉक फॉस्फेट घटिया गुणवत्ता का उपयोग कर रहे थे। शिकायत सही मिली है।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com



स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार